उन्होंने बताया कि इस दुर्घटना में निजी बस के चालक और क्लस्टर बस के तीन यात्रियों सहित चार और लोग भी घायल हो गए। पुलिस ने बताया कि दुर्घटना की सूचना सुबह नौ बजे मिली।मौके पर पहुंची पुलिस ने बताया कि मजदूरों को नये संसद भवन निर्माण स्थल पर ले जा रही बस पटेल नगर में मुख्य यातायात लाइट पर पीछे से क्लस्टर बस से टकरा गयी।उन्होंने बताया कि इस टक्कर में निजी बस के चालक जगमोहन (44) सहित कुल 28 लोग घायल हो गए। पुलिस उपायुक्त (मध्य) श्वेता चौहान ने बताया कि घायलों को पहले पटेल नगर के सरदार वल्लभ भाई पटेल अस्पताल ले जाया गया। अस्पताल में क्लस्टर बस में सवार तीन घायल यात्रियों को प्राथमिक उपचार के बाद छुट्टी दे दी गयी। वहीं, निजी बस के चालक और मजदूरों को आगे के उपचार के लिए राम मनोहर लोहिया अस्पताल में स्थानांतरित कर दिया गया। चौहान ने बताया कि निजी बस के चालक जगमोहन अभी भी बेहोश थे। पुलिस ने कहा कि वे दुर्घटना के कारण का पता लगाने की कोशिश कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि आवश्यक कानूनी कार्वाई की जा रही है।

# विश्वास नगर के स्कूल में पौधारोपण किया रोहित अग्रवाल और राज कुमार धिगान ने


पौधारोपण अभियान में रोहित अग्रवाल तथा अन्य।

नई दिल्ली ( वीर अर्जुन ) । राजकीय उच्चतर माध्यमिक बाल विद्यालय विश्वास नगर दिल्ली में स्कूल मैनेजमेंट कमेटी ( एस.एम.सी.) द्वारा भारत माता पूजन एवम् वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस मौके पर प्रसिद्ध समाजसेवी रोहित अग्रवाल व राजकुमार धिंगान, मुख्यअतिथि के रूप में आमंत्रित थे इस मौके पर भारत माता के चित्र पर माला अर्पणकर पूजन के बाद स्कूल के छात्रों में क्रांतिकारियों के जीवन , बलिदानों के बारे में जानकारी दी गई। भारत माता कार्यक्रम के बाद पौधारोपण कार्यक्रम किया गया। इस मौके पर मुख्य अतिथि रोहित अग्रवाल, विधायक प्रतिनिधि राजकुमार धींगान, प्रधानाचार्य रमेशचंद मीना, वाइस चेयरमैन दीपक कुमार, वरिष्ठ अध्यापक राकेश दुबे,केकेएस. राघव, विष्णु ठाकुर, अध्यापक यतेन्द्र कुमार इत्यादि उपस्थित थे।

# स्वाथ्य शिविर का आयोजन

**वीर अर्जुन संवाददाता**

नई दिल्ली। कालरा अस्पताल में एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमे हार्ट रोग से पीड़ित मरीजों की निशुल्क जांच की गई ।इस अवसर पर हार्ट रोग विशेषज्ञ डॉ आर एन कालरा ने कहा कि समय-समय पर हार्ट की जांच कराने से समय रहते हार्ट अटेक जेसी बीमारी से बचा जा सकता है ।उन्होंने कहा कि नियमित रूप से व्यायाम करें


कालरा अस्पताल के हार्ट रोग विशेषज्ञ डॉं आर एन कालरा

।क्योंकि जागरुकता के अभाव में युवाओं में भी हार्ट डिज़ीज़ की शिकायतें आ रही । डा आर एन कालरा ने कहा कि इस बार दिल्ली में में कोरोना के साथ मंकीपोक्स जेसी बीमारी है ।इस बीमारी से सावधानी बरतने की जरूरत है ।उन्होंने कहा कि जागरुकता से तमाम बिमारियों से बचा जा सकता है ।शिविर मैं 234 लोगों के स्वास्थ की जांच की गई है ।

# भूपेन हजारिका के प्रसिद्ध गीत 'एक कली दो पत्तियां' पर बिहू नृत्य कर छात्राओं ने जीता दर्शकों का दिल

**वीर अर्जुन संवाददाता**

नई दिल्ली। विश्व प्रकृति संरक्षण दिवस के अवसर पर इंदिरापुरम स्थित सेंट थॉमस स्कूल में सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन कयिा गया। इस दौरान अलग-अलग कक्षाओं की छात्राओं ने असम के प्रसिद्ध गायक भूपेन हजारिका के प्रसिद्ध गीत पर मनमोहक प्रस्तुत दी गई।

खासकर 'एक कली दो पत्तियां" पर असम के पारंपरिक बिहू नृत्य पर छात्राओं ने प्रस्तुति देकर ऑडिटोरियम में मौजूद सभी दर्शकों का दिल जीत लिया दर्शकों ने तालियों की जोरदार गड़गड़ाहट से छात्राओं का उत्साहवर्धन किया इस नृत्य का निर्देशन, कोरियोग्राफी कक्षा आठ की छात्रा वाणी शंकर द्वारा और मार्गदर्शन शिक्षिका राखी दीवान द्वारा किया गया स्कूला ऑडिटोरयिम में आयोजित पारंपरिक नृत्य बिहू में कक्षा छह, सात और आठ की 17



छात्राओं ने भाग लिया।असम के प्रसिद्ध गायक भूपेन हजारिका के गीत 9एक कली दो पत्तियां-नाज़ुक नाज़ुक उंगलियां, तोड़ रही हैं कौन ये- एक कली दो पत्तियां-रतनपुर बागीचे में" में नृत्य कर छात्राओं ने वहां मौजूद दर्शकों का मनमोह लिया इस मनमोहक प्रस्तुति को देख पूरा सभागार तालियों से गूंज उठा।बिहू और झूमर असम के पारंपरिक डांस हैं झूमर नृत्य आदिवासी समुदाय के प्रमुख नृत्य में से एक है नृत्य में कक्षा सात की अतिशा सिंह, ईशानी मुखर्जी, दिशा शर्मा, हिमांगी सुनोला और समृद्धि टंडन के साथ आयुषी शर्मा, साक्षी चौधरी, वेदांशी, अविशी तिवारी, ईशानी नंदी, सारा मिर्जा समेत कई छात्राओं ने भाग लिया छात्राओं के इस प्रयास की वहां मौजूद दर्शकों और शिक्षकों ने जमकर सराहना की।

# डीसीडब्ल्यू ने महिलाओं को ठगे जाने के विषय पर तीन वैवाहिक साइटों को भेजा नोटिस

नई दिल्ली, (वीअ)। वैवाहिक साइटों पर खुद को उपयुक्त वर के तौर पर पेशकर पुरुषों द्वारा महिलाओं को ठगे जाने की घटनाओं का संज्ञान लेते हुए दिल्ली महिला आयोग (डीसीडब्ल्यू) ने ऐसी तीन साइटों को नोटिस भेजा है। आयोग ने 12 अगस्त तक उनसे जवाब मांगा है।

उसने कहा कि दिल्ली से एक ऐसा मामला सामने आया है, जिसमें एक व्यक्ति को 100 से अधिक महिलाओं को ठगने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। वह वैवाहिक साइटों पर फर्जी प्रोफाइल बनाकर शादी की पेशकश करता था और फिर उनसे पैसा ऐंठता था।

उसने कहा कि दूसरा मामला ओडिशा का है, जहां एक व्यक्ति ने पिछले कुछ वर्षों में इसी तरीके से 27 महिलाओं से शादी की। आयोग के एक बयान में कहा गया है, इस संबंध में आयोग ने जांच शुरू की है। डीसीडब्ल्यू अध्यक्ष स्वाति मालीवाल ने जीवनसाथी डॉट कॉम, शादी डॉट कॉम और भारत मैट्रीमोनी डॉट कॉम को नोटिस जारी किया है और उनसे सूचना मांगी है। आयोग ने इन वैवाहिक साइटों को महिला उपयोगकर्ताओं की सुरक्षा तथा फर्जी प्रोफाइल बनाने से रोकने के लिए उनके द्वारा उठाये गये कदमों की जानकारी देने को कहा है। उसने कहा, आयोग ने जानना चाहा है कि क्या इन पोर्टलों पर प्रोफाइल बनाने के लिए आधार कार्ड या अन्य फोटो पहचान दस्तावेज की जरूरत होती है। आयोग ने फर्जी प्रोफाइल, सूचना छिपाने, यौन उत्पीड़न, ब्लैकमेल करने, पैसा ऐंठने आदि के बारे में पोर्टल को मिली शिकायतों तथा उसके सिलसिले में उठाये गये कदमों का विवरण भी मांगा है। आयोग ने प्रोफाइलों को काली सूची में डालने से जुड़ी मानक संचालन प्रक्रिया तथा 2018 से काली सूची में डाले गये ऐसे प्रोफाइलों की संख्या भी बताने को कहा है।

# दिल्ली में मंकीपॉक्स के पहले मरीज को अस्पताल से मिली छुट्टी

नई दिल्ली, (वीअ)। लोक नायक जयप्रकाश (एलएनजेपी) अस्पताल में भर्ती दिल्ली के मंकीपॉक्स के पहले मरीज को छुट्टी दे दी गई। वरिष्ठ अधिकारियों ने मंगलवार को यह जानकारी दी। पश्चिमी दिल्ली का यह निवासी (34) पिछले महीने मंकीपॉक्स से संक्रमित पाया गया था। अधिकारियों ने बताया कि उनके संपर्क में आए चिकित्सक सहित 14 लोगों को पृथक किया गया, लेकिन इनमें से किसी में भी कोई लक्षण नहीं दिखा। उन्होंने बताया कि उसे सोमवार रात अस्पताल से छुट्टी दे दी गई। इस बीच, शहर के दूसरे मंकीपॉक्स के मरीज तथा नाइजीरियाई नागरिक की हालत स्थिर है। उन्होंने बताया कि उसे बुखार है, त्वचा पर फोड़े हैं। इलाज के लिए उसे दिल्ली सरकार द्वारा संचालित एलएनजेपी अस्पताल में चिकित्सकों की निगरानी में रखा गया है।

अधिकारियों ने बताया कि अन्य दो संदिग्ध मरीजों की रिपोर्ट अभी नहीं आई है। देश में अब तक मंकीपॉक्स के सात मामले सामने आ चुके हैं, जिनमें से दो मामले दिल्ली के थे।

# केआर वर्मा बने हिमाचल फेडरेशन सोशल बॉडीज फेडरेशन दिल्ली के चेयरमैन

**वीर अर्जुन संवाददाता**

नई दिल्ली। हिमाचल सोशल बॉडीज फैडरेशन दिल्ली के चुनाव हुए जिसमें सर्वसहमति से के आर वर्मा जो कि धरमपुर, मंडी के रहने वाले हैं और वर्तमान में हिमाचल मंडी जन कल्याण सभा दिल्ली के अध्यक्ष भी हैं, को फेडरेशन का चेयरमैन, रतन पहल,वरिष्ठ वाइस चेयरमैन, अश्वनी कुमार, महासचिव, किशोरी लाल शर्मा कोषाध्यक्ष, व अन्य कई संस्थाओं के प्रतिनिधियों को कार्यकारिणी में विभिन्न पदों के लिए चुना गया। हिमाचल सोशल बॉडीज फेडरेशन से संबंधित लगभग दो दर्जन हिमाचली संस्थाओं , जो कि दिल्ली एनसीआर में लाखों हिमाचलियो का प्रतिनिधित्व करती हैं इन चुनावों में भाग लिया । चुनाव कार्यक्रम से पहले फैडरेशन के पूर्व चेयरमैन आर के शर्मा ने उनके


के आर वर्मा

कार्यकाल के दौरान सभी संस्थाओं द्वारा उन्हें दिए गए योगदान के लिए आभार प्रकट किया,वहीं नवनिर्वाचित चेयरमैन श्री केआर वर्मा द्वारा भी अपने भाषण में हिमाचाल सोशल बॉडीज फेडरेशन दिल्ली ,जो कि दिल्ली एनसीआर में हिमाचलीओं की सर्वोच्च संस्था है,से संबंधित सभी संस्थाओं के प्रतिनिधियों का उन्हें 'चेयरमैन' चुनने के लिए हार्दिक आभार जताया। के आर वर्मा द्वारा आश्वासन दिया कि नवनिर्वाचित कार्यकारिणी के सभी सदस्य, इस फेडरेशन के सभी पूर्व कार्यकारिणीयों द्वारा समय-समय पर अपने प्रयासों से फेडरेशन को आज जिस आयाम पर पहुंचाया है, उसे और आगे ले जाने के लिए प्रयत्नशील रहेंगे ।

वर्मा ने कहा कि समाज सेवा में उनके कई दशकों के अनुभव है उनका मानना है कि अकेला व्यक्ति चाहे कितना भी समर्थ क्यों ना हो सामाजिक कार्यों के क्षेत्र में समाज के हर वर्ग से सहयोग के बगैर पूर्ण सफलता संभव नहीं है । इसलिए उनका प्रयास रहेगा कि हमेशा सबको साथ लेकर और सबसे मिलकर अपने लक्ष्य को प्राप्त कर करेंगे। दिल्ली एनसीआर की सभी संस्थाओं ने के आर वर्मा को फेडरेशन दिल्ली का चेयरमैन बनने पर बधाई दी।

# व्लॉगर के बच्चे को लेख में घसीटने पर अदालत ने अखबार को फटकारा, मीडिया से स्व-नियमन की बात कही

नई दिल्ली, (विसं)। दिल्ली उच्च न्यायालय ने एक अखबार के लेख में एक व्लॉगर के बच्चे को घसीटे जाने पर नाराजगी जताते हुए मंगलवार को कहा कि वह अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता को अच्छी तरह समझता है और मीडिया को स्व-नियमन करना चाहिए। इसने कहा कि आलोचना ऐसी होनी चाहिए जो उचित एवं निष्पक्ष हो।न्यायमूर्ति सिद्धार्थ मृदुल और न्यायमूर्ति अमित शर्मा की पीठ ने कहा कि बच्चे दुष्प्रचार के पीड़ित नहीं बनाए जाने चाहिए।

पीठ ने कहा, आप उसके बारे में जो चाहें कह सकते हैं। लेकिन यह कहकर उसके परिवार को निशाना न बनाएं और बच्चे की मानसिक स्थिति को लेकर टिप्पणी न करें... मुद्दा यह है कि हम उस बच्चे के किसी भी संदर्भ से पूरी तरह से नाखुश हैं। अदालत ने कहा, हम अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता को पूरी तरह से समझते हैं। लेकिन यह स्व-नियमन है और हम ऐसा नहीं कह रहे हैं। उच्चतम न्यायालय की एक संविधान पीठ ने जब मीडिया को विनियमित करने के मुद्दे पर विचार किया, तो इसने स्व-नियमन की बात कही थी। इसलिए, हम उम्मीद करते हैं कि आप अपने आपको विनियमित करें।

अदालत ने इस बात पर जोर दिया कि किसी को कार्वाई की आलोचना करनी चाहिए, न कि व्यक्ति की।पीठ ने कहा, कृपया इस पर बहस करें लेकिन इसे बच्चों तक न ले जाएं। आपको उनकी टिप्पणी अरुचिकर लगती है तो कृपया आगे बढ़ें और अपने विचार व्यक्त करें लेकिन इसे इससे आगे न ले जाएं। न्यायमूर्ति मृदुल ने कहा कि जब भी कोई अदालत कोई आदेश पारित करती है, तो आलोचना आदेश की होनी चाहिए, न कि न्यायाधीशों की।उन्होंने कहा, हमें सूचित किया जाता है, हम नहीं जानते, कि हमारे (न्यायाधीशों) के बारे में बहुत कुछ कहा जाता है और यह हम तक सीमित नहीं है। हम इसकी सराहना नहीं करते....आप आदेश की आलोचना करते हैं। आप हमारी आलोचना नहीं करते। यह उचित और निष्पक्ष आलोचना है।

अदालत अखबार की एक अपील पर सुनवाई कर रही थी जिसमें एकल न्यायाधीश के उस आदेश को चुनौती दी गई थी जिसमें कथित आपत्तिजनक लेख को हटाने का निर्देश दिया गया था।

अखबार की ओर से पेश हुए वकील ने कहा कि व्लॉगर एक "सार्वजनिक व्यक्ति" है जिसकी "आजीविका इंटरनेट पर उसके और उसके परिवार के वीडियो पोस्ट करने पर आधारित है" उन्होंने कहा कि लेख में उस आलोचना का जिक्र है जो उसे अपने आचरण के लिए कई अन्य लोगों से मिली है।अदालत ने उल्लेख किया कि लेख में व्लॉगर को महिलाओं से द्वेष रखने वालौ और बच्चों से दुर्व्यवहार करने वालौ कहा गया है। इसने अपीलकर्ता से पूरे रिकॉर्ड के साथ एकल न्यायाधीश से संपर्क करने को कहा।अदालत ने कहा, हम थोड़े व्यथित हैं कि आप किसी के बच्चे का जिक्र कर रहे हैं। बच्चा किसी दुष्प्रचार का शिकार न हो। आप आदमी के बारे में जो कहना चाहते हो हो...लेकिन उसके बच्चों को न घसीटें। यह परेशान करने वाला है। हमें यह बहुत आपत्तिजनक लगा। इसने कहा, "बच्चों तक न जाएं। उन्होंने कुछ नहीं किया है। परिवार या बच्चों को न घसीटें, ऐसा न करें।

# वीर अर्जुन

अर्जुनस्य प्रतिज्ञे द्वै, न दैन्यं, न पलायनम् ।

नई दिल्ली, बुधवार 3 अगस्त, 2022


# मारा गया आतंकी आका

दुनिया के सबसे खूंखार आतंकी संगठन अलकायदा के सरगना अल जवाहिरी को मारकर अमेरिका ने 21 साल बाद 9/11 का बदला पूरा कर लिया। इसके पहले 2001 को न्यूयार्क के वर्ल्ड ट्रेड सेंटर को ध्वस्त करने की साजिश रचने वाले ओसामा बिन लादेन को 2 मई 2011 को पाकिस्तान के एबटाबाद में मार दिया था। इस तरह ओसामा और अल जवाहिरी दोनों का सफाया कर अमेरिका ने यह साबित कर दिया कि उसकी सुरक्षा के लिए कोई चुनौती पेश करता है तो वह उसे छोड़ने वाला नहीं है।

असल में अल जवाहिरी पर निशाना तो अमेरिका ने कई बार लगाया था किन्तु वह पहले तो अफगानिस्तान के तोराबोरा की पहाड़ियों में छिप गया था फिर 2006 में अमेरिका ने उसे मारने के लिए कोशिश की किन्तु वह पाकिस्तान में छिप गया। 15 अगस्त 2021 को एक समझौते के तहत जैसे ही तालिबान लड़ाकों ने अफगानिस्तान पर कब्जा किया ठीक उसके बाद पीछे-पीछे अलकायदा भी वापस आ गया। तालिबान ने अमेरिका को वचन दे रखा था कि वह अलकायदा को मदद और संरक्षण नहीं देगा किन्तु तालिबानियों ने अलकायदा को बुलाकर अमेरिका के साथ समझौते को तोड़ दिया था। अमेरिका घात लगाए बैठा था और जब खुफिया सूत्रों ने अमेरिकी राष्ट्रपति तक यह सूचना पहुंचा दी कि काबुल स्थित अल जवाहिरी अफगानिस्तान के गृहमंत्री के आवास पर छिपा बैठा है तो उसको ड्रोन से उड़ाने की रणनीति बनी। इसी रणनीति के तहत मंगलवार को सुबह 6.30 बजे अल जवाहिरी जैसे घर के खिड़की के सामने आया ड्रोन ने उसे उड़ा दिया। हजारों लोगों के हत्यारे को मारकर अमेरिका खुश तो बहुत होगा किन्तु उसे वर्षों तक अफगानिस्तान में अपने सैनिकों के मारे जाने और अरबों डालर अफगानिस्तान तथा पाकिस्तान पर खर्च करने का अफसोस भी है। यही कारण है कि अमेरिका अब पाकिस्तान की कोई परवाह नहीं करता क्योंकि वह इस बात को मानकर चलता है कि आतंकवाद के मुद्दे पर इस्लामाबाद कभी भी एक सीमा से ज्यादा उसकी मदद नहीं करेगा। अमेरिका अब सिर्फ और सिर्फ अपनी सुरक्षा के लिए खतरा बने आतंकियों को निशाना बनाने के लिए अपनी खुफिया एजेंसियों और उन देशों से संपर्क में रहता है जिससे उसने खुफिया सूचना के आदान-प्रदान का समझौता कर रखा है।

लब्बोलुआब अब यह है कि संयुक्त राष्ट्र संघ ने लगभग सात दशक के बाद भी तमाम अभिसमयों एवं अधिवेशनों में पारित प्रस्तावों को रद्दी की टोकरी में डाल दिया और आतंकवाद की परिभाषा तय नहीं की। सभी देश आतंक और आतंकवादियों की परिभाषा अपने-अपने देश की कूटनीतिक अपेक्षाओं के मुताबिक तय करते हैं। यही कारण है कि आतंकियों को मारने के लिए अब सीधी कार्रवाई सबसे सुचारू तरीका हो गया है। अमेरिका ने आतंक के आका अल जवाहिरी को मारकर अपना बदला लिया। **(एसपी)**

# भ्रष्टाचारियों का बचाव

इन दिनों प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) द्वारा की गई कार्रवाई को राजनीतिक बदले की भावना से की गई साजिश बताने वालों के सुविधाजनक तर्कों की काफी चर्चा है। सत्येंद्र जैन पकड़े गए तो आरोप लगा कि भाजपा ने उनके मोहल्ला क्लीनिक माडल से ईर्ष्यावश ऐसी कार्रवाई करवाई है। शिवसेना के संजय राउत पकड़े गए तो कहा जाने लगा कि राउत कांग्रेस, एनसीपी और शिवसेना के गठबंधन के सूत्रधार थे इसलिए भाजपा ने उन्हें ठिकाने लगाने के लिए ईडी से पकड़वा दिया। पश्चिम बंगाल के मंत्री पार्थ चटर्जी के करोड़ों रुपए मिलने पर भी भाजपा को प्रसाद मिला। किन्तु मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने वास्तविकता समझ ली कि भ्रष्टाचार का समर्थन नहीं किया जा सकता। इसीलिए उन्होंने पार्थ चटर्जी को मंत्रिपरिषद से बाहर तो किया ही पार्टी से भी निलंबित कर दिया। किन्तु हाई कोर्ट की तीखी टिप्पणी कि ''बेईमान व्यक्ति को मंत्रिपरिषद में रखना या न रखना मुख्यमंत्री के विवेक पर निर्भर है'' के बावजूद मंत्रिपरिषद में बनाए रखना हैरानी की बात है। संजय राउत के खिलाफ लूट के 1034 करोड़ के माल में से लूट का सीधा मामला है किन्तु शिवसेना प्रमुख उद्धव ठाकरे उनके निवास पर जाकर उनकी करनी का समर्थन करते हुए दिखे। वहीं पवार परिवार के इतने नजदीक होने के बावजूद न तो शरद पवार ने किसी तरह का साथ दिया और न अजीत पवार ने। अजीत पवार ने तो यहां तक कह दिया कि ईडी सवाल पूछने के लिए बुलाती है, उसमें गलत क्या है? सवालों का जवाब देना चाहिए।

असल में विपक्ष का आरोप है कि ईडी इतनी आक्रामक क्यों है? ईडी को विपक्ष के ही नेता कार्रवाई के लिए क्यों मिलते हैं, सत्तापक्ष के क्यों नहीं? विपक्ष के सारे सवाल सही हो सकते हैं किन्तु वह जिस प्रकार भ्रष्टाचार में लिप्त नेताओं को संरक्षण देती है, वह बिल्कुल भी उचित नहीं है। आम आदमी की समझ में सब कुछ अच्छी तरह आ रहा है। इसीलिए एक महिला ने मेडिकल जांच के लिए जा रहे पार्थ चटर्जी के ऊपर चप्पल उछाली। राजनेता राजनीति करें किन्तु भ्रष्टाचारियों का बचाव करना उनकी मजबूरी नहीं होनी चाहिए।

सरकार की नीयत पर सवाल उठाना गलत नहीं है क्योंकि जांच एजेंसियों का इस्तेमाल पहले भी सरकारें करती रही हैं और विपक्ष के राजनेताओं, नौकरशाहों एवं व्यवसायियों पर छापे पड़े हैं किन्तु जब तक न्यायालय उन्हें आरोपमुक्त न कर दे, तब तक उनका बचाव करने के लिए खड़ा हो जाना लोकतंत्र के लिए बिल्कुल उचित नहीं है। ऐसा नहीं है कि ममता बनर्जी ने केंद्र सरकार और भाजपा का विरोध करना बंद कर दिया है या फिर कर देंगी किन्तु वह भ्रष्टाचार के समर्थन में खड़ा दिखना नहीं चाहतीं और यही सर्वथा उचित है। **(एसपी)**


**dailyvirarjun@gmail.com**


# मुस्लिम कट्टरता और हरियाणा के मेवात की समस्या



डॉ. प्रवेश कुमार

**सरकार को हिंदुओं के हितों की रक्षा के लिए कड़े कानूनी कदम एवं निष्पक्ष अधिकारियों की नियुक्ति की जानी चाहिए वहीं हिंदू जो वहां अल्पसंख्यक में हैं उनकी सुरक्षा की उचित व्यवस्था करनी चाहिए।**

भारत दुनिया का सबसे ज्यादा हिंदू आबादी वाला देश है लेकिन इतनी बड़ी आबादी के बावजूद भी क्या हमारे अधिकारों का पूरे देश में संरक्षण हो पा रहा है। कश्मीर से कभी हिंदू आबादी को जबरन भगा दिया जाता है तो कहीं शुक्रवार छुट्टी एवं हाथ जोड़ने को मुस्लिम पंथ के खिलाफ माना जाता है। अभी हाल में एक मुस्लिम गायिका ने भगवान शिव की आराधना में गीत गा दिया तो फतवा जारी करने की बात हो गई। उत्तर प्रदेश में कई मुस्लिम बहुल क्षेत्रों में हिंदू आबादी को डरकर रहना पड़ता है, कांवड़ यात्रा पर हमले या मार्ग अवरोध की गई घटनाएं सुनने में आईं।

अभी कुछ वर्ष पूर्व ही हरियाणा के मेवात में एक हिंदू महिला पर मुस्लिम समाज के द्वारा हमला किया गया, वही पुनहाना में एक संत पर भी हमला किया गया। यह घटनाएं मेवात में आम हैं, 2021 मतांतरण की कई घटनाएं मेवात में देखने को मिली जिसमें बेरोजगार युवकों को मुस्लिम बनाने का विषय जिसे न्यूज18 ने भी उठाया।

अभी 2022 में ही कई स्थान पर विरोध प्रदर्शन हिंदू समाज ने किया पुलिस के बड़े अधिकारी तक को मार दिया गया। इन सभी घटनाओं को समझने के लिए हमें मेवात जिले के इतिहास, भूगोल को समझना होगा मेवात जिला, भारत के हरियाणा राज्य के 22 जिलों में से एक है, इस जिले का क्षेत्रफल लगभग 1860 वर्ग किलोमीटर है, यह पहले गुड़गांव जिले का हिस्सा था, 4 मई 2005 को मेवात को नया जिला बनाया गया और नूंह को जिला मुख्यालय का दर्जा दिया गया।

मेवात जिले में कुल छह प्रखंड हैं—पुन्हाना, फिरोजपुर झिरका, नगीना, नूंह, तावडू और हथीन। यह देश की राजधानी दिल्ली से मात्र 60 किलोमीटर की दूरी पर है। मेवात एक मुस्लिम-बहुल इलाका है, यहां 'मेव' मुसलमानों का दबदबा है, पहले मेव मुस्लिम हिंदू ही थे। लेकिन मध्यकाल में मुस्लिम शासकों ने इनको बलपूर्वक मुसलमान बनाया था।

भारत में मुसलमान कहीं और से नहीं आए बल्कि हिंदू समाज का जबरन धर्मांतरण ही एक कारण है। धर्मांतरित हिंदू इस्लाम के अनुसार आचरण करे इसके लिए कई कार्यक्रम भारत के मुस्लिम कट्टर नेता वर्ग के द्वारा चलाए गए इसी कड़ी में तबलीगी जमात की स्थापना भी 1926 में मौलाना मोहम्मद इलियास कंधालवी के द्वारा की जाती है। यह एक इस्लामिक रूढ़िवादी समूह है जो इस्लामिक विचारों और पारंपरिक इस्लाम का अनुमोदन करता है।

इसका दुष्परिणाम यह हुआ कि आजादी के सत्तर सालों के बाद भी यह भारत के सबसे पिछड़ा जिला बना हुआ है तथा यहां के मुस्लिम पाकिस्तान की मांग करते कई बार दिख जाते हैं। मुस्लिम आबादी के बढ़ते आतंकी वातावरण के कारण कई हिंदू परिवार जो यहां रह रहे थे वे गुड़गांव, दिल्ली आदि शहरों में बस चुके हैं। जो बेचारे हिंदू किसी कस्बे में भी घर नहीं ले सकते थे वे मजबूरी वश अपने गांवों में ही रह रहे हैं।

हालत यह है की मेवात के लगभग सभी 431 गांव लगभग हिंदू-विहीन जैसे हो चुके हैं। किसी-किसी गांव में हिंदुओं के कुछ ही परिवार रह गए हैं। इसे समय- समय पर विश्व हिंदू परिषद द्वारा समाज के सामने उजगार भी किया गया वहीं सुदर्शन न्यूज ने 2020 में इस पर बड़ी खबर बनाई थी। हम देखें कि 1947 के समय में मेवात में लगभग 30 प्रतिशत हिंदू थे, उस समय जिले की आबादी लगभग 11 लाख की थी। लेकिन अब 2011 की जनसख्या के अनुसार मात्र 20 प्रतिशत हिंदू रह गए हैं, अब मन में एक बड़ा वाजिब-सा प्रश्न यू ही आ जाता है की आखिरकार 10 प्रतिशत हिंदू समाज कहा गया। इस सबको लेकर आए दिन इस पूरे इलाके में तनाव रहता है और कई बार मेवात में हिंदू विरोधी व राष्ट्र विरोधी षड्यंत्र भी देखने को मिलते है, हिंदू महिलाओ के साथ 'लव जिहाद', हिंदुओं की जमीन पर अवैध कब्जा, जबरन पैसे की वसूली, मंदिरों और श्मशान के भूखंडों पर कब्जा।

वहीं बंगलादेशी घुसपैठियों जिनमें रोहिंग्या प्रमुख हैं उनको बसाया जाना इन्हें बसाने के लिए ग्राम पंचायतों की जमीन उपलब्ध कराना। इन घुसपैठिये मुस्लिमों के नाम मतदाता सूची में दर्ज कराने की कोशिश करना। इसके अतिरिक्त तबलीगी जमात द्वारा यहां के हिंदुओं को बहला-फुसलाकर नौकरी का लालच दे खाड़ी देशों में भेजने के भी कई मामले संज्ञान में आए हैं। भारत की खुफिया एजेंसियों जिनमें दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल, विकिलीक्स शामिल है उन्होंने भी 2011 और 2016 में यहां से भारत में अलकायदा के नेटवर्क से जुड़े होने और कट्टरता के लिए प्रोत्साहित करने का आरोप लगाया। इसके आलावा गोवंश की हत्या भी स्थानीय हिंदू लोगों के लिए बड़ी समस्या है।

यह घटनाएं आम हैं मेवात में हिंदू समाज के साथ है पर अफसोस की मुख्यधारा की मीडिया इन घटनाओं से अपना मुंह मोड़े हुई है। यहां किस प्रकार से अपराध करो मस्जिद में छिपो ऐसी मस्जिदों एवं मदरसों ने पूरे मेवात में अपराधो को बढ़ा रखा है। पुलिस मस्जिदों के अंदर जाती है तो पुलिस पर मजहबी ग्रंथों के अपमान का आरोप लगाकर खूब हंगामा मचाया जाता है, इसके आलावा भारत की इस्लामिक शैली को हिंदुस्तानी कल्चर से अधिक बढ़ावा दिया जा रहा है। मेवात में जो भी सरकारी भवन बन रहे हैं, उनमें इस्लामी शैली की छाप स्पष्ट रूप से दिखती है।

उदाहरण के लिए आप नूंह में बन रहे नए सचिवालय और नूंह के पास ही नल्लड़ गांव में बन रहे चिकित्सा महाविद्यालय को ले सकते हैं। यह दोनों भवन इस्लामिक शैली में बन रहे हैं। यहां हिंदू सभ्यता संस्कृति के लिए एक खतरा है इसी के साथ यहां पर हिंदुओं के अंतर्राष्ट्रीय बहिष्कार की साजिश होने से भी इंकार नहीं किया जा सकता है। लेकिन राजनीतिक लाभ के लिए लगभग सभी दलों के नेता यहां पर मुस्लिम तुष्टिकरण की राजनीति करते ही हैं। हरियाणा में मुस्लिम मतदाता 7.2 फीसदी हैं, लेकिन मेवात में 70 फीसदी के करीब मुस्लिम आबादी है। विधानसभा चुनाव में मेवात इलाके में तीन विधानसभा सीट है नूंह, पुन्हाना और फिरोजपुर झिरका लेकिन सोहना और हथीन सीट पर भी मुस्लिम किंगमेकर की भूमिका में हैं। हालांकि ऐसा नहीं है कि यहां पर हिंदू अपनी रक्षा के लिए प्रयास नहीं करते हिंदुओं ने इसके जवाब में महापंचायतें की और संगठन बनाए हैं। वहीं राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ और विश्व हिंदू परिषद जैसे संगठन हिंदुओं के हितों की रक्षा के लिए आवाज भी उठाते ही रहते हैं।

सरकार को हिंदुओं के हितों की रक्षा के लिए कड़े कानूनी कदम एवं निष्पक्ष अधिकारियों की नियुक्ति की जानी चाहिए वहीं हिंदू जो वहां अल्पसंख्यक में हैं उनकी सुरक्षा की उचित व्यवस्था करनी चाहिए।

**(लेखक सहायक प्रोफेसर, तुलनात्मक राजनीति और राजनीतिक सिद्धांत का केंद्र, स्कूल ऑफ इंटरनेशनल स्टडीज, जवाहर लाल नेहरू विश्वविद्यालय, नई दिल्ली।)**

# क्या जनसंख्या नियंत्रण कानून लाने की तैयारी में है सरकार



धर्मेन्द्र कुमार सिंह

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदेश सहित देश में बढ़ती जनसंख्या पर चिंता जताते हुए जनसंख्या नियंत्रण व सांख्यिकीय संतुलन के प्रयास करने की बात कहकर एक नई सियासी जंग शुरू कर दी है। एक खास वर्ग विशेष के हमदर्द दलों में खलभली मच गई है उनके बयान वीरों ने इसे भाजपा का शिगूफा चुनावी मुद्दा व वर्ग विशेष के लिए जनसंख्या नियंत्रण का मुद्दा होने का राग अलापना शुरू कर दिया है। हालांकि देश के सबसे बड़े सूबे यूपी के मुख्यमंत्री योगी बाबा के इस बयान से स्पष्ट संकेत हैं कि आगामी चुनाव 2024 के पहले भाजपा जनसंख्या नियंत्रण कानून पास करेगी और इसी को मुद्दा बनाकर चुनाव मैदान में उतरेगी। यह बात तो साफ है कि भाजपा 80- 20 के फार्मूले अर्थात हिन्दू कार्ड खेलकर चुनाव लड़ेगी। वर्ग विशेष के हमदर्द सभी विपक्षी दलों के विरोधी सुर मुखर होने लगे है। लेकिन भाजपा के एजेंडे में यह प्रमुख मुद्दा जनसंख्या नियंत्रण है। जिसे पास करके ही दम लेगी।

चूंकि भाजपा पहले ही स्पष्ट कर चुकी है कि पाक अफगान ईरान व बंगलादेश भारत को नहीं बनने देंगे। दरसल इन देशों में नजीर है कि जनसंख्या की वृद्धि बेलगाम हुई और धर्म परिवर्तन की भी साजिशें चलती रहीं परिणामस्वरूप देखते-देखते पाक अफगान ईरान मुस्लिम राष्ट्र हो गए और बंग्लादेश मुहाने पर है। योगी आदित्यनाथ ने जनसंख्या नियंत्रण का शिगूफा छोड़कर एक खास वर्ग विशेष के हमदर्द दलों में खलबली मचा दी है। वही 2024 चुनाव के पूर्व जनसंख्या नियंत्रण कानून पास करने के स्पष्ट संकेत भी दे दिए है। मुख्यमंत्री का मानना है जनसंख्या नियंत्रण के प्रयास सफलतापूर्वक हों लेकिन ध्यान रखना होगा कि कहीं भी जन सांख्यकीय असंतुलन की स्थिति न पैदा हो। ऐसा न हो कि किसी एक वर्ग की आबादी बढ़ने की गति अधिक हो और जो मूल निवासी हों जनसंख्या स्थिरीकरण के प्रयासों से उनकी आबादी को नियंत्रित कर जनसंख्या असंतुलन पैदा कर दिया जाए। जिन देशों में जनसांख्यिकीय असंतुलन होता है वहां चिंताएं बढ़ती हैं। क्योंकि इससे धार्मिक डेमोग्राफी पर विपरीत असर पड़ता है और अव्यवस्था अराजकता जन्म लेती है। इस स्थिति में जनसंख्या स्थिरीकरण के प्रयासों से सभी मत मजहब, वर्ग, संप्रदाय को समान रूप से जोड़ने पर जोर दे रहे हैं।

जनसंख्या विस्फोट की स्थिति स्पष्ट है आंकड़े बताते हैं कि प्रदेश में एक महिला औसतन 3.15 बच्चों को जन्म देती है। इसमें से हिंदू महिलाओं को औसतन 3.06 बच्चे होते हैं। वहीं एक मुस्लिम महिला 3.6 बच्चों को जन्म देती हैं। प्रदेश में 44.2 फीसदी महिलाएं ऐसी हैं जिनके 2 या उससे कम बच्चे हैं। दो या कम बच्चों वाली महिलाओं में 44.85 फीसदी हिंदू महिलाएं हैं। जबकि इस दायरे में 40.38 फीसदी मुस्लिम महिलाएं ही आती हैं। इन्हीं आंकड़ों के आधार पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने चिंता व्यक्त की है। जिस पर राजनीतिक बहस व संग्राम शुरू हो गया है।

हालांकि सीएम योगी के इस मुद्दे को कांग्रेस नेता राशिद ने एक वर्ग विशेष पर निशाना साधने से जोड़ा है। सपा सांसद शफीकुर्ररहमान वर्क ने अलग ही राग अलापा कहा कि औलाद पैदा करने का ताल्लुक इंसान से नहीं अल्लाह से है। उनका कहना है कि सरकार जनसंख्या नियंत्रण नहीं शिक्षा पर ध्यान दे। लोगों में तालीम होगी तो जनसंख्या का मसला खुद हल हो जाएगा। उधर ओवैसी भी मुस्लिम राग अलाप भड़काने में लगे है। हालांकि केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने इन सबको मुंहतोड़ करारा जवाब दिया है। कहा यह देशहित में है इसे राजनीतिक चश्मे से देखने की जरूरत नहीं है। इसे देश विकास और सामाजिक समरसता के चश्मे से देखना चाहिए।

योगी आदित्यनाथ के बयान बाद बड़ा सवाल उठने लगा है कि क्या देश में जनसंख्या नियंत्रण कानून लाने की तैयारी चल रही है। भाजपा के एजेंडे में जनसंख्या नियंत्रण कानून प्रमुखता पर है। ऐसे में देश के सबसे बड़े राज्य यूपी के मुख्यमंत्री योगी की ओर से एक वर्ग विशेष की जनसंख्या वृद्धि पर चिंता जताने व जनसंख्या नियंत्रण पर जोर देने के बाद चर्चाए तेज हो गई है। विपक्षी दलों का मानना है कि लोकसभा चुनाव 2024 से पहले भाजपा इस मुद्दे को हवा देकर अलग माहौल बनाने की तैयारी में है। हालांकि भाजपा के इस कार्ड की काट किसी दल के पास नहीं है। भाजपा के मंसूबो से स्पष्ट है कि आगामी लोकसभा 2024 का चुनाव हिन्दू कार्ड पर लड़ा जाएगा। एक वर्ग विशेष के हमदर्द दलों हलचल व धड़कने तेज हो गई है। भाजपा का यह हिन्दू कार्ड सबके लिए गले की फांस बन गया है। यदि विरोध किया तो हिन्दू वोट बैंक खिसकना और भाजपा की झोली में जाना तय है और यदि बिरोध नहीं करते हैं तो खास वर्ग विशेष के कोप का भाजन बनना तय है। हालांकि भाजपा के दोनो हांथो में लड्डू है।

हालांकि जनसंख्या विस्फोट पर आजादी के बाद से ही चिंता जताई जाती रही है। जनसंख्या नियंत्रण के असफल उपाय भी किए जाते रहे। देश के प्रथम प्रधानमंत्री जवाहर लाल नेहरू ने भी चिंता जताई थी। पीएम इंदिरा गांधी व राजीव गांधी सहित संजय गांधी ने भी चिंता जताई और नसबंदी कानून, अभियान चलाया एमरजेंसी तक लगाई। लेकिन समस्या नहीं गई कांग्रेस की सरकार इसी मुद्दे पर चली गई थी। कांग्रेस ने पहला नारा स्लोगन दिया था बच्चे तीन ही अच्छे फिर दूसरा स्लोगन बच्चे दो ही अच्छे, अब तीसरा स्लोगन नारा चलाया जा रहा बच्चा एक ही अच्छा। पीएम मोदी ने भी लाल किले की प्राचीर से जनसंख्या विस्फोट पर गंभीर चिंता जताते हुए नियंत्रण की आवश्यकता जता चुके है। अब भाजपा ने ठान लिया है जनसंख्या नियंत्रण कानून पास करके ही दम लेगी।

**(लेखक वरिष्ठ पत्रकार चिंतक, विचारक एवं स्तम्भकार हैं।)**

# राष्ट्र चेतना के प्रखर कवि मैथिलीशरण गुप्त

## जयंती पर विशेष



बाल मुकुन्द ओझा

आज राष्ट्रकवि मैथिलीशरण गुप्त की जयंती है। हिंदी साहित्य के अनन्य उपासक मैथिली शरण गुप्त का जन्म 3 अगस्त सन 1886 में उत्तर प्रदेश में झांसी के पास चिरगांव में हुआ। विद्यालय में खेलकूद में अधिक ध्यान देने के कारण पढ़ाई अधूरी ही रह गयी। इनकी शिक्षा घर पर ही हुई और वहीं इन्होंने संस्कृत, बंगला, मराठी और हिंदी सीखी। वे कबीर दास के भक्त थे। पं महावीर प्रसाद द्विवेदी की प्रेरणा से खड़ी बोली को अपनी रचनाओं का माध्यम बनाया। खड़ी बोली की कविताओं को लिखने और खड़ी बोली को उपभाषा मानने वाले वे पहले कवि थे। उन्होंने ये सब उस समय किया जिस समय ज्यादातर हिंदी कवि ब्रज भाषा का उपयोग उपभाषा के रूप में करते थे। उन्होंने खड़ी बोली को पहचान दी।

मैथिलीशरण गुप्त आधुनिक काल के सर्वाधिक प्रभावशाली और लोकप्रिय रचनाकार थे जिन्हें स्वयं महात्मा गांधी ने राष्ट्र कवि की उपाधि दी थी। उनकी 40 मौलिक तथा 6 अनुदित पुस्तकें प्रकाशित हुई। गुप्तजी को साहित्य जगत में दद्दा नाम से सम्बोधित किया जाता था। मैथिलीशरण गुप्त को देश में खड़ी बोली कविता के प्रथम महत्वपूर्ण कवि होने का गौरव हासिल है। उनकी भारत दर्शन की काव्यात्मक प्रस्तुति भारत-भारती (1912) भारत के स्वतंत्रता संग्राम को असरकारक और देशभक्ति की भावना भरने में कामयाब हुई थी। उनकी यही कृति उन दिनों स्वतंत्रता संग्राम का घोषणापत्र बन गई थी। भारत भारती देश में इतनी लोकप्रिय हुई कि प्रभात फेरियों, राष्ट्रीय आंदोलनों, शिक्षा संस्थानों, प्रातकालीन प्रार्थनाओं में भारत भारती के पद गांवों-नगरों में गाए जाने लगे। उन्होंने न केवल भारत के जन-मन में राष्ट्रीय चेतना का जागरण कर उसे स्वाधीनता आंदोलन के लिए प्रेरित किया, बल्कि स्वयं भी आंदोलन में सक्रिय भाग लेकर जेल गए। लाला लाजपतराय, बाल गंगाधर तिलक, विपिनचंद्र पाल, गणेश शंकर विद्यार्थी और मदनमोहन मालवीय उनके आदर्श रहे। गुप्तजी ने कविता के माध्यम से स्वाधीनता आंदोलन में जबरदस्त हुंकार भरी।


उन्होंने कहा–जो भरा नहीं है भावों से जिसमें बहती रसधार नहीं। वह हृदय नहीं है पत्थर है, जिसमें स्वदेश का प्यार नहीं।

राष्ट्रकवि गुप्त की ये पंक्तियां हर किसी के दिल में राष्ट्रप्रेम का ज्वार भरने के लिए काफी हैं। जब देश में आजादी का आंदोलन अपने उफान पर था तब गुप्तजी की कविताएं आजादी के मतवालों के दिलों में जोश और उत्साह भरतीं थी। बालक मैथिलीशरण में कविता और अंगरेजी शासन के विरोध के संस्कार पिता से आये थे और रामायण-प्रेम एवं संयम-मर्यादा का संस्कार तुलसी रामायण का नियमित पाठ करने वाली मां काशी देवी से। इसीलिए गुप्तजी की बहुत-सी रचनाएं रामायण और महाभारत पर आधारित हैं। 1954 में पद्म भूषण सहित अनेक प्रतिष्ठित सम्मान और पुरस्कार से सम्मानित। पवित्रता, नैतिकता और परंपरागत मानवीय संबंधों की रक्षा गुप्तजी के काव्य के प्रथम गुण हैं, जो पंचवटी से लेकर जयद्रथ वध, यशोधरा और साकेत तक में प्रतिष्ठित एवं प्रतिफलित हुए हैं। साकेत उनकी रचना का सर्वोच्च शिखर है। अपने साहस, हिम्मत ताकत और संघर्ष के बल पर जीवन में यश सफलता अर्जित करने वाले वे एक सर्वप्रिय कवि थे। यशोधरा में प्रकाशित उनकी कविता की दो लाइनें जीवन का सार व्यक्त करती है–अबला जीवन हाय तुम्हारी यही कहानी! आंचल में ही दूध और आंखों में पानी! प्रारंभ में मैथिलीशरण गुप्त ने सरस्वती जैसी पत्रिकाओं में कविताएं लिखीं। इनकी पहली प्रमुख कृति ठरंगमें भंगठ 1910 में प्रकाशित हुई थी। इनकी प्रमुख काव्यगत कृतियां हैं रंग में भंग, भारत-भारती, जयद्रथ वध, विकट भट, प्लासी का युद्ध, गुरुकुल, किसान, पंचवटी, सिद्धराज, साकेत, यशोधरा, अर्जुन-विसर्जन, काबा और कर्बला, जय भारत, द्वापर, नहुष, वैतालिक, कुणाल। इनकी कृति भारत भरती सन 1912 में प्रकाशित हुई थी, जो एक राष्ट्रवादी कविता है, जिसमें भारतीय इतिहास, संस्कृति और परंपराओं की महिमाओं का बखान किया गया है। आगरा विश्वविद्यालय से उन्हें डीलिट से सम्मानित किया गया। 1952-1964 तक राज्यसभा के सदस्य मनोनीत हुए। तत्कालीन राष्ट्रपति डॉ. राजेंद्र प्रसाद ने सन 1962 ई. में अभिनंदन ग्रंथ भेंट किया तथा हिन्दू विश्वविद्यालय के द्वारा डीलिट से सम्मानित किए गए। 1954 में साहित्य एवं शिक्षा क्षेत्र में पद्म भूषण से सम्मानित किया गया।

गुप्तजी ने 78 वर्ष की आयु में दो महाकाव्य, 19 खंडकाव्य, काव्यगीत, नाटिकाएं आदि लिखी। उनके काव्य में राष्ट्रीय चेतना, धार्मिक भावना और मानवीय उत्थान प्रतिबिम्बित है। भारत भारती के तीन खंड में देश का अतीत, वर्तमान और भविष्य चित्रित है। राज्यसभा के सदस्य के रूप में दिल्ली में उनके घर पर दद्दा दरबार लगा रहता था जिसमे राजधानी के साहित्य-प्रेमी नेताओं से लेकर विभिन्न विधाओं में लिखने वाले साहित्यकारों का जमघट लगा रहता था। 12 दिसंबर,1964 को हिंदी साहित्य ने अपने सबसे महान लेखक खो दिया। गुप्त जी वास्तव में महान रचनाकार थे। वे आज हमारे मध्य में नहीं है पर उनकी बेमिसाल रचनांए हमारे दिलों में अमिट और अमर रहेगी।

**(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं।)**

# चिट्ठी आई है



## कांग्रेस का दोहरा मापदंड

दिल्ली में मुख्यमंत्री अरविन्द केजरीवाल सरकार की आबकारी नीति को लागू करने में अनियमितताओं के खिलाफ भाजपा विरोधस्वरूप प्रदर्शन कर रही है, कई दिनों से दिल्ली में शराब के ठेकों का आवंटित घोटाले के विरुद्ध मंत्री मनीष सिसोदिया को बर्खास्त करने की मांग को लेकर। कांग्रेस पार्टी भी इसी मांग को लेकर प्रदर्शन कर रही है अच्छी बात है, पश्चिम बंगाल में सुश्री ममता बनर्जी के मंत्री पार्थ चटर्जी के यहां आपार धनराशि मिलने पर उनके विरुद्ध समर्थन किया अच्छी बात है परन्तु आश्चर्य है दुख है वही कांग्रेस पार्टी, नेशनल हेराल्ड से जुड़े कथित धनशोधन के मामले में जांच के लिए श्री राहुल गांधी एवं श्रीमती सोनिया गांधी की कोर्ट में पेशगी का विरोध दिल्ली समेत पूरे भारत में हिंसक प्रदर्शन क्यों? यह दोहरा मापदंड क्यों। कानून से बड़ा कोई नहीं।

**—बीएल सचदेवा, आईएनए मार्किट, नई दिल्ली।**

## जहरीली शराब राजनीतिक दलों का बना मुद्दा

देश मे हर साल जहरीली शराब से लोगों को जान गंवानी पड़ती है। हर साल चोरी चुपके गटकी जाने वाली निकोटिन युक्त जहरीली शराब से परिवार उजड़ते देखा जा सकता है। गुजरात के बोटाद जिले में लठाकांड में 27 लोगों की जान चली गई है। यह आखिरी घटना नहीं है। हर वर्ष जहरीली शराब में जान गंवाते हैं। इस घटना में और लोग भी गंभीर बताए जा रहे हैं। हर साल यूपी में जहरीली शराब से दर्जनों परिवार उजड़ जाते हैं। गत वर्ष 2020 में प्रयागराज से मेरठ तक अनेक घटनाएं हुईं, जिसमें दर्जनों लोगों की जान गई थी। 2021 में बुलंदशहर में पांच जहरीली शराब से पांच मौतें हुई थी। यूपी में 2020 में लॉकडाउन के कारण जहरीली शराब की घटनाएं नहीं हुई। लेकिन देश के हर राज्य में जहरीली शराब से मौतें होती हैं। 2021 में फिरोजाबाद में 17 लोगों की जहरीली शराब ने जिंदगी लील ली थी। बागपत में सात लाशें गिर गई थीं। यूपी की हर साल की यह कहानी है। 2008 में 16,2009 में 53 मौतें हुई हैं। 284 मौतें 2018 तक जहरीली शराब के पीने से हुई है। आजमगढ़, एटा और लखनऊ में कई मौतें हुई है। जहरीली शराब से होने वाली मौतों को पीने वाले की भूल बताकर उन पर आरोप मढ़ दिया जाता है। लेकिन प्रशासन सख्त रवैया नहीं अपनाती है। हर साल के इस तांडव में लोग जान गंवाते हैं। बिहार में कथित जहरीली शराब से अनेक मौतें हुई है। साहेबगंज में गत वर्ष होली के दौरान जहरीली शराब का सेवन किया था। बिहार में इस वर्ष तीन लठाकांड की घटना सामने आई है। बिहार में नशाबंदी है और चोरीछिपे शराब खरीदी जाती है। उस शराब में निकोटिन का बढ़ना और बहुत पुरानी होने से जहर में परिवर्तित हो जाती है। भागलपुर में भी लोग बीमार हुए थे और चार लोग की मौत हुई थी। बिहार में 2022 में ही करीब 46 मौतें हुई थी। जिसमें तीन जिले समाहित है। नीतीश कुमार सरकार को शायद बदनाम करने की साजिश तो नहीं रची गई थी। 2016 में बिहार में शराबबंदी लगी थी। जहां शराबबंदी लगी है उसी राज्य में जहरीली शराब से मौतें हो रही हैं। जिसमें गुजरात भी शामिल है। यह पुलिस की लापरवाही है। गुजरात मे 27 लोगों की मौत के बाद दो व्यक्ति गंभीर बताए जा रहे हैं। सरकार को सख्त नियम का पालन करना होगा। मनोज वाजपेयी ने कहा कि जहरीली शराब की घटना गुजरात मे केजरीवाल के पैर पड़ने से हुई।

**—कांतिलाल मांडोत, सूरत, गुजरात।**

## अधीर रंजन के विरुद्ध कानूनी कार्यवाही हो

कांग्रेस नेता अधीर रंजन चौधरी ने जिस प्रकार राष्ट्रपति के लिए तीन-तीन बार राष्ट्रपत्नी शब्द का प्रयोग किया उससे स्पष्ट होता है कि उन्होंने यह कृत्य जानबूझ कर किया गया न कि जुबान फिसलने से हुआ। अगर अधीर रंजन की जुबान फिसल भी गई थी तो उस गलती की तुरंत सबके सामने ही माफी मांगने में परेशानी क्यों हुई? निश्चित रूप से यह प्रथम तो देश के राष्ट्रपति का अपमान है, उसके बाद आदिवासी महिला का, फिर महिला का जानबूझ कर किया गया अपमान है। जब सार्वजनिक रूप से देश के राष्ट्रपति का अपमान किया तो सार्वजनिक रूप से ही माफी क्यों नहीं मांगी? क्या इसके पीछे कांग्रेस के गांधी परिवार का हाथ है? जब सोनिया गांधी से इस विषय पर पूछा गया कि आप अधीर रंजन को माफी मांगने को कहेंगी तो उन्होंने कह दिया कि उन्होंने माफी मांग ली है। शायद सोनिया गांधी से अकेले में माफी मांग ली होगी और अब सोनिया गांधी के कहने पर राष्ट्रपति जी को पत्र लिखकर अधीर रंजन माफी मांग रहे हैं। इसका क्या मतलब है? राष्ट्रपति जी को अधीर रंजन को मिलने का वक्त नहीं देना चाहिए। अधीर रंजन के विरुद्ध देश के सर्वोच्च नागरिक राष्ट्रपति जी का अपमान करने के लिए एफआईआर दर्ज कर कानूनी कार्रवाई होनी चाहिए। जो व्यक्ति सार्वजनिक रूप से राष्ट्रपति का अपमान करने के बाद सार्वजनिक रूप से माफी मांगने के लिए तैयार नहीं है उसका एक ही इलाज है कानूनी हथियार। इनके विरुद्ध एफआईआर दर्ज हो और कानूनी रूप से इनको दंड दिया जाए।

**—अतिवीर जैन पराग, मेरठ।**

## मच्छरों से बचाव ही मलेरिया का इलाज है

विश्व मलेरिया दिवस प्रत्येक वर्ष को मनाया जाता है। इस वर्ष की थीम है शून्य मलेरिया लक्ष्य हासिल करना। भारत इस लक्ष्य को हासिल करने के लिए पुरजोर प्रयासशील है। कोरोना महामारी के दौर में एक अच्छी खबर यह है की भारत ने मलेरिया को नियंत्रित करने में सफलता हासिल की है। स्वास्थ्य मंत्री के मुताबिक वर्ष 2020 में देश के 116 जिलों में मलेरिया का एक भी मामला सामने नहीं आया। इस तरह भारत इस बीमारी में 84.5 प्रतिशत और मौत में 83.6 प्रतिशत कमी लाने में कामयाब रहा है। देश की इस उपलब्धि को विश्व मलेरिया रिपोर्ट 2018, 2019 और 2020 में भी मान्यता दी गई है। मलेरिया तेज बुखार वाली बीमारी है। यह संक्रमित मादा एनोफेलीज मच्छर के काटने से फैलती है। यह मच्छर साफ पानी में अंडे देती है। इस रोग को फैलाने वाले परजीवी को प्लाज्मोडियम कहते है। देश इस समय जानलेवा वायरस कोरोना से जूझ रहा है। वहीं बारिश और गर्मी में मौसमी बीमारियों के बढ़ने का भी खतरा होने लगता है। ऐसे में हम सभी को मलेरिया और अन्य मौसमी बीमारियों से सतर्कता और जागरुकता रखनी चाहिए।

**—नीलम वर्मा, विकासपुरी, दिल्ली।**

# प्रधानमंत्री, अन्य भाजपा नेताओं ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट की डिस्प्ले तस्वीर पर तिरंगा लगाया

**वीर अर्जुन संवाददाता**

नई दिल्ली,। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के अध्यक्ष जे पी नड्डा सहित केंद्र की सत्ताधारी पार्टी के अन्य नेताओं ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट की डिस्प्ले तस्वीर पर मंगलवार को तिरंगा लगाया और लोगों से भी ऐसा करने का आग्रह किया।

प्रधानमंत्री मोदी ने रविवार को मन की बात कार्यक्रम में कहा था कि आजादी का अमृत महोत्वस जन आंदोलन में बदल रहा है और उन्होंने लोगों से दो अगस्त से 15 अगस्त के बीच अपने सोशल मीडिया खातों पर प्रोफाइल तस्वीर के रूप में तिरंगा लगाने का अनुरोध किया था।मोदी ने मंगलवार को सुबह ट्वीट किया, दो अगस्त का आज का दिन खास है।

जब हम आजादी का अमृत महोत्सव मना रहे हैं, तो ऐसे में हमारा देश तिरंगे का सम्मान करने की सामूहिक मुहिम के तहत हर घर तिरंगा के लिए तैयार है। मैंने मेरे सोशल मीडिया पेज पर डीपी (डिस्प्ले तस्वीर) बदल दी है और मैं आप से भी ऐसा करने का आग्रह करता हूं। मोदी ने तिरंगे का डिजाइन तैयार करने वाले पिंगली वेंकैया की जयंती पर उन्हें श्रद्धांजलि दी। मोदी ने कहा, हमारा देश हमें तिरंगा देने के उनके प्रयासों के लिए हमेशा उनका ऋणी रहेगा। हमें अपने तिरंगे पर बहुत गर्व है। मैं कामना करता हूं कि तिरंगे से ताकत एवं प्रेरणा लेते हुए हम राष्ट्र की प्रगति के लिए काम करते रहें।

शाह ने भी अपने सभी सोशल मीडिया पेज की डीपी में तिरंगा लगाया और ट्वीट कर कहा कि आजादी के अमृत महोत्सव को यादगार बनाने के प्रधानमंत्री मोदी के आह्वान पर आज अपनी सभी सोशल मीडिया प्रोफाइल फोटो पर तिरंगा लगाया।उन्होंने कहा, राष्ट्रीय ध्वज के प्रति अपना प्यार और सम्मान दिखाने के लिए मैं सभी से अपने सोशल मीडिया अकाउंट्स की डीपी पर तिरंगा लगाने की अपील करता हूं। नड्डा ने भी अपने सोशल मीडिया पेज की डीपी में तिरंगा लगाया और पिंगली वेंकैया को श्रद्धांजलि अर्पित की।उन्होंने कहा, देश की एकता, अखंडता और प्राचीन संस्कृति का प्रतीक भारतीय राष्ट्रीय ध्वज देशवासियों में सदैव देश के प्रति प्रेम-समर्पण की भावना जागृत करता है।

# देश में कोरोना के 13,734 नए मामले

**विशेष प्रतिनिधि**

नई दिल्ली। भारत में एक दिन में कोरोना वायरस संक्रमण के 13,734 नए मामले सामने आने के बाद देश में संक्रमितों की संख्या बढ़कर 4,40,50,009 हो गई। वहीं, उपचाराधीन मरीजों की संख्या घटकर 1,39,792 हुई।

केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय की ओर से मंगलवार सुबह आठ बजे जारी अद्यतन आंकड़ों के अनुसार, देश में संक्रमण से 27 और लोगों की मौत होने के बाद मृतक संख्या बढ़कर 5,26,430 हो गई। देश में कोविड-19 के उपचाराधीन मरीजों की संख्या घटकर।,39,792 हो गई है, जो कुल मामलों का 0.32 प्रतिशत है। पिछले 24 घंटे में उपचाराधीन मरीजों की संख्या में 4,197 की कमी दर्ज की गई। मरीजों के ठीक होने की राष्ट्रीय दर 98.49 प्रतिशत है। आंकड़ों के अनुसार, दैनिक संक्रमण दर 3.34 प्रतिशत, जबकि साप्ताहिक संक्रमण दर 4.79 प्रतिशत है। देश में अभी तक कुल 4,33,83,787 लोग संक्रमण मुक्त हो चुके हैं और कोविड-19 से मृत्यु दर 1.20 प्रतिशत है। वहीं, राष्ट्रव्यापी टीकाकरण अभियान के तहत अभी तक कोविड-19 रोधी टीकों की 204.6 करोड़ खुराकें दी जा चुकी हैं। गौरतलब है कि देश में सात अगस्त 2020 को संक्रमितों की संख्या 20 लाख, 23 अगस्त 2020 को 30 लाख और पांच सितंबर 2020 को 40 लाख से अधिक हो गई थी। संक्रमण के कुल मामले 16 सितंबर 2020 को 50 लाख, 28 सितंबर 2020 को 60 लाख, 11 अक्टूबर 2020 को 70 लाख, 29 अक्टूबर 2020 को 80 लाख और 20 नवंबर को 90 लाख के पार चले गए थे। देश में 19 दिसंबर 2020 को ये मामले एक करोड़ से अधिक हो गए थे। पिछले साल चार मई को संक्रमितों की संख्या दो करोड़ और 23 जून 2021 को तीन करोड़ के पार पहुंच गई थी। इस साल 25 जनवरी को संक्रमण के मामले चार करोड़ के पार हो गए थे। मंत्रालय के आंकड़ों के अनुसार, देश में पिछले 24 घंटे में संक्रमण से मौत के 27 मामले सामने आए, जिनमें से पश्चिम बंगाल में छह, हिमाचल प्रदेश में तीन, दिल्ली, गोवा, कर्नाटक तथा पंजाब में दो-दो और छत्तीसगढ़, गुजरात, हरियाणा, जम्मू-कश्मीर, महाराष्ट्र, मेघालय, नगालैंड, ओडिशा, पुडुचेरी तथा उत्तराखंड में एक-एक मामला सामने आया।

# देश में 2018-20 के दौरान तेजाब हमले के 386 मामले दर्ज हुए : सरकार

**विशेष प्रतिनिधि**

नई दिल्ली। सरकार ने मंगलवार को लोकसभा को बताया कि देश में 2018 से 2020 के दौरान महिलाओं पर तेजाब हमले के 386 मामले दर्ज किए गए तथा इस अवधि के दौरान ऐसे मामलों में कुल 62 लोगों को अदालतों द्वारा दोषी करार दिया गया। केंद्रीय गृह राज्य मंत्री अजय कुमार मिश्रा ने सदन में राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो (एनसीआरबी) के आंकड़ों का हवाला देते हुए यह जानकारी दी। 2018 में महिलाओं के खिलाफ तेजाब हमले के 131 मामले, 2019 में 150 और 2020 में 105 मामले दर्ज किए गए।

**राष्ट्रीय महत्व के टैग के लिए 20 स्थानों को चिह्नित किया गया:** सरकार ने जानकारी दी है कि देश में 20 ऐतिहासिक धरोहर स्थलों को राष्ट्रीय महत्व के

**लोकसभा प्रश्नोत्तर**

टैग के लिए चिह्नित किया गया है जिनमें हरियाणा के राखीगढ़ी में दो प्राचीन स्तूप और दिल्ली में सदियों पुराना अनंगताल शामिल हैं। केंद्रीय संस्कृति मंत्री जी किशन रेड्डी ने लोकसभा में एक प्रश्न के लिखित उत्तर में यह जानकारी साझा की। उनसे पूछा गया था कि क्या केंद्र सरकार ने पिछले तीन साल में देश में ऐसे नये ऐतिहासिक और धार्मिक स्थलों को चिह्नित किया है जिन्हें राष्ट्रीय महत्व के स्मारक या स्थल घोषित किया जा सकता है। रेड्डी के जवाब में अन्य स्थलों में आंध्र प्रदेश के चिंतलकुंटा में शैल चित्रकारी, लेह में मुरगी चट्टान कलाकृति स्थल और हिमाचल प्रदेश के कालेसर में कालेश्वर महादेव मंदिर आदि का उल्लेख किया गया।

# रामबन में पुलिस चौकी पर ग्रेनेड हमला

**सुरेश एस डुग्गर**

जम्मू। रामबन जिले में पुलिस चौकी के पास एक ग्रेनेड विस्फोट हुआ है। घटनास्थल के पास एक पत्र मिला है,इस पत्र में दावा किया गया है कि यह जम्मू कश्मीर गजनवी फोर्स द्वारा किया गया है। एसओजी और सेना की टीमें तलाशी अभियान चला रही हैं। मामला दर्ज कर लिया गया है और जांच जारी है। जम्मू एडीजीपी मुकेश सिंह ने मामले की जानकारी दी है।अमरनाथ की यात्रा रामबन से होकर ही गुजरती है। ऐसे में सुरक्षा एजेंसियों को शक है कि आतंकी अमरनाथ यात्रियों को निशाने बनाने की फिराक में हो सकते हैं। जानकारी के अनुसार,ये धमाका रामबन के गूल इलाके में पुलिस पोस्ट के पास हुआ है। धमाका होने के बाद से एसओजी और सेना की टीमें सर्च अभियान में जुटी हुई हैं। हाईवे से सटे सभी पोस्टों के जवानों को सतर्क कर दिया गया है। हालांकि,विस्टोफ से कितना नुकसान हुआ इसकी जानकारी नहीं मिल पाई है।रामबन में हुए धमाके को लेकर जम्मू जोन के एडीजीपी मुकेश सिंह के अनुसार,उन्हें मिली एक चिट्ठी में ये धमाका आतंकी संगठन जम्मू कश्मीर गजनवी फोर्स द्वारा किये जाने का दावा किया गया है। इस बीच सोमवार को रात को बीएसएफ के जवानों ने कानाचक इलाके में उड़ती हुई संदिग्ध चीज पर गोलियां चलाईं। यह जानकारी एक वरिष्ठ अधिकारी ने मंगलवार को दी। उन्होंने कहा कि चमकती रोशनी के साथ अज्ञात उड़ने वाली संदिग्ध वस्तु का सोमवार को रात9.35बजे पता चला,जब उसने सीमा पार से भारतीय क्षेत्र में घुसपैठ करने की कोशिश की।सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) के जवानों ने इस पर गोलियां चलाईं इसके बाद चमकती रोशनी नहीं देखी गई। अधिकारी ने कहा कि पुलिस और अन्य एजेंसियों के साथ इलाके में तलाशी अभियान शुरू किया गया है और अब तक कुछ भी बरामद नहीं हुआ है।याद रहे पाकिस्तान अकसर हथियार,नशीले पदार्थ इस ओर भेजने की मंशा से ही ड्रोन भेजता है। ऐसे में मंगलवार सुबह सीमा सुरक्षा बल,पुलिस व अन्य सुरक्षाबलों ने क्षेत्र में बड़े पैमाने पर तलाशी अभियान छेड़ दिया। सीमा पर चप्पे चप्पे की तलाशी ली जा रही है।

# हेराल्ड हाउस पर ईडी की छापेमारी प्रतिशोध की कार्रवाई, हम नहीं झुकेंगे: कांग्रेस

**वीर अर्जुन संवाददाता**

नई दिल्ली। कांग्रेस ने नेशनल हेराल्ड अखबार के मुख्यालय समेत उसके कई स्थानों पर प्रवर्तन निदेशालय की छापेमारी को प्रतिशोध की राजनीति करार देते हुए मंगलवार को कहा कि वह केंद्र सरकार के इस तरह के कदमों से झुकने और डरने वाली नहीं है तथा महंगाई एवं बेरोजगारी को लेकर आवाज बुलंद करती रहेगी।

मुख्य विपक्षी दल ने यह आरोप भी लगाया कि केंद्र सरकार असल मुद्दों से ध्यान भटकाने और कांग्रेस की छवि खराब करने के मकसद से यह सब कर रही है।

पार्टी महासचिव जयराम रमेश ने ट्वीट किया, हेराल्ड हाउस पर छापेमारी भारत के मुख्य विपक्षी दल कांग्रेस पर लगातार हो रहे हमले का हिस्सा है। हम उन सभी लोगों के खिलाफ की जा रही प्रतिशोध की राजनीति की कड़ी निंदा करते हैं, जो मोदी सरकार के खिलाफ बोलते हैं। आप हमें चुप नहीं करा सकते। राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने ट्वीट किया, ईडी द्वारा हेराल्ड हाउस पर छापेमारी केन्द्र सरकार की बौखलाहट का प्रतीक है। सोनिया गांधी जी एवं राहुल गांधी जी को पूछताछ के नाम पर प्रताडति करने के बाद ईडी अब अपना चेहरा बचाने के लिए इस तरह की कार्वाई कर रही है। उन्होंने कहा, इस पूरे मामले में पैसे का कोई लेन-देन ही नहीं हुआ, तो मनी लॉन्ड्रिंग कैसे हो सकती है। ईडी ने जुलाई, 2015 में इस मामले को बंद कर दिया था, लेकिन केन्द्र सरकार ने उस समय के जांच अधिकारी का तबादला कर नए अधिकारियों पर दबाव डाला और बदले की भावना से कार्वाई शुरू की। गहलोत ने जोर दिया, ईडी के माध्यम से केन्द्र सरकार कांग्रेस को बदनाम करने का चाहे कितना भी प्रयास कर ले, अंत में जीत सच्चाई की ही होगी। राज्यसभा में नेता प्रतिपक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा, ये सरासर राजनीतिक प्रतिशोध की कार्वाई है, ये कांग्रेस को तंग करने और उसकी छवि खराब करने के लिए की जा रही है। कांग्रेसजन इससे घबराने और डरने वाले नहीं हैं।

# विपक्षी नेताओं पर भ्रष्टाचार के आरोप तथ्यों, साक्ष्यों पर आधारित : भाजपा

नई दिल्ली, (वीअ)। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने प्रतिशोध की राजनीति के आरोपों को मंगलवार को खारिज करते हुए कहा कि विपक्ष के कुछ नेताओं पर लगे भ्रष्टाचार के आरोप तथ्यों और साक्ष्यों पर आधारित हैं। पार्टी ने कहा कि लोगों का पैसा ऐंठने वालों को खुला नहीं घूमने दिया जाएगा। भाजपा प्रवक्ता संबित पात्रा ने सरकार पर लगे राजनीतिक प्रतिशोध के आरोपों को लेकर विपक्ष पर पलटवार किया। उन्होंने शिवसेना सांसद संजय राउत पर लगे भ्रष्टाचार के आरोपों, तृणमूल कांग्रेस के नेता पार्थ चटर्जी की करीबी के पास से भारी मात्रा में नकदी जब्त होने और आम आदमी पार्टी के नेता सत्येंद्र जैन पर लगे धनशोधन के आरोपों पर बात की।इन सभी नेताओं को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) गिरफ्तार कर चुका है। पात्रा ने कहा, वे बड़े नेता हैं, क्या इसलिए उन्हें खुला घूमने दिया जाए? उन पर लगे आरोप तथ्यों और सबूतों पर आधारित हैं, बयानबाजी पर नहीं। विपक्ष को भ्रष्टाचार का राजनीतिकरण नहीं करना चाहिए। पात्रा ने पत्रकारों से बातचीत में दावा किया कि भाजपा नीत सरकार कभी भी संवैधानिक मूल्यों का उल्लंघन नहीं करेगी और न ही जांच एजेंसियों के कामकाज में दखल देगी। उन्होंने कहा, लेकिन हम भ्रष्टाचार को कतई बर्दाश्त नहीं करते। जिसने भी जनता के पैसे ऐंठे हैं, उसे बख्शा नहीं जाएगा। पात्रा ने कहा कि राउत 2007 में 47 एकड़ के भूखंड की पुनर्विकास परियोजना से संबंधित लगभग 1,040 करोड़ रुपये के घोटाले में आरोपी हैं। उन्होंने कहा कि इस संबंध में महाराष्ट्र आवास एवं विकास प्राधिकरण ने 2018 में मामला दर्ज किया था।

**वैधानिक सूचना:** पाठकों को सलाह दी जाती है कि किसी विज्ञापन पर प्रतिक्रिया से पहले विज्ञापन में प्रकाशित किसी उत्पाद या सेवा के बारे में पूरी तरह उपयुक्त जांच-पड़ताल कर लें। यह समाचार पत्र उत्पाद या सेवा की गुणवत्ता आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता। समाचार पत्र उपरोक्त विज्ञापनों के बारे में किसी भी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।


## ऋण वसूली न्यायाधिकरण-II, दिल्ली के समक्ष
चतुर्थ तल, जीवन तारा बिल्डिंग, संसद मार्ग, नई दिल्ली-110001

ओ.ए. सं. 695/19 — तिथि : 29—07—2022

पंजाब नैशनल बैंक — आवेदक

विरुद्ध

श्री राज कुमार जैन एवं अन्य — प्रतिवादीगण

सेवा में,
प्रतिवादीगण
1. **श्री राज कुमार जैन** पुत्र श्री जिया लाल जैन
**निवासी** सी—10 तृतीय तल रामप्रस्था गाजियाबाद यूपी—201001
**अन्य पता:** टीएफ—01, प्लॉट सं. ए—101 सेक्टर—7, रामपुरी गाजियाबाद यूपी—201001
2. **श्रीमती इन्दु जैन** पत्नी श्री राज कुमार जैन
**निवासी** सी—10 तृतीय तल रामप्रस्था गाजियाबाद यूपी—201001
**अन्य पता:** टीएफ—01, प्लॉट सं. ए—101 सेक्टर—7, रामपुरी गाजियाबाद यूपी—201001

जबकि उपरोक्त नामक आवेदक (कों) ने आपके विरुद्ध रु. **1,84,48,114/— (रुपए एक करोड़ चौरासी लाख अड़तालिस हजार एक सौ चौदह मात्र)** की वसूली के लिए एक वाद स्थापित किया है तथा जबकि न्यायाधिकरण को संतोषप्रद रूप से यह दर्शाया जा चुका है कि आपको साधारण रूप से सूचना दिया जाना संभव नहीं है, इसलिए, विज्ञापन के रूप में इस सूचना के माध्यम से आपको दिनांक **05—09—2022** को पूर्वा. 10.30 बजे इस न्यायाधिकरण के समक्ष उपस्थित होने का निर्देश दिया जाता है।
ध्यान दें कि यदि आप उपरोक्त तिथि को इस न्यायाधिकरण के समक्ष उपस्थित नहीं होंगे, वाद की सुनवाई तथा निर्णय आपकी अनुपस्थिति में किया जाएगा।
**वैश्विक महामारी की वर्तमान स्थिति के कारण, सभी मामलों की सुनवाई वीडियो कॉन्फ्रेन्सिंग के माध्यम से की जाएगी और उस प्रयोजन हेतु :—**
(i) सभी अधिवक्ता/विवादी **"Cisco Webex"** ऐप्लीकेशन/सॉफ्टवेयर डाउनलोड करेंगे ;
(ii) रजिस्ट्रार/वसूली अधिकारी—।/तथा वसूली अधिकारी—।। द्वारा मामलों की सुनवाई की अगली तिथि हेतु **"Meeting ID"** तथा **"Password"** अगली तारीख से एक दिन पहले डीआरटी के आधिकारिक पोर्टल नामतः **"drt.gov.in"** पर पर सार्वजनिक सूचना शीर्षक के अंतर्गत उपलब्ध होगा।
(iii) किसी कार्याधिक्य की स्थिति में, अधिवक्ता/विवादी संबंधित पदाधिकारी से फोन नंबर 23748478 पर सम्पर्क कर सकते हैं।
मेरे हस्ताक्षर और इस न्यायाधिकरण की मोहर के तहत **29 जुलाई, 2022** को दिया गया।

न्यायाधिकरण के आदेश द्वारा
अनुभाग अधिकारी, डीआरटी—।।, दिल्ली

## उत्तर रेलवे
### निविदा सूचना

उप मुख्य अभियन्ता/निर्माण-I, उत्तर रेलवे, स्टेट एंट्री रोड, नई दिल्ली द्वारा भारत के राष्ट्रपति के लिए एवं उनकी ओर से निम्नलिखित कार्य के लिए **दो पैकेट सिस्टम** के अधीन खुली ई—टेंडर आमंत्रित की जाती है।

| | | |
|---|---|---|
| 1 | कार्य का नाम व स्थल | तिलक ब्रिज, आई. टी. ओ., नई दिल्ली पर रेलवे के परिचालन के लिए रेलवे ऑफिस एवं विश्राम गृह के निर्माण के शेष कार्य (दूसरी कॉल)। |
| 2 | कार्य अवधि | 11 (ग्यारह) माह |
| 3 | कार्य की अनुमानित लागत | रुपये 1,130.91 लाख (रुपये ग्यारह करोड़ तीस लाख इक्यान्वे हज़ार मात्र) |
| 4 | धरोहर राशि, जो जमा करानी है | रुपये 7,15,500/- |
| 5 | ई-टेंडर जमा करने व खुलने की तारीख व समय | निविदाएँ IREPS की वेबसाईट www.ireps.gov.in पर दिनांक 25.08.2022 को 11.30 बजे तक अपलोड की जा सकती हैं। निविदादाता केवल ई—टेंडर में भाग ले सकते हैं। निविदाएँ दिनांक 25.08.2022 को 11.30 बजे खोली जाएगी। |
| 6 | विस्तृत निविदा सूचना एवं निविदा प्रपत्र | निविदा प्रपत्र IREPS की वेबसाइट www.ireps.gov in पर दिनांक 04.08.2022 से 25.08.2022 तक उपलब्ध होगी। उपरोक्त निविदा के संबंध में अन्य सभी नियम और शर्तें निविदा प्रपत्र में दिये गए हैं। विस्तृत निविदा सूचना को उपरोक्त कार्यालय के सूचना पट पर भी देखी जा सकती है। |

सं.: 220-Acs-1-1210-ORH-TKJ दिनांक: 02.08.2022 — 1967/2022

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

## ऋण वसूली न्यायाधिकरण-II, दिल्ली के समक्ष
चतुर्थ तल, जीवन तारा बिल्डिंग, संसद मार्ग, नई दिल्ली-110001

ओए. सं. 120/2021 — तिथि : 15—07—2022

पंजाब एण्ड सिंध बैंक — आवेदक

विरुद्ध

सुश्री साहिस्ता एवं अन्य — प्रतिवादीगण

सेवा में,
प्रतिवादीगण
1. **सुश्री साहिस्ता** पत्नी श्री लल्ला
निवासी एफ—128, दूसरी मंजिल किलोकरी आश्रम दिल्ली—14 **अन्य पता:** निवासी 4929/सी—6, गली नं. 1 सरताज मोहल्ला पूर्व सीलम पुर दिल्ली — 53
2. **श्री लल्ला** पुत्र मो. शाहिद
निवासी एफ—128, दूसरी मंजिल किलोकरी आश्रम दिल्ली—14
**अन्य पता:** 4929/सी—6, गली नं. 1 सरताज मोहल्ला पूर्व सीलम पुर दिल्ली — 53
3. **श्री जफर अली** पुत्र अफसर अली, निवासी 1564, छोटी पीपल वाली गली पहाड़ी भोजला चिट्टी कबर जामा मस्जिद दिल्ली — 110006

जबकि उपरोक्त नामक आवेदक (कों) ने आपके विरुद्ध **रु. 26,83,205.50/— (रुपए छब्बीस लाख तिरासी हजार दो सौ पाँच और पचास पैसे मात्र)** की वसूली के लिए एक वाद स्थापित किया है तथा जबकि न्यायाधिकरण को संतोषप्रद रूप से यह दर्शाया जा चुका है कि आपको साधारण रूप से सूचना दिया जाना संभव नहीं है, इसलिए, विज्ञापन के रूप में इस सूचना के माध्यम से आपको दिनांक **20—09—2022** को पूर्वा. 10.30 बजे इस न्यायाधिकरण के समक्ष उपस्थित होने का निर्देश दिया जाता है।
ध्यान दें कि यदि आप उपरोक्त तिथि को इस न्यायाधिकरण के समक्ष उपस्थित नहीं होंगे, वाद की सुनवाई तथा निर्णय आपकी अनुपस्थिति में किया जाएगा।
**वैश्विक महामारी की वर्तमान स्थिति के कारण, सभी मामलों की सुनवाई वीडियो कॉन्फ्रेन्सिंग के माध्यम से की जाएगी और उस प्रयोजन हेतु :—**
(i) सभी अधिवक्ता/विवादी "Cisco Webex" ऐप्लीकेशन/सॉफ्टवेयर डाउनलोड करेंगे ;
(ii) रजिस्ट्रार/वसूली अधिकारी—।/तथा वसूली अधिकारी—।। द्वारा मामलों की सुनवाई की अगली तिथि हेतु "Meeting ID" तथा "Password" अगली तारीख से एक दिन पहले डीआरटी के आधिकारिक पोर्टल नामतः "drt.gov.in" पर पर सार्वजनिक सूचना शीर्षक के अंतर्गत उपलब्ध होगा।
(iii) किसी कार्याधिक्य की स्थिति में, अधिवक्ता/विवादी संबंधित पदाधिकारी से फोन नंबर 23748478 पर सम्पर्क कर सकते हैं।
मेरे हस्ताक्षर और इस न्यायाधिकरण की मोहर के तहत 15 जुलाई, 2022 को दिया गया।

न्यायाधिकरण के आदेश द्वारा
सहायक रजिस्ट्रार, डीआरटी—।।, दिल्ली

## STL GLOBAL LIMITED
CIN: L51909DL1997PLC088667
Regd. Office : Unit No.111, Block No.1, 1st Floor, Tribhuwan Complex, Ishwar Nagar, New Delhi- 110065

**NOTICE**

Notice is hereby given that pursuant to Regulations 29 & 47 of the SEBI (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulations, 2015 as amended from time to time the Meeting of the Board of Directors of the Company will be held on Wednesday the 10th day of August, 2022 at 11:00 A.M. at the Corporate Office of the Company at Plot No.207-208, Sector-58, Faridabad-121004, HR in order to discuss, take on record and approve, inter alia, the Un-Audited Financial Results for the quarter ended on June 30, 2022.
Notice of the Board Meeting is also available on the Company's Website at www.stl-global.com and on the Stock Exchanges website at NSE at www.nseindia.com and BSE at www.bseindia.com respectively.

For STL GLOBAL LIMITED
Sd/-
Place : Faridabad — Manil Kr. Nagar
Date : 02nd August, 2022 — Company Secretary

## पूर्वोत्तर रेलवे

**खुली ई-निविदा सूचना संख्या : SrDEE-TRD-BSB-2022-23-T03 दि. : 01.08.2022**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से एवं उनके लिए वरिष्ठ मंडल विद्युत इंजीनियर/टीआरडी, पूर्वोत्तर रेलवे, वाराणसी द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु "खुली" ई-निविदा आमंत्रित करते है।
क्र.सं.: 01, **कार्य का नामः** पूर्वोत्तर रेलवे के वाराणसी मंडल के छपरा एवं पचरूखी टीएसएस में इलेक्ट्रोमैग्नेटिक/इलेक्ट्रो स्टैटिक रिले को न्यूमेरिकल रिले से बदलना और 16 एसएसपी में पी.टी. के माध्यम से टीपीसी के स्काडा प्रणाली में 25 केवी वोल्टेज वैल्यू का दर्शित होना। **टेंडर रिफरेंस नं.** SrDEE-TRD-BSB-2022-23-T03, **कार्य का अनुमानित लागत ₹ में : 12083476.50, धरोहर राशि ₹ में : 210400/-, निविदा प्रपत्र का मूल्य ₹ में : शून्य, निविदा बंद होने की तिथि एवं समयः 22.08.2022 up to 15.00 Hrs, कार्य पूरा करने की अवधिः 06 माह।**
• खुली ई-निविदा दिनांक **22.08.2022 को 15.00 बजे** तक जमा कर सकेगे। • पूर्ण विवरण जानने हेतु एवं निविदा की प्रस्तुति करने के लिए कृपया भारतीय रेलवे की वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर देखें

वरिष्ठ मंडल विद्युत इंजीनियर/टीआरडी/
मुजाधि/विद्युत-60 — वाराणसी

यात्री सुविधा सम्बन्धित शिकायत हेतु मोबाइल नं. 09794845955 पर SMS करें।

ट्रेनों में बीड़ी/सिगरेट न पियें

## उत्तर रेलवे

संख्याः— 570—सिग—पी0स0—निविदा—120 — दिनांक : 02.08.2022

उप0 मु0 सिग0 एवं दू0 सं0 अभि0/नि0/पी0 स0/नई दिल्ली, भारत के राष्ट्रपति की तरफ से निर्धारित प्रपत्र पर सील्ड e—निविदा (एकल पैकेट प्रणाली) निम्नलिखित कार्य के लिए आमंत्रित कर रहा है।

| | | |
|---|---|---|
| 1 | कार्य का नाम व स्थान | उत्तर मध्य रेलवे के चिपियाना बुजुर्ग—दादरी के बीच चौथी लाइन के कार्य के प्रावधान के लिए चिपियाना बुजुर्ग के इलेक्ट्रॉनिक इंटरलॉकिंग में परिवर्तन के सम्बंध मे एस एंड टी कार्य। |
| 2 | पूरा होने की अवधि | 06 महीने (अनुबंध पत्र जारी होने की तिथि से) |
| 3 | कार्य की अनुमानित लागत | रू. 2.00 करोड। |
| 4 | धरोहर राशि | रू. 2,50,000/— (दो लाख पचास हजार केवल) (केवल ऑन लाइन जमा किया जाना है ) |
| 5 | स्थान जहाँ से निविदा फार्म खरीदा जा सकता है। | उपरोक्त ई—निविदा दस्तावेज IREPS की वेब साइट www.ireps.gov.in पर 03.08.2022 से 26.08.2022 को 11.30 AM तक उपलब्ध रहेगा। |
| 6 | निविदा फार्म जमा करने की आखिरी तारीख एवं समय | निविदा फार्म 12.08.2022 से 26.08.2022 को 11.30 AM तक जमा कराये जा सकते हैं। |
| 7 | निविदा खुलने की तारीख एवं समय | ई—निविदा दिनांक 26.08.2022 को 11.30 बजे खोला जाएगा। |

1972/22

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

## गुमशुदा की तलाश



उमर फारूख

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि एक लड़का जिसका **नामः उमर फारूख, पुत्रः लुकमान अहमद, पताः** मकान नं. जे—12/8, छतरपुर, नई दिल्ली, **उम्रः** 13 साल, **लिंगः** पुरूष, **कदः** 4 फुट 8 इंच, **चेहराः** गोल, **रंगः** गोरा, **शरीरः** मध्यम, **पहचानः** बांयी भौंह पर कटे का निशान, **पहनावाः** पीले रंग की पूरी बाजू की टी—शर्ट, नीले रंग की जींस और लाल रंग की सैंडिल और काले रंग का स्कूल बैग और मोटोरोला फोन लिए हुए है। जो दिनांक **03.07.2022** को दोपहर 03:00 बजे थाना महरौली, नई दिल्ली क्षेत्र से लापता है। इस संदर्भ में थाना महरौली, नई दिल्ली में **FIR No. 402/22 U/s 363 IPC Dated 04.07.2022** के तहत रिपोर्ट दर्ज है। हर संभव कोशिश के बाद भी इस लापता लड़के का कोई सुराग नहीं मिल पाया है। अगर किसी को इस लापता लड़के के बारे में कोई जानकारी मिले तो कृपया निम्नलिखित फोन नम्बरों पर सूचित करें।

**वेबसाइट: http//cbi.nic.in**
**ई—मेल - cic@cbi.gov.in**
**फोनः 011-24368638, 24368641**
**फैक्स नं. 011-24368639**
**DP/339/SD/2022**

थानाध्यक्ष
थाना महरौली,
नई दिल्ली
फोन नं: 011-26643200, 8750870824

## ऐरो ग्रेनाइट इंडस्ट्रीज लिमिटेड
AARO GRANITILES
सीआईएन : L74899DL1988PLC031510
पंजी. कार्यालय : 1001, 10वां तल, डीएलएफ टावर ए, जासोला, नई दिल्ली—110025 फोन : 011—41686169, फैक्स : 011—26941984
ई—मेल : investorgrievance@arotile.com, वेबसाइट : www.arotile.com

### 34वीं वार्षिक सामान्य बैठक की सूचना और दूरस्थ ई—वोटिंग जानकारी

एतद्द्वारा सूचना दी जाती है कि एरो ग्रेनाइट इंडस्ट्रीज लिमिटेड ("कम्पनी") के सदस्यों की 34वीं वार्षिक सामान्य बैठक (एजीएम) अगस्त, 26, 2022 को अप. 12.30 बजे (आईएसटी), एजीएम की सूचना में सूचीबद्ध व्यवसाय के निष्पादन हेतु, कम्पनी अधिनियम, 2013 के सभी लागू प्रावधानों एवं तदधीन विरचित नियमों ("अधिनियम") तथा सेबी (सूचीयन दायित्व और प्रकटीकरण अपेक्षाएं) विनियमावली, 2015 ("सूचीयन विनियमावली") के साथ पठित कार्पोरेट मंत्रालय ("एमसीए") द्वारा जारी जनरल सर्कुलर नंबर 14/2020 (दिनांकित 08 अप्रैल, 2020), 17/2020 (दिनांकित 13 अप्रैल, 2020), 20/2020 (दिनांकित 05 मई, 2020) साथ में सर्कुलर नंबर 02/2021 (दिनांकित 13 जनवरी, 2021) 2/2022 (दिनांकित 05 मई, 2022) 3/2022 (दिनांकित 05 मई, 2022) ("एमसीए सर्कुलर्स") भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड द्वारा जारी सर्कुलर नंबर सेबी/एचओ/सीएफडी/सीएमडी2/सीआईआर/पी/2021/11 दिनांकित 15 जनवरी, 2021 के साथ पठित सर्कुलर नंबर सेबी/एचओ/सीएफडी/सीएमडी1/सीआईआर/पी/2020/79 दिनांकित 12 मई, 2020, सेबी/एचओ/सीएफडी/सीएमडी2/सीआईआर/पी/2022/62 दिनांकित 13 मई, 2022 ("सेबी सर्कुलर") के अनुपालन में, किसी उभय स्थान पर सदस्यों की भौतिक उपस्थिति के बगैर, वीडियो कॉन्फ्रेन्स (वीसी/ओएवीएम) के माध्यम से, आयोजित की जाएगी।
उक्त एमसीए सर्कुलर्स के साथ पठित सेबी सर्कुलर दिनांकित 12 मई, 2020 के अनुपालन में, एजीएम की सूचना तथा 31 मार्च, 2022 को समाप्त वित्तीय वर्ष हेतु वार्षिक रिपोर्ट की इलेक्ट्रॉनिक प्रतियां उन सभी सदस्यों को भेजी जा चुकी हैं, जिनकी ई—मेल आईडी'ज कम्पनी/डिपॉजिटरी पार्टिसिपैंट (पार्टिसिपैंट्स) के पास पंजीबद्ध है। कृपया नोट करें कि सदस्यों को एजीएम की सूचना तथा वार्षिक रिपोर्ट की भौतिक प्रति भेजने की आवश्यकता एमसीए सर्कुलर/सर्कुलर्स तथा सेबी सर्कुलर द्वारा समाप्त कर दी गई है। सूचना तथा वार्षिक रिपोर्ट कम्पनी की वेबसाइट www.arotile.com पर तथा स्टॉक एक्सचेंजेज नामतः बीएसई लिमिटेड तथा नैशनल स्टॉक एक्सचेंज की वेबसाइट क्रमानुसार www.bseindia.com और www.nseindia.com पर भी उपलब्ध होगी, जहां कम्पनी के शेयर सूचीबद्ध हैं।
सदस्य, जो भौतिक / इलैक्ट्रोनिक रूप में शेयरधारण करते हैं और उनके ई—मेल पते कम्पनी /उनके सम्बद्ध डिपॉजिटरी पार्टिसिपेंट्स के पास पंजीकृत नहीं है, से उनके नाम, पूर्ण पता, फोलियो नं., कम्पनी के साथ धारित शेयरों की संख्या का वर्णन करते हुये सदस्य (ों) द्वारा विधिवत हस्ताक्षरित पत्र की स्कैन की हुई प्रति सहित पैन कार्ड की स्व—सत्यापित स्कैन की हुई प्रति और निम्नलिखित दस्तावेजों यथा आधार कार्ड, ड्राईविंग लाइसैंस, निर्वाचन कार्ड, पासपोर्ट, यूटिलिटी बिल अथवा ई—मेल investorgrievance@arotile.com द्वारा एजीएम की सूचना सहित वार्षिक रिपोर्ट 2021—22 प्राप्त करने हेतु कम्पनी के पास पंजीकृत अनुसार सदस्य के पते प्रमाण के समर्थन में कोई अन्य सरकारी दस्तावेज में से किसी एक की स्व—सत्यापित स्कैन की हुई प्रति भेजकर शीघ्रातिशीघ्र अपने ई—मेल पते पंजीकृत करवाने का आग्रह किया जाता है। डिमैट रूप में शेयरधारण करने वाले सदस्य अपना ई—मेल पता उनके डिपॉजिटरी पार्टिसिपेंट्स के पास अद्यतन करवा सकते हैं।
तरीका जिसमें शेयरधारक दूरस्थ ई—वोटिंग के माध्यम से अथवा एजीएम के समय ई—वोटिंग द्वारा अपना मत दे सकते हैं और वीडियो कांफ्रैस (वीसी)/ अन्य ऑडियो—विजुअल साधनों (ओएवीएम) के माध्यम से एजीएम में शामिल हो, से सम्बन्धित निर्देश ई—एजीएम की सूचना में निहित हैं।
कट—ऑफ तिथि अर्थात 19 अगस्त, 2022 के अनुसार या तो भौतिक रूप में या डिमैटीरियलाइज्ड रूप में शेयरधारण करने वाले सदस्य सीडीएसएल की इलैक्ट्रोनिक प्रणालियों के माध्यम से एजीएम की सूचना में विनिर्दिष्ट अनुसार सामान्य और विशेष बिजनेसिज पर इलैक्ट्रोनिकली अपना मत दे सकते हैं। सभी सदस्यों को सूचित किया जाता है :—
1. एजीएम की सूचना में विनिर्दिष्ट अनुसार सामान्य और विशेष बिजनेसिज इलैक्ट्रोनिक साधनों द्वारा वोटिंग के माध्यम से सम्पादित किया जाएगा ;
2. दूरस्थ ई—वोटिंग 23 अगस्त 2022 को प्रातः 10.00 बजे (आईएसटी) प्रारम्भ होगी ;
3. दूरस्थ ई—वोटिंग 25 अगस्त 2022 को सायं 5.00 बजे (आईएसटी) समाप्त होगी ;
4. इलैक्ट्रोनिक साधनों द्वारा अथवा एजीएम में मतदान करने के लिये पात्रता सुनिश्चित करने हेतु कट—ऑफ तिथि 19 अगस्त 2022 है और यदि कोई व्यक्ति जो कट—ऑफ तिथि के अनुसार सदस्य नहीं है, इस सूचना को केवल जानकारी के प्रयोजन हेतु मानें ;
5. व्यक्ति, जो ई—एजीएम की सूचना को भेजने के पश्चात कम्पनी का सदस्य बनता है और कम्पनी के शेयर अर्जन करता है तथा शेयरधारण करता है और मतदान करने के लिये पात्र हैं, एजीएम की सूचना में प्रदान किये गये लॉगइन आईडी और पासवर्ड जनरेट करने के लिये प्रक्रिया का पालन कर सकता है। यदि ऐसा कोई व्यक्ति ई—वोटिंग हेतु सीडीएसएल के पास पहले से ही पंजीकृत है, मतदान करने के लिये मौजूदा यूजर आईडी और पासवर्ड का उपयोग किया जा सकता है ;
6. सदस्य ध्यान दें कि : ए) दूरस्थ ई—वोटिंग मॉड्यूल मतदान हेतु उपरोक्त तिथि व समय के पश्चात सीडीएसएल द्वारा अयोग्य कर दिया जाएगा और सदस्य द्वारा किसी प्रस्ताव पर एक बार मतदान कर दिया जाता है तो सदस्य को तदोपरांत इसे परिवर्तित करने की अनुमति नहीं दी जाएगी; बी) सदस्य जो एजीएम से पूर्व दूरस्थ ई—वोटिंग द्वारा अपना मत नहीं दे चुके हैं, एजीएम में उपस्थित भी हो सकते हैं परन्तु दोबारा अपना मत देने के हकदार नहीं होंगे ; सी) इलैक्ट्रोनिक मोड के माध्यम से मतदान हेतु सुविधा एजीएम में उपलब्ध करवाई जाएगी और डी) कोई व्यक्ति जिसका नाम कट—ऑफ तिथि के अनुसार डिपॉजिटरीज द्वारा मैनेटेन किये गये लाभकारी मालिकों के रजिस्टर में अथवा सदस्यों के रजिस्टर में दर्ज है, केवल वे ही दूरस्थ ई—वोटिंग की सुविधा के साथ—साथ ई—एजीएम में मतदान का लाभ उठाने के हकदार होंगे।

कम्पनी अधिनियम 2013 की धारा 91 और कम्पनी (प्रबंधन एवं प्रशासन) नियमों, 2014 के नियम 10 के अनुसरण में भी सूचना दी जाती है कि वार्षिक सामान्य बैठक की वजह से सदसयों का रजिस्टर और शेयर ट्रांसफर बुक्स शानिवार 20 अगस्त 2022 से शुक्रवार 26 अगस्त 2022 तक (दोनों दिन मिलाकर) बंद रहेंगे।
यदि आपको एजीएम में भाग लेने और सीडीएसएल ई—वोटिंग सिस्टम से ई—वोटिंग के संबंध में कोई संदेह या समस्या है, तो आप helpdesk.evoting@cdslindia.com को ई—मेल लिखें अथवा 022—23058738 तथा 022—23058542/43 पर सम्पर्क करें। इलेक्ट्रॉनिक साधनों द्वारा वोटिंग हेतु सुविधा संबंधी सभी शिकायतें श्री राकेश दाल्वी, वरि. प्रबंधक, (सीडीएसएल), सेंट्रल डिपॉजिटरी सर्विसेज (इंडिया) लिमिटेड, ए विंग, 25वां तल, मैराथन फ्यूचरेक्स, मफतलाल मिल कम्पाउण्ड, एनएम जोशी मार्ग, लोअर परेल (ई), मुंबई—400013 को संबोधित करें अथवा helpdesk.evoting@cdslindia.com को ई—मेल भेजें अथवा 022—23058542/43 पर कॉल करें।

कृते **ऐरो ग्रेनाइट इंडस्ट्रीज लिमिटेड**
स्थान : नई दिल्ली — सब्यसाची पाणिग्रही
दिनांक : 02.08.2022 — कम्पनी सेक्रेटरी

## उत्तर रेलवे
### ई-खुली निविदा सूचना

मंडल अभियंता सम्पदा, उत्तर रेलवे, नई दिल्ली द्वारा निम्न कार्यों के लिए खुली निविदा दिनांक **22.08.2022** को **15:00 बजे** तक आमंत्रित की जाती है। जो उसी दिन तत्काल खोली जाएगी।

| क्र. सं. | GEM निविदा संख्या | कार्य का नाम | अनुमानित लागत | धरोहर राशि | समापन अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| (ए) | GEM/2022/ B/2386970 | प्रोविजन ऑफ सिक्योरिटी अरेंजमेंट ऐट इको पार्क इन दी सेक्शन ऑफ एस एस ई/ डब्लू/एस एम एम अंडर ऐ डी ऐन/ई-II फॉर 30 मंथ। | रुपये 73,47,844.04 | रुपये 1,46,957.00 | 2 साल 6 महीने |
| (बी) | GEM/2022/ B/2388020 | आउटसोर्सिंग ऑफ मेंटेनेंस एक्टिविटीज़ टू प्रोवाइड हबिटेबल कंडीशंस इन ट्रांजिट कैंप इन दी सेक्शन ऑफ एस एस ई/ डब्लू/ट्रांजिट कैंप अंडर ऐ डी ऐन/ई-I फॉर 13 मंथ। | रुपये 1,65,68,758.95 | रुपये 2,33,620.00 | 1 साल 1 महीने |

1. निविदा दिनांकः **22.08.2022** को **15:00 बजे** तक जमा की जा सकती है एवं तत्काल खोली जाएगी।
2. निविदा www.gem.gov.in पर उपलब्ध है।

सं.: 128-डब्लयू/269/निविदा सूचना/22-23/डब्लयू-ई/टेंडर. नः 13 दिनांक: 01.08.2022 — 1963/2022

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

## उत्तर रेलवे
### ई—निविदा सूचना

वरिष्ठ मण्डल अभियंता- तृतीय, फिरोज़पुर द्वारा भारत के राष्ट्रपति की ओर से निम्नलिखित ई-निविदाएं, अंतिम तिथि 24.08.2022 समय 15:00 बजे तक, www.ireps.gov.in पर आमंत्रित की जाती है। निविदाकर्ता अपने मूल/संशोधित निविदा बंद होने की तिथि तथा समय तक प्रस्तुत कर सकते हैं। मैन्युअल निविदा मान्य नहीं है और ऐसे किसी भी मैन्युअल प्रस्ताव को स्वीकार नहीं किया जाएगा। ठेकेदार निविदा प्रपत्र की लागत और बयाना राशि का भुगतान केवल www.ireps.gov.in पोर्टल पर उपलब्ध ऑन लाइन साधनों के माध्यम जैसे नेट बैंकिंग, डेबिट कार्ड, व क्रेडिट कार्ड आदि से भुगतान कर सकते हैं। डिमांड ड्राफ्ट, बैंकर्स चेक, एफ.डी.आर. व रसीदों आदि के माध्यम से भुगतान की अनुमति नहीं हैं।

| निविदा प्रकार | निविदा अनुभाग | बोली प्रणाली |
|---|---|---|
| खुला | कार्य | एकल बोली प्रणाली |
| निविदा अपलोड करने की तिथि | बोली शुरू करने की तिथि | बोली समापन की तिथि तथा समय |
| 01.08.2022 | 10.08.2022 | 24.08.2022 / 15:00 बजे |

| क्रम संख्या | निविदा संख्या | निविदा का विवरण | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 136-2022-23-ADEN-I-ASR | ADEN-1/ASR के अधीन SSE/W/WS/ASR सेक्सन के अन्तर्गत 3 नंबर के नलकूपों को पंप हाउस से बदलना और मौजूदा टैंकों (बी ब्लॉक कॉलोनी में 2 नंबर और ए ब्लॉक कॉलोनी में 1 नंबर) के लिए पानी की आपूर्ति कनेक्शन और पुराने क्षतिग्रस्त स्टील वॉटर स्टोरेज टैंक को आरसीसी टैंक कैप 225000 लीटर के साथ लोको शेड में बदलना और बी ब्लॉक कॉलोनी में दो मंजिला स्टाफ क्यूआरएस की बालकनियों की मरम्मत और दरवाजों, खिड़कियों और पीवीसी पानी के भंडारण टैंकों को बदलना। | | | |
| | | विज्ञापन मूल्य (रु.) | बयाना राशि (रु.) | ऑफर की वैधता | समापन की अवधि |
| | | 1,36,36,252.67/- | 2,18,200/- | 60 दिन | 08 महीने |
| | | समान प्रकृति का कार्य— ट्रैक कार्य के अलावा कोई भी सिविल कार्य। | | | |

नोटः 1. निविदा डालने से पहले, निविदाकर्ता निविदा के संबंध में जारी किए गए किसी भी शुद्धिपत्र की जांच करेंगे।
सं.: 770-W/169/WA/FZR/2022-23 दिनांक : 01.08.2022. — 1965/22

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

## उत्तर रेलवे
### ई-निविदा सूचना

वरिष्ठ मण्डल अभियंता- तृतीय, फिरोजपुर द्वारा भारत के राष्ट्रपति की ओर से निम्नलिखित ई-निविदाएं, **अंतिम तिथि 24.08.2022 समय 15.00 बजे** तक, www.ireps.gov.in पर आमंत्रित की जाती है। निविदाकर्ता अपने मूल/संशोधित निविदा बंद होने की तिथि तथा समय तक प्रस्तुत कर सकते है। मैन्युअल निविदा मान्य नहीं है और ऐसे किसी भी मैन्युअल प्रस्ताव को स्वीकार नहीं किया जाएगा। ठेकेदार निविदा प्रपत्र की लागत और बयाना राशि का भुगतान केवल www.ireps.gov.in पोर्टल पर उपलब्ध ऑन लाइन साधनों के माध्यम जैसे नेट बैंकिंग, डेबिट कार्ड व क्रेडिट कार्ड आदि से भुगतान कर सकते हैं। डिमांड ड्राफ्ट, बैंकस चेक, एफ.डी.आर. व रसीदों आदि के माध्यम से भुगतान की अनुमति नही हैं।

| निविदा प्रकार | निविदा अनुभाग | बोली प्रणाली |
|---|---|---|
| खुला | कार्य | एकल बोली प्रणाली |
| निविदा अपलोड करने की तिथि | बोली शुरु की तिथि | बोली समापन की तिथि तथा समय |
| 01.08.2022 | 10.08.2022 | 24.08.2022 / 15:00 बजे |

| क्र. सं | निविदा संख्या | निविदा का विवरण | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 137-2022-23-ADEN-I-ASR | ADEN-I/ASR के तहत अमृतसर में RSO आउटपिट का सुधार और उन्नयन। | | | |
| | | विज्ञापन मूल्य (रु.) | ब्याना राशि | ऑफर की वैधता | समापन की अवधि |
| | | 72,64,928.21/- | 1,45,300/- | 60 दिन | 06 महीने |
| | | समान प्रकृति का कार्य:- ट्रैक कार्य के अलावा कोई भी सिविल कार्य। | | | |
| 2 | 138-2022-23-ADEN-I-ASR | ADEN-I/ASR के खंड में एसएसई/डब्ल्यू/डब्ल्यूएस/एएसआर के तहत अमृतसर में ए-ब्लॉक और बी-ब्लॉक कॉलोनी में पुरानी/क्षतिग्रस्त जलापूर्ति पाइप लाइन की भारी मरम्मत। | | | |
| | | विज्ञापन मूल्य (रु.) | ब्याना राशि | ऑफर की वैधता | समापन की अवधि |
| | | 79,99,193.69/- | 1,60,000/- | 60 दिन | 06 महीने |
| | | समान प्रकृति का कार्य:- ट्रैक कार्य के अलावा कोई भी सिविल कार्य। | | | |

नोटः 1. निविदा डालने से पहले, निविदाकर्ता निविदा के संबंध में जारी किए गए किसी भी शुद्धिपत्र की जाँच करेंगे।
निविदा सूचना पत्र सं.: 770-W/169/WA/FZR/2022-23 दिनांक: 01.08.2022 — 1966/22

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# दिल्ली पुलिस प्रमुख ने की गृह मंत्री शाह से मुलाकात

विशेष प्रतिनिधि

नई दिल्ली। दिल्ली के नवनियुक्त पुलिस आयुक्त संजय अरोड़ा ने बल का कार्यभार संभालने के एक दिन बाद मंगलवार को केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से मुलाकात की। अरोड़ा तमिलनाडु कैडर के आईपीएस अधिकारी हैं और रविवार को दिल्ली पुलिस प्रमुख के रूप में अपनी नियुक्ति से पहले अर्धसैनिक बल भारत-तिब्बत सीमा पुलिस के प्रमुख थे। शाह के कार्यालय ने ट्वीट किया, दिल्ली के पुलिस आयुक्त संजय अरोड़ा ने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से मुलाकात की। अधिकारियों ने इस मुलाकात को शिष्टाचार मुलाकात बताया। अरोड़ा एक समय तमिलनाडु पुलिस के विशेष कार्यबल (एसटीएफ) का हिस्सा थे, जिसने चंदन तस्कर वीरप्पन को बाद में मार गिराया था। अरोड़ा ने गुजरात कैडर के आईपीएस अधिकारी राकेश अस्थाना का स्थान लिया है, जो रविवार को सेवानिवृत्त हुए। अरोड़ा (57) दिल्ली पुलिस का नेतृत्व करने वाले लगातार दूसरे गैर-एजीएमयूटी कैडर के आईपीएस अधिकारी हैं। साथ ही 1978 में दिल्ली पुलिस अधिनियम पारित होने और एक कमिश्नरेट की स्थापना के बाद से तीसरे ऐसे अधिकारी हैं। अरोड़ा और अस्थाना से पहले, उत्तर प्रदेश कैडर के 1966 बैच के आईपीएस अधिकारी अजय राज शर्मा को 1999 में दिल्ली पुलिस प्रमुख नियुक्त किया गया था, जब लालकृष्ण आडवाणी केंद्रीय गृह मंत्री थे।



दिल्ली के नवनियुक्त पुलिस आयुक्त संजय अरोड़ा केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से मुलाकात करते हुए। (छाया : एएनआई)

## ईडी ने धनशोधन मामले में बेंगलुरु की पूर्व पार्षद की 3.35 करोड़ की सम्पत्ति कुर्क की

नई दिल्ली, (भाषा)। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने मंगलवार को कहा कि बेंगलुरू के आजाद नगर वार्ड की पूर्व पार्षद जी सी गौरम्मा की 3.35 करोड़ रुपये की संपत्ति धनशोधन रोधी कानून के तहत कुर्क की गई है। केंद्रीय एजेंसी ने एक बयान में कहा कि कुर्क की गई संपत्तियों में कृषि भूमि, आवासीय भूखंड और वाणिज्यिक स्थल शामिल हैं। गौरम्मा और उनके पति सी गोविंदराजू के खिलाफ धनशोधन की शिकायत, दंपति के खिलाफ कथित तौर पर आय से अधिक संपत्ति रखने के मामले में कर्नाटक लोकायुक्त पुलिस द्वारा दायर आरोपपत्र पर आधारित है। गौरम्मा आजाद नगर में बृहत बेंगलुरु महानगर पालिका (बीबीएमपी) के वार्ड नम्बर 141 से पार्षद थीं। बयान में कहा गया है कि पूर्व पार्षद ने अपने आधिकारिक पद का दुरुपयोग किया और अपने पति के साथ मिलीभगत करके अपराध की आय अर्जित की और उन्हें अपने बैंक खातों में नकद में जमा करके और साथ ही विभिन्न अचल संपत्तियां हासिल करके शोधन किया।

# लोकसभा ने वन्यजीव संरक्षण संशोधन विधेयक, 2021 को मंजूरी दी

नई दिल्ली, (भाषा)। केंद्र सरकार को वनों और वन्य जीवों के संरक्षण के लिए प्रतिबद्ध बताते हुए केंद्रीय पर्यावरण और वन मंत्री भूपेंद्र यादव ने मंगलवार को कहा कि सरकार की परिकल्पना है कि धरती हरी-भरी रहे और धरती पर सभी जीव सह-अस्तित्व में रहें।

उन्होंने लोकसभा में वन्य जीव (संरक्षण) संशोधन विधेयक, 2021 पर हुई चर्चा का जवाब देते हुए यह बात कही। विधेयक के प्रावधानों का उल्लेख करते हुए मंत्री ने कहा कि वन्य जीवों को वर्मिन घोषित करने के विषय को असंवेदनशीलता से नहीं लिया जा सकता। उन्होंने कहा कि कई जगह जंगली सुअर और अन्य पशु खेती को प्रभावित करते हैं और उस लिहाज से उनके मंत्रालय ने दिशानिर्देश जारी किये हैं कि संबंधित चीफ वार्डन अपने क्षेत्र के हिसाब से इस बाबत निर्णय ले सकते हैं। यादव ने कहा कि संतुलित विकास के साथ फसलों को क्षति पहुंचाने वाले जीवों से निपटने के लिए चीफ वार्डन को अधिकार दिये गये हैं जिनका इस्तेमाल संवेदनशीलता से किया जाना चाहिए। केरल समेत अनेक राज्यों के सदस्यों ने चर्चा के दौरान जंगली सुअर और अन्य वन्यजीवों द्वारा फसलों को नुकसान पहुंचाये जाने का जिक्र किया था। मंत्री के जवाब के बाद सदन ने विभिन्न सदस्यों के संशोधनों को अस्वीकृत करते हुए ध्वनिमत से विधेयक को मंजूरी प्रदान कर दी। विधेयक के तहत एक प्रबंधन समिति की आवश्यकता संबंधी एक विपक्षी सदस्य के प्रश्न पर पर्यावरण मंत्री ने कहा कि वन्य जीवों तथा वनस्पतियों की संकटग्रस्त प्रजातियों के अंतरराष्ट्रीय व्यापार पर केंद्रित संधि (साइटेस) की विधिक रूपरेखा के तहत एक निश्चित समिति होनी चाहिए जो वन्यजीवों से संबंधित पदार्थों के आयात और निर्यात को प्रमाणित करे।


## पार्थ चटर्जी को वीआईपी ट्रीटमेंट मिलता देख भड़का महिला का गुस्सा, सैंडल फेंककर मारा

कोलकाता, (एजेंसी)। शिक्षक भर्ती घोटाले में गिरफ्तार पश्चिम बंगाल के पूर्व मंत्री पार्थ चटर्जी के ऊपर एक महिला ने मंगलवार को सैंडल फेंकी। यह घटना उस वक्त हुई जब पार्थ चटर्जी को मंगलवार दोपहर में ईडी की कस्टडी में रूटीन चेकअप के लिए ईएसआई हॉस्पिटल ले जाया जा रहा था। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक चटर्जी कार में बैठ चुके थे और कार का शीशा चढ़ाया जा चुका था, तभी यह सैंडल कार की पिछली खिड़की से आकर टकराई। सैंडल फेंकने वाली महिला की पहचान शुभ्रा गौरी के रूप में हुई है। वह दक्षिणी 24 परगना जिले के अमताला की रहने वाली है, जहां यह ईएसआई अस्पताल स्थित है। महिला के मुताबिक वह अपने रिश्तेदार के लिए दवा लेने आई थी। इसी दौरान वहां पहुंचे पार्थ चटर्जी को वीआईपी ट्रीटमेंट मिलता देख उसे गुस्सा आ गया। महिला ने कहा कि एक ऐसा इंसान जिसने हजारों लोगों को धोखा देकर करोड़ों की प्रॉपर्टी और सोना खरीदा उसे एसी कार में अस्पताल में लाया जा रहा है? उसे तो गले में रस्सी बांधकर रास्ते भर घसीटते हुए लेकर आना चाहिए। महिला ने मौके पर मौजूद पत्रकारों से कहा कि मुझे इस बात की हैरानी है कि आप मुझसे पूछ रहे हैं कि मैंने उसके ऊपर सैंडल क्यों फेंका? मेरा तो मन था कि मेरी सैंडल उसके सिर पर जाकर लगती। पहली बार दिखा आम आदमी का गुस्सा वहीं इस घटना के बाद मचे हंगामे के बीच गौरी की दूसरी सैंडल भी वहां खो गई और वह वहां से पैदल ही घर चली गई।

## गुजरात : 1,000 करोड़ की काली आय का पता चला

नई दिल्ली, (भाषा)। आयकर विभाग ने पिछले महीने गुजरात के एक कारोबारी समूह पर छापेमारी के बाद एक हजार करोड़ रुपये से अधिक की बिना हिसाब की आय का पता लगाया है। केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड (सीबीडीटी) ने मंगलवार को यह जानकारी दी। इसने एक बयान में कहा, अब तक 24 करोड़ रुपये की बिना हिसाब की नकदी और 20 करोड़ रुपये मूल्य के आभूषण आदि जब्त किए गए हैं। छापेमारी 20 जुलाई को शुरू की गई और एजेंसी ने खेड़ा, अहमदाबाद, मुंबई, हैदराबाद तथा कोलकाता में 58 परिसरों की तलाशी ली। समूह की पहचान उजागर किए बिना सीबीडीटी ने कहा कि प्रमुख कारोबारी समूह कपड़ा, रसायन, पैकेजिंग, भूमि एवं भवन और शिक्षा जैसे विविध क्षेत्रों से जुड़ा है।

# मजहबी पोंगापंथी से ऊपर उठें



डॉ. वेदप्रताप वैदिक

भारत में मजहब के नाम पर किस कदर पोंगापंथी लोग कोहराम मचाकर खुश होते हैं? अब ताजा क़िस्सा सामने आया है, मुजफ्फरनगर की युवा गायिका फरमानी नाज़ का! यह एक घरेलू मुस्लिम महिला है। इस तीस वर्षीय मुस्लिम महिला के खिलाफ कुछ मुस्लिम मौलानाओं ने अपने तोप और तमंचे दागने शुरु कर दिए हैं, क्योंकि उसका गाया हुआ एक भजन 'हर हर शंभू' बहुत लोकप्रिय हो रहा है। उस भजन को इंटरनेट पर अभी तक लगभग 10 लाख लोग सुन चुके हैं। देवबंद के उलेमाओं के वाग्बाणों के बाद कोई आश्चर्य नहीं कि अब नाज़ के भजनों, गजलों और गीतों को सुननेवालों की संख्या करोड़ों तक पहुंच जाए। हमारे पोंगापंथी मौलानाओं की फरमानी नाज़ पर यह बड़ी कृपा बरसेगी। मैंने भी फरमानी नाज़ को सुनने की कोशिश की। उसके शिव भजन में तो मुझे कोई खास रस नहीं आया लेकिन उसकी गजलें सुनकर मैं दंग रह गया। अपने चूल्हे पर गोबर लीपती हुई नाज़ जो गजल गा रही है, बिना तबला और बांसुरी के, वह भी सीधे दिल में उतर रही थी। देवबंद के एक मौलाना और मुफ्ती ने फरमानी नाज़ के शिव भजन गाने पर घोर आपत्ति जताई है। उनका कहना है कि यदि आप मुसलमान हैं तो आपको किसी अन्य मजहब के देवी-देवताओं के भजन बिल्कुल नहीं गाने चाहिए। इस्लाम इसकी इज़ाजत कतई नहीं देता। उनके इस एतराज़ का फरमानी और उसकी माँ, दोनों ने साफ़-साफ़ लफ्जों में जवाब दिया है। उनका कहना है कि फरमानी नाज़ पक्की मुसलमान है और वह नियमित नमाज़ भी अदा करती है। लेकिन उसकी शादी के दो साल बाद ही उसका तलाक हो गया। उसे मुंबई के 'इंडियन आइडोल' में गोल्डन टिकिट भी मिल गया था लेकिन उसे छोड़कर उसे फिर मुजफ्फरनगर आना पड़ा, क्योंकि उसके दो साल के बेटे के गले का गंभीर आपरेशन जरुरी था। उसके लिए वह पैसा कहां से लाती? सो, उसने गाना शुरु कर दिया। उसके पास कोई कमी नहीं रही। उसकी माँ फातिमा बेगम ने कहा कि उसके गायन ने ही बच्चे के जान बचाई! उन दोनों का कहना है कि संगीत का कोई मजहब नहीं होता। उनकी यह बात गलत होती तो मोहम्मद रफी, ए.आर. रहमान, जावेद अख्तर, लता मंगेशकर, शकील बदायूंनी जैसे दर्जनों बड़े नाम मैं गिना सकता हूं कि जिन्होंने एक-दूसरे के धार्मिक भजनों और गीतों को गाया और लिखा है। मुसलमान और ईसाई अभिनेताओं ने हिंदू देवी-देवताओं के रोल किए हैं और हिंदू अभिनेताओं ने मुस्लिम बादशाहों के रोल अदा किए हैं। क्या देवबंद के मौलानाओं को पता नहीं है कि रसखान ने कृष्णभक्ति में जो अदभुत काव्य लिखा है, क्या वैसा किसी हिंदू कवि ने भी लिखा है? अगर फरमानी नाज़ के खिलाफ आप फतवा जारी करेंगे तो आपको रहीम, रसखान, कबीर, मलिक मुहम्मद जायसी जैसे भारतीय महाकवियों के खिलाफ भी फतवा जारी करना पड़ेगा। मुझे तो कई बार पाकिस्तान के कई प्रसिद्ध गायकों के घर पर हिंदू भजन सुनकर चकित हो जाना पड़ा है। अफगानिस्तान, पाकिस्तान और भारत के अनेक शास्त्रीय संगीत महारथियों को मैंने काबुल, कराची, लाहौर और दिल्ली में पक्के शास्त्रीय गायन में हिंदू देवी-देवताओं का उल्लेख करते हुए सुना है। मीर, गालिब, इकबाल जैसे महान शायरों की कविताओं में मजहबी पोंगापंथियों की जो मज़ाक उड़ाई गई है, उसे मैं यहां दोहराना नहीं चाहता हूं। देवबंद के मुल्ला-मौलवियों से मेरा अनुरोध है कि वे थोड़ी उदारता अपनाएं ताकि भारतीय इस्लाम दुनिया भर के इस्लाम से बेहतर बनकर उभरे और जिनकी नकल आप करना चाह रहे हैं, वे आपकी नकल करने लगें।

# शिक्षक भर्ती घोटाला : ईडी ने 3 स्थानों पर मारे छापे

कोलकाता, (भाषा)। करोड़ों रुपये के शिक्षक भर्ती घोटाले की जांच कर रहे प्रवर्तन निदेशालय के अधिकारियों ने मंगलवार को तृणमूल कांग्रेस के निलंबित नेता पार्थ चटर्जी की करीबी सहयोगी अर्पिता मुखर्जी से कथित तौर पर संबद्ध दो और फ्लैट तथा एक दुकान में छापेमारी की।

एजेंसी के सूत्रों ने बताया कि प्रवर्तन निदेशालय के अधिकारियों ने दक्षिण कोलकाता स्थित दो फ्लैट में छापेमारी की। इनमें से एक फ्लैट पंडितिया रोड पर और दूसरा मदुरदाहा में है। इसके अलावा शहर के उत्तरी हिस्से में स्थित एक नेल आर्ट शॉप पर भी छापेमारी की गई। इस बीच, अर्पिता ने मंगलवार को कहा कि प्रवर्तन निदेशालय ने उनके आवासों से जो रकम बरामद की है, वह उनकी जानकारी के बिना ही उनके आवासों में रखी गई थी। शिक्षक भर्ती घोटाले की जांच के सिलसिले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने अर्पिता को भी गिरफ्तार किया है। ईडी के अधिकारियों ने दक्षिण-पश्चिम कोलकाता और बेलघोरिया में स्थित अर्पिता के दो फ्लैटों से आभूषणों के साथ-साथ लगभग 50 करोड़ रुपये नकद बरामद किए हैं। चटर्जी और अर्पिता मुखर्जी दोनों को दिन में चिकित्सा जांच के लिए शहर के दक्षिणी बाहरी इलाके में ईएसआई जोका ले जाया गया।

अर्पिता ने एक वाहन से उतरने के बाद प्रतीक्षारत पत्रकारों से कहा, मेरी जानकारी के बिना मेरे घरों में पैसा रखा गया था। उनके यह कहने के बाद अटकलें लगाई जाने लगीं कि उनका इशारा किसकी ओर था। इससे पहले, पार्थ चटर्जी ने कहा था कि वह एक साजिश का शिकार हुए हैं। मंत्री पद से हटा कर तृणमूल कांग्रेस से निलंबित किए जाने के फैसले पर भी चटर्जी ने नाराजगी व्यक्त की थी।

## लोकसभा में पहले वक्तव्य में निरहुआ ने भोजपुरी को आठवीं अनुसूची में शामिल करने की मांग की

नई दिल्ली, (भाषा)। भाजपा सांसद दिनेश लाल यादव निरहुआ ने मंगलवार को लोकसभा में भोजपुरी को संविधान की आठवीं अनुसूची में शामिल किये जाने की मांग रखी। हाल में आजमगढ़ संसदीय क्षेत्र से निर्वाचित प्रसिद्ध भोजपुरी अभिनेता-गायक निरहुआ ने सदन में पहली बार अपना विषय रखते हुए शून्यकाल में कहा कि 16 देशों में बोले जाने वाली भोजपुरी को यूनेस्को ने भी मॉरीशस के अनुरोध पर अमूर्त सांस्कृतिक धरोहर के रूप में मान्यता दी है। उन्होंने पूर्ववर्ती संप्रग सरकार पर भोजपुरी को संवैधानिक दर्जा देने के विषय पर झूठे आश्वसन देने का आरोप भी लगाया। निरहुआ ने कहा कि नियमों की अस्पष्टता और भाषाओं में भेद नहीं करने के नाम पर वर्षों तक भोजपुरी को संविधान की आठवीं अनुसूची में शामिल नहीं किया जा सका है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार ने भोजपुरी को बढ़ावा देने के लिए सकारात्मक पहल की हैं और उम्मीद है कि इस भाषा को संवैधानिक दर्जा देने के संबंध में भी निर्णय लिया जाएगा।

# ईडी प्रमुख का कार्यकाल बढ़ाए जाने को चुनौती, सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र, सीवीसी से मांगा जवाब

विधि संवाददाता

नई दिल्ली। उच्चतम न्यायालय ने प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के निदेशक का कार्यकाल बढ़ाए जाने को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर मंगलवार को नोटिस जारी करते हुए केंद्र और केंद्रीय सतर्कता आयोग (सीवीसी) से जवाब मांगा। इन याचिकाओं में उस संशोधित कानून को चुनौती दी गई है, जिसके तहत निदेशक के कार्यकाल में पांच साल तक के विस्तार की अनुमति दी गई है। प्रधान न्यायाधीश न्यायमूर्ति एन वी रमण, न्यायमूर्ति कृष्ण मुरारी और न्यायमूर्ति हिमा कोहली की पीठ ने आठ याचिकाओं पर केंद्र, सीवीसी और मौजूदा ईडी निदेशक सहित प्रतिवादियों को नोटिस जारी किए। कांग्रेस नेताओं-रणदीप सिंह सुरजेवाला और जया ठाकुर तथा तृणमूल कांग्रेस के नेता साकेत गोखले ने भी याचिकाएं दाखिल की हैं। वकील एम एल शर्मा ने इस मामले पर पहली याचिका दायर की थी। पीठ ने कहा, केंद्रीय कानून एजेंसी को नोटिस जारी किया जाए। मामले को 10 दिन बाद के लिए सूचीबद्ध किया जाए। सुरजेवाला की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता ए एम सिंघवी ने शीर्ष अदालत के फैसलों का हवाला दिया और कहा कि निश्चित कार्यकाल स्वतंत्रता की पहचान है और इस तथ्य से कि पदाधिकारी को विस्तार मिल सकता है, पद की स्वतंत्रता ध्वस्त हो जाएगी। सुनवाई के दौरान पीठ को सीवीसी और फेमा कानूनों के तहत ईडी निदेशक की नियुक्ति प्रक्रिया के बारे में बताया गया। सिंघवी ने कहा कि केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) के विपरीत, ईडी निदेशक की नियुक्ति करने वाली समिति में केवल कार्यपालिका के लोग शामिल होते हैं। मामले में एक याचिकाकर्ता की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता गोपाल शंकरनारायणन ने कहा कि वर्तमान ईडी निदेशक इस साल इस पद पर चार साल पूरे कर रहे हैं, तथा पिछले साल 18 नवंबर को उनकी सेवानिवृत्ति से कुछ दिन पहले एक अध्यादेश जारी किया गया था, जिसमें उनके कार्यकाल को एक और साल के लिए बढ़ा दिया गया था।

## अमित शाह का लोगों से अनुरोध : सोशल मीडिया की प्रोफाइल में तिरंगे की फोटो लगाएं

नई दिल्ली, (भाषा)। केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने मंगलवार को लोगों से अपने सोशल मीडिया खातों के प्रोफाइल फोटों में राष्ट्रीय ध्वज लगाने का आग्रह किया। आकाशवाणी के मासिक रेडियो कार्यक्रम मन की बात के 91वें संस्करण में रविवार को देशवासियों से संवाद करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा था कि आजादी का अमृत महोत्सव एक जन आंदोलन में बदल रहा है। उन्होंने हर घर तिरंगा अभियान का उल्लेख करते हुए लोगों से दो अगस्त से 15 अगस्त के बीच अपने सोशल मीडिया खातों के प्रोफाइल फोटो में तिरंगा लगाने का भी आग्रह किया था। शाह ने कहा, आजादी का अमृत महोत्सव मनाने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के आह्वान पर मैंने सोशल मीडिया खाते के प्रोफाइल पर तिरंगे की फोटो लगायी है। मैं सभी से आग्रह करता हूं कि राष्ट्रीय ध्वज के प्रति अपना प्यार और सम्मान दिखाने के लिए अपने सोशल मीडिया खाते की डीपी (डिस्प्ले पिक्चर) में तिरंगे की फोटो लगाएं।

# लाल किले से संसद तक सांसद निकालेंगे तिरंगा बाइक रैली

नई दिल्ली, (भाषा)। केंद्रीय मंत्री प्रह्लाद जोशी ने मंगलवार को कहा कि संस्कृति मंत्रालय ने बुधवार को सांसदों के लिए तिरंगा बाइक रैली का आयोजन किया है। उन्होंने सभी राजनीतिक दलों के सांसदों से इस रैली में सम्मिलित होने का आग्रह किया। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) संसदीय दल की बैठक के बाद संवाददाताओं को संबोधित करते हुए संसदीय कार्य मंत्री जोशी ने कहा कि यह आयोजन संस्कृति मंत्रालय की ओर से किया जा रहा है ना कि भाजपा की ओर से। उन्होंने सभी दलों के सांसदों से इस कार्यक्रम में भाग लेने का आग्रह किया और उन्हें सुबह साढ़े आठ बजे लाल किला पहुंचने को कहा। संसदीय दल की बैठक में भाजपा अध्यक्ष जे पी नड्डा ने आजादी की 75वीं वर्षगांठ के मौके पर नौ अगस्त से 15 अगस्त के बीच आयोजित किए जाने वाले कार्यक्रमों के बारे में चर्चा की। उन्होंने हर घर तिरंगा अभियान पर खासा जोर दिया और भाजपा सांसदों से अपने-अपने संसदीय क्षेत्रों में लोगों को इससे जोड़ने का आग्रह किया।नड्डा ने हर घर तिरंगा अभियान को लोकप्रिय बनाने के लिए पार्टी नेताओं से सुबह नौ बजे से 11 बजे के बीच प्रभात फेरी निकालने और पार्टी की युवा शाखा के नेताओं से बाइक के जरिए तिरंगा यात्रा निकालने को कहा। हर घर तिरंगा अभियान के तहत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सभी से अपने घरों पर 13 अगस्त से 15 अगस्त के बीच तिरंगा लगाने का आग्रह किया है।

# देश की आज़ादी में स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों का अतुलनीय योगदान : अठावले

## आरपीआई (अठावले) ने तालकटोरा मैदान में आयोजित किया आजादी का अमृत महोत्सव

वीर अर्जुन संवाददाता

नई दिल्ली। घर-घर तिरंगा अभियान के साथ संपन्न हो रहे हैं आजादी के अमृत महोत्सव कार्यक्रम में लोगों की सहभागिता बढ़ाने की गरज से रिपब्लिकन पार्टी ऑफ इंडिया (अठावले ) गुड की तरफ से दिल्ली के तालकटोरा स्टेडियम में आजादी के अमृत महोत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के तौर पर उपस्थित केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राज्य मंत्री नितिन गडकरी ने मंत्रिपरिषद के अपने सहयोगी केंद्रीय सामाजिक अधिकारिता राज्यमंत्री रामदास अठावले और उनकी पार्टी की पिछले चार दशकों से समाज के सभी वर्गों को न्याय दिलाने के प्रयासों की सराहना की। देश को सर्वश्रेष्ठता की ओर लेकर जाने में व समाज के बहिष्कृत वर्ग को न्याय दिलाने में रिपब्लिकन पार्टी ऑफ इंडिया(आ.) का निरन्तर योगदान है और आजादी के अमृत महोत्सव के अवसर पर कार्यकर्ताओं के राष्ट्रीय सम्मेलन का आयोजन करना एक सफल प्रयास है। स्वतंत्रता का रूपान्तरण स्वराज्य में बदलना ही केन्द्र सरकार का एकमात्र उद्देश्य है और अपने इसी उद्देश्य के क्रियान्वयन के लिए केन्द्र प्रयत्नशील है। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए रिपब्लिकन पार्टी ऑफ इंडिया व केंद्रीय सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता राज्यमंत्री मा. रामदास आठवले ने भारत के महान शहीदों को श्रद्धांजलि देते हुए कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में पूरे देश में वृहद रूप से आजादी का 75वां अमृत महोत्सव मनाया जा रहा है और यह हमारे लिए गौरव और सम्मान की बात है। रामदास आठवले ने कहा कि देश की आज़ादी में स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों का अतुलनीय योगदान रहा है और देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में पूरे देश में आजादी का अमृत महोत्सव वृहद रूप से उत्सव मनाया जा रहा है।



केंद्रीय सामाजिक अधिकारिता राज्यमंत्री रामदास अठावले कार्यक्रम को संबोधित करते हुए।

आठवले ने कहा कि केंद्र की सभी जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति को मिल रहा है और देश श्रेष्ठ भारत के निर्माण होने की दिशा में निरंतर अग्रसर है। उन्होंने कहा कि तिरंगा देश को जोड़ने के साथ हमें राष्ट्रसेवा के लिए खुद को समर्पित करने हेतु प्रेरित करता है।

# गो फर्स्ट की कार इंडिगो के विमान के नीचे पहुंची, नोज व्हील से टकराने से बची

नई दिल्ली, (विप्र)। विमानन कंपनी गो फर्स्ट की एक कार दिल्ली हवाईअड्डे पर मंगलवार को इंडिगो के ए320नियो विमान के नीचे पहुंच गई, हालांकि इस दौरान वह उसके नोज व्हील (आगे के पहिये) से टकराने से बाल-बाल बच गई। सूत्रों ने यह जानकारी दी।

डीजीसीए हवाई अड्डे के टर्मिनल टी-2 के स्टैंड नंबर 201 पर हुई घटना की जांच करेगा। डीजीसीए के अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि कार चालक की जांच (ब्रेथ एनलाइजर टेस्ट) की गई और हादसे के समय उसके नशे में नहीं होने की बात सामने आई है। विमानन उद्योग से जुड़े सूत्रों ने बताया कि विमानन कंपनी इंडिगो के विमान को कोई नुकसान नहीं पहुंचा है और कोई हताहत नहीं हुआ है। सूत्रों ने बताया कि विमान मंगलवार सुबह पटना के लिए रवाना होने के लिए तैयार था, तभी विमानन कंपनी गो फर्स्ट की एक स्विफ्ट डिजायर कार उसके नीचे आ गई, हालांकि वह नोज व्हील से टकराने से बाल-बाल बच गई। उन्होंने बताया कि इसके बाद विमान ने तय समय पर पटना के लिए उड़ान भरी।

विमानन कंपनी इंडिगो और गो फर्स्ट दोनों ने इस संबंध में बयान के लिये संपर्क किया, हालांकि दोनों की ओर से अभी तक कोई जवाब नहीं मिला है।

# आपातकाल के दौरान भी विपक्ष को इस तरह निशाना नहीं बनाया गया था : शिवसेना

मुंबई, (भाषा)। शिवसेना ने अपने राज्यसभा सदस्य संजय राउत को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) द्वारा गिरफ्तार किए जाने पर मंगलवार को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की आलोचना करते हुए कहा कि तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी द्वारा लगाए गए आपातकाल के दौरान भी विपक्ष को इस तरह निशाना नहीं बनाया गया था।

पार्टी के मुखपत्र सामना में एक संपादकीय में, शिवसेना ने कहा कि अगर विपक्ष के साथ सम्मानपूर्वक आचरण नहीं किया जाता है तो लोकतंत्र और एक देश नष्ट हो जाता है। राउत को ईडी ने रविवार की रात मुंबई में एक चॉल पुनर्विकास योजना से संबद्ध धन शोधन के मामले में गिरफ्तार किया था। उन्हें चार अगस्त तक ईडी की हिरासत में भेजा गया है। शिवसेना ने कहा कि राज्यसभा सांसद और सामना के कार्यकारी संपादक राउत को राजनीतिक प्रतिशोध के चलते गिरफ्तार किया गया था और कथित पात्रा चॉल मामले में उन्हें फंसाने के लिए कई झूठे सबूत पेश किए गए।

संपादकीय में कहा गया है कि अगर राउत ने भाजपा के साथ गठबंधन किया होता, तो वह भी उसकी वाशिंग मशीन में साफ हो जाते।

राउत को जल्दबाजी में गिरफ्तार किए जाने को लेकर सवाल उठाते हुए शिवसेना ने कहा कि उन्होंने ईडी को एक पत्र सौंपा है जिसमें कहा गया है कि वह संसद के मानसून सत्र और उपराष्ट्रपति चुनाव के बाद धन शोधन रोधी एजेंसी के समक्ष पेश होंगे। शिवसेना के अनुसार, ईडी ने लेकिन इस पर विचार नहीं किया और रविवार को सुबह उनके आवास पर छापा मारा।

## जनसंहारक हथियार बन गई है ईडी: कार्ति चिदंबरम

नई दिल्ली, (भाषा)। कांग्रेस सांसद कार्ति चिदंबरम ने मंगलवार को दावा किया कि प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) जनसंहारक हथियार बन गया है। उन्होंने नेशनल हेराल्ड अखबार के मुख्यालय और कुछ अन्य स्थानों पर छापेमारी की पृष्ठभूमि में यह टिप्पणी की। कार्ति चिदंबरम ने आरोप लगाया, ईडी अब जनसंहारक हथियार बन गया है। ईडी की पूरी कार्वाई राजनीतिक विरोधियों को शर्मसार करने या अपमानित करने के लिए है। उन्होंने यह भी कहा कि उस लेनदेन को लेकर कार्वाई की जा रही है, जिनका खाता पुस्तिकाओं में उल्लेख है तथा जिनके संबंध में आयकर रिटर्न भी दाखिल किया गया है। प्रवर्तन निदेशालय ने धनशोधन मामले की जांच के तहत कांग्रेस के स्वामित्व वाले नेशनल हेराल्ड समाचार पत्र के मुख्यालय सहित यहां 12 स्थानों पर मंगलवार को छापा मारा। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि धन शोधन (निवारण) अधिनियम (पीएमएलए) की आपराधिक धाराओं के तहत छापे मारे जा रहे हैं, ताकि यह पता लगाने के लिये अतिरिक्त सबूत एकत्र किए जा सकें कि धन का लेन-देन किसके बीच हुआ।

## सीयूईटी: स्नातक परीक्षा के दूसरे चरण के लिए प्रवेश पत्र जारी, सितंबर में होगी स्नातकोत्तर की परीक्षा

नई दिल्ली, (भाषा)। राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एटीए) ने विश्वविद्यालय सामान्य प्रवेश परीक्षा (सीयूईटी)-यूजी (स्नातक) के दूसरे चरण के लिए मंगलवार को प्रवेश पत्र जारी किए।

इस बीच, विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) के अध्यक्ष एम जगदीश कुमार ने कहा कि स्नातकोत्तर (पीजी) पाठ्यक्रमों के लिए सीयूईटी एक सितंबर से 11 सितंबर तक आयोजित होगी। सीयूईटी-यूजी परीक्षा चार, पांच और छह अगस्त को आयोजित होगी। इसके पहले चरण के तहत 15 से 20 जुलाई के बीच 160 शहरों के 247 केंद्रों में परीक्षा आयोजित की गई थी। एनटीए ने यह भी कहा कि उसे तिथि बदलने को लेकर उन कुछ परीक्षार्थियों के अभ्यावेदन प्राप्त हुए हैं, जिन्हें इसी अवधि में अन्य प्रवेश एवं प्रतियोगी परीक्षाएं देनी हैं या जो बाढ़ जैसी प्राकृतिक आपदाओं के कारण प्रभावित हुए हैं। उसने कहा कि इन अनुरोधों पर विचार किया गया है और इन परीक्षार्थियों के शहरातिथियों में बदलाव किया गया है। उसने बताया कि इसी अवधि में अन्य प्रतियोगी परीक्षाएं भी होने के कारण कुछ परीक्षार्थियों की परीक्षा चार, पांच और छह अगस्त के बजाय 12, 13 और 14 अगस्त को होगी। इस बीच यूजीसी के अध्यक्ष कुमार ने कहा कि स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों के लिए सीयूईटी का आयोजन एक से 11 सितंबर तक होगा। कुमार ने ट्वीट किया, राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) को शैक्षणिक सत्र 2022-2023 के लिए 66 केंद्रीय और अन्य विश्वविद्यालयों के लिए स्नातकोत्तर प्रवेश परीक्षा आयोजित करने की जिम्मेदारी सौंपी गई है।

## हम स्मृति ईरानी के मामले में सारे तथ्यात्मक विवरण अदालत के समक्ष रखेंगे: रमेश

नई दिल्ली, (भाषा)। कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने मंगलवार को कहा कि स्मृति ईरानी की याचिका के संदर्भ में दिल्ली उच्च न्यायालय का आदेश सोमवार रात प्राप्त हुआ तथा वह एवं इस मामले से संबंधित अन्य नेता अदालत के समक्ष तथ्यात्मक विवरण रखेंगे। रमेश ने ट्वीट किया, स्मृति ईरानी के मामले में कल रात हमें दिल्ली उच्च न्यायालय का आदेश प्राप्त हुआ है। कोर्ट ने हमें 4 सप्ताह में जवाब देने को कहा है। हम निश्चित तौर पर उच्च न्यायालय के आदेश की हर एक टिप्पणी का जवाब देंगे। उन्होंने कहा, हम इस मामले में सही और तथ्यात्मक विवरण कोर्ट में पेश करेंगे। सत्यमेव जयते। दिल्ली उच्च न्यायालय ने कहा था कि केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी और उनकी बेटी गोवा में रेस्तरां-सह-बार की ना तो मालिक हैं और न ही उन्होंने कभी वहां भोजन एवं पेय पदार्थों के लाइसेंस के लिए आवेदन किया था। साथ ही, अदालत ने कहा था कि उनके प्रति कांग्रेस के नेता दुर्भावनापूर्ण इरादा रखे हुए प्रतीत होते हैं। उच्च न्यायालय ने कहा था कि यहां तक कि गोवा सरकार द्वारा जारी किया गया कारण बताओ नोटिस ईरानी या उनके परिवार के सदस्यों को संबोधित नहीं था।

# सीएए के नियम एहतियाती खुराक देने की कवायद पूरी होने के बाद तैयार किए जाएंगे : शाह

**विशेष प्रतिनिधि**

नई दिल्ली। पश्चिम बंगाल के भाजपा नेता शुभेन्दु अधिकारी ने मंगलवार को केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से संशोधित नागरिकता कानून (सीएए) को जल्द से जल्द लागू करने का आग्रह किया। इस पर शाह ने उन्हें आश्वसन दिया कि इसके बारे में नियम कोविड-19 रोधी टीके की एहतियाती खुराक देने की कवायद पूरी होने के बाद तैयार किए जाएंगे।

पश्चिम बंगाल विधानसभा में विपक्ष के नेता अधिकारी ने शाह से मुलाकात के बाद संवाददाताओं से कहा कि उन्होंने तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) के लगभग 100 नेताओं की एक सूची भी सौंपी, जो कथित रूप से भर्ती घोटाले में शामिल थे, जिसमें राज्य के पूर्व मंत्री पार्थ चटर्जी को गिरफ्तार किया गया है। घोटाले में शामिल सभी लोगों को बेनकाब करने के लिए व्यापक जांच की मांग करते हुए अधिकारी ने केंद्रीय गृह मंत्री को विधायकों सहित कुछ टीएमसी नेताओं के लेटरहेड भी दिए, जिनका इस्तेमाल कथित तौर पर रिश्वत लेकर नौकरियों के लिए कुछ नामों की सिफारिश करने के वास्ते किया गया था।



**पश्चिम बंगाल के भाजपा नेता शुभेन्दु अधिकारी गृहमंत्री अमित शाह से मुलाकात करते हुए। (छाया : एएनआई)**

उन्होंने शाह से मुलाकात के बाद ट्वीट किया, "केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से संसद में उनके कार्यालय में 45 मिनट तक मिलना मेरे लिए सम्मान की बात है। मैंने उन्हें बताया कि पश्चिम बंगाल सरकार किस तरह शिक्षक भर्ती घोटाले जैसी भ्रष्ट गतिविधियों में पूरी तरह से डूबी है। उनसे सीएए को जल्द से जल्द लागू करने का भी अनुरोध किया।"

अधिकारी ने संवाददाताओं से कहा कि सीएए को लागू करना पश्चिम बंगाल के लिए बहुत महत्वपूर्ण है, जहां बड़ी संख्या में लोग इसके प्रावधानों से लाभान्वित हो सकते हैं। सीएए 11 दिसंबर, 2019 को संसद द्वारा पारित किया गया था और 24 घंटे के भीतर 12 दिसंबर को इसे अधिसूचित कर दिया गया था। हालांकि, इसका कार्यान्वयन अटका हुआ है, क्योंकि अभी तक नियम नहीं बनाए गए हैं। सीएए के खिलाफ देशभर में प्रदर्शन हुए थे और आलोचकों का कहना है कि यह मुसलमानों के साथ पक्षपात करता है।

# मंगलुरु : फाजिल हत्याकांड में छह आरोपी गिरफ्तार

मंगलुरु, (भाषा)। यहां सुरथकल में अल्पसंख्यक समुदाय के एक युवक की हत्या के मामले में मंगलवार को छह लोगों को गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने यह जानकारी दी। बेल्लारे में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) युवा मोर्चा के सदस्य प्रवीण नेट्टारू की हत्या के बाद 28 जुलाई को हुई इस हत्या से इलाके में तनाव फैल गया था।

पुलिस ने बताया कि गिरफ्तार किए गए व्यक्ति सुरथकल के रहने वाले हैं। पुलिस ने आरोपियों द्वारा इस्तेमाल की गई कार के मालिक अजित क्रास्टा को पहले हिरासत में लिया था और पूछताछ के बाद उसके द्वारा दी गई जानकारी के आधार पर आरोपियों का पता लगाया।

# अयोध्या में राम मंदिर को जाने वाली सड़कों के चौड़ीकरण के लिए 797 करोड़ मंजूर

लखनऊ, (वीअ)। उत्तर प्रदेश सरकार ने काशी विश्वनाथ गलियारा की तर्ज पर राम मंदिर को जाने वाली सड़कों के चौड़ीकरण और नवीनीकरण के लिए 797 करोड़ रुपये मंजूर किए हैं। इस संबंध में निर्णय मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में हुई कैबिनेट की बैठक में किया गया।

पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह ने संवाददाताओं को बताया, अयोध्या में राम मंदिर का निर्माण तेजी से चल रहा है और बड़े अवसरों पर भीड़ से बचने के लिए मंत्रिमंडल ने काशी विश्वनाथ कॉरिडोर की तर्ज पर सादतगंज से नयाघाट तक 12.9 किलोमीटर सड़क के चौड़ीकरण को मंजूरी दी है। उन्होंने कहा कि फैजाबाद से हनुमानगढ़ी और राम मंदिर तक की सड़क को भी चौड़ा किया जाएगा और दुकानदारों को वाराणसी की तर्ज पर कहीं दूसरी जगह ले जाया जाएगा या उन्हें मुआवजा दिया जाएगा।

मंत्री ने कहा कि मंत्रिमंडल ने इस परियोजना के लिए 797.69 करोड़ रुपये मंजूर किया है और इस कार्य को पूरा करने के लिए दो साल की समय सीमा तय की है। उन्होंने कहा कि सरकार का ध्यान उत्तर प्रदेश को धार्मिक पर्यटन के केंद्र के तौर पर विकसित करने पर है, जहां राजस्व सृजन की भारी संभावना है। इसके लिए सरकार हवाई और सड़क संपर्क सुधारने पर काम कर रही है और लोगों की सुविधा के लिए बुनियादी ढांचागत सुविधाएं उपलब्ध करा रही है।

# अस्पताल की आग संबंधी एनओसी की अवधि खत्म हो चुकी थी, चार डॉक्टरों के खिलाफ प्राथमिकी : मंत्री

भोपाल/जबलपुर, (वीअ)। मध्यप्रदेश के गृह मंत्री नरोत्तम मिश्रा ने मंगलवार को कहा कि जबलपुर के निजी अस्पताल में आग लगने की घटना की प्रारंभिक जांच के पता चला है कि अग्नि अनापत्ति प्रमाण पत्र (फायर एनओसी) की अवधि समाप्त होने के साथ ही वहां अग्नि सुरक्षा संबंधी कई कमियां थीं।

मिश्रा ने कहा कि पुलिस ने अस्पताल के चार डॉक्टर-सह-मालिकों के खिलाफ गैर इरादतन हत्या का मामला दर्ज किया है, और अस्पताल के प्रबंधक को गिरफ्तार कर लिया गया है। सोमवार दोपहर को आग की इस घटना में चार मरीजों सहित आठ लोगों की मौत हो गई और पांच अन्य लोग घायल हो गए। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने कहा कि एक डॉक्टर फरार है और पुलिस उसकी तलाश कर रही है।

मिश्रा ने कहा कि प्रारंभिक जांच में यह पाया गया है कि न्यू लाइफ मल्टी स्पेशियलिटी अस्पताल का अग्नि अनापत्ति प्रमाण पत्र (फायर एनओसी) समाप्त हो गया था और अस्पताल की ओर से अग्नि सुरक्षा को लेकर कई कमियां पाई गई हैं।

उन्होंने भोपाल में पत्रकारों से घटना को बेहद दुर्भाग्यपूर्ण बताते हुए कहा कि जबलपुर की घटना में अस्पताल के चार डॉक्टर सह मालिकों के खिलाफ भादंवि की संबंधित धाराओं में प्राथमिकी दर्ज की गयी है मिश्रा ने बताया कि पुलिस ने जिन पांच लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है उनमें अस्पताल के निदेशक और मालिक डॉ निशित गुप्ता, डॉ सुरेश पटेल, डॉ संजय पटेल, डॉ संतोष सोनी और अस्पताल प्रबंधक राम सोनी शामिल हैं मिश्रा ने कहा, प्रथम दृष्टया अस्पताल में अग्नि सुरक्षा के संबंध में कई कमियां पाई गईं। अस्पताल की फायर एनओसी समाप्त हो गई थी। संभागीय आयुक्त की अध्यक्षता में एक जांच समिति गठित की गयी है।

# महाराष्ट्र सरकार बारिश प्रभावित किसानों को सहायता मुहैया करवाए : अजित पवार

मुंबई, (भाषा)। राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) नेता अजित पवार ने मंगलवार को महाराष्ट्र सरकार से मराठवाड़ा और विदर्भ के उन किसानों को तत्काल सहायता मुहैया कराने की मांग की जिनकी जमीन को भारी बारिश के कारण नुकसान हुआ है। पवार ने यहां संवाददाताओं से कहा, मराठवाड़ा और विदर्भ क्षेत्रों में जुलाई के मध्य में भारी बारिश के कारण मिट्टी की उपजाऊ परत बह गई है। राकांपा नेता ने कहा, कई किसान उपजाऊ परत के नुकसान के कारण अगले कुछ दिनों तक अपनी जमीन नहीं जोत पाएंगे। राज्य को ऐसे किसानों के लिए कुछ प्रावधान करने चाहिए। उन्होंने कहा कि मराठवाड़ा और विदर्भ में सोयाबीन और कपास जैसी फसलें नष्ट हो गईं और किसानों का लगभग सब कुछ बर्बाद हो गया। पवार ने कहा, अगर किसानों को अगले दौर की बुवाई करनी है तो राज्य को ऐसे बीज उपलब्ध करवाने चाहिए जो उगने में कम समय लेते हों। इस तरह के उपायों से किसानों की परेशानी कम हो सकती है।

# स्वर्ण मंदिर की सरायों पर 12 प्रतिशत जीएसटी श्रद्धालुओं की श्रद्धा पर निशाना : भगवंत मान

चंडीगढ़, (वीअ)। पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने केंद्र द्वारा स्वर्ण मंदिर के नजदीक सरायों पर 12 प्रतिशत की दर से माल एवं सेवाकर (जीएसटी) लगाने के फैसले की मंगलवार को निंदा की।

उन्होंने कहा कि यह कर स्वर्ण मंदिर के नजदीक आकर सरायों में रहने वाले श्रद्धालुओं की श्रद्धा को निशाना बनाता है। उल्लेखनीय है कि जीएसटी परिषद ने जून महीने में,होटलों के प्रति दिन 1000 रुपये से नीचे किराये वाले कमरों पर 12 प्रतिशत जीएसटी लगाने का फैसला किया था।

उन्होंने ट्वीट किया, मैं स्वर्ण मंदिर के नजदीक मौजूद सरायों पर 12 प्रतिशत जीएसटी लगाने के केंद्र सरकार के फैसले की निंदा करता हूं। यह कर श्रद्धालुओं की श्रद्धा पर लगाया गया है। शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमिटी (एसजीपीसी) ने भी सोमवार को सरायों पर कर लगाने के फैसले को लेकर सरकार की निंदा की थी।

एसजीपीसी ने बताया कि उसे जीएसटी परिषद की अधिसूचना मिली है और कमिटी ने स्वर्ण मंदिर आने वाले श्रद्धालुओं को ठहरने के लिए दिए जाने वाले कमरों पर 12 प्रतिशत की दर से जीएसटी की वसूली शुरू कर दी है। शीर्ष गुरुद्वारा निकाय ने कहा कि दुनियाभर से लाखों लोग रोजाना मत्था टेकने के लिए स्वर्ण मंदिर आते हैं और उसने उनके ठहरने की व्यवस्था की है।

एसजीपीसी के सहायक सचिव (मीडिया) कुलविंदर सिंह ने कहा, लेकिन दुखद है कि भारत सरकार ने सरायों पर जीएसटी लगाकर संगत पर अतिरिक्त बोझ डाल दिया है। उन्होंने कहा कि एसजीपीसी ने तीर्थयात्रियों की सुविधा के लिए सरायों का निर्माण गुरुद्वारे के करीब कराया है और वे वाणिज्यिक संपत्ति नहीं हैं, इसलिए उन पर इस तरह के कर अन्यायपूर्ण हैं।

# झारखंड में दो भाजपा विधायकों को हंगामा करने पर मार्शल से बाहर कराया गया

रांची, (भाषा)। झारखंड विधानसभा में आज प्रश्नकाल के दौरान भ्रष्टाचार के आरोप में मुख्यमंत्री के इस्तीफे की मांग करते हुये हंगामा कर रहे मुख्य विपक्षी भारतीय जनता पार्टी के चार विधायकों को निलंबित किये जाने के बाद हंगामा कर रहे भाजपा के दो विधायकों को मार्शल बुला कर बाहर करवा दिया। विधायकों के निलंबन के बाद भाजपा के विधायकों ने सदन के भीतर जमकर प्रदर्शन किया और विधान सभा अध्यक्ष पर झारखंड मुक्ति मोर्चा के सदस्य की तरह काम करने का आरोप लगाया। इस पर कार्वाई करते हुए विधान सभा अध्यक्ष रवीन्द्र नाथ महतो ने हंगामा कर रहे भाजपा के दो विधायकों को मार्शल से उठवाकर सदन के बाहर करवा दिया। महतो की इस कार्वाई और भ्रष्टाचार के मुद्दे पर सरकार की ओर से कोई जवाब न मिलने के खिलाफ भाजपा के सभी विधायकों ने विधानसभा की कार्यवाही का बहिष्कार किया और अनुपूरक बजट मांगों पर हो रही चर्चा में भाग नहीं लिया।

# कर्नाटक : भूस्खलन की चपेट में आने से छह लोगों की मौत

सिरसी/मंगलुरु, (भाषा)। कर्नाटक के उत्तरी कन्नड और दक्षिणी कन्नड जिलों में भूस्खलन की चपेट में आने से दो बहनों समेत छह लोगों की मौत हो गई। पुलिस ने मंगलवार को यह जानकारी दी।

उन्होंने बताया कि मृतकों में दोनों बहनों के शव एक दूसरे का हाथ थामे हुए अवस्था में बरामद हुए हैं। पुलिस सूत्रों ने बताया कि एक परिवार के चार सदस्यों की मौत उस समय हो गई जब उत्तर कन्नड जिले के भटकल तालुका में मुत्ताली गांव स्थित उनके घर पर पहाड़ का एक हिस्सा गिर गया।

उन्होंने बताया कि दूसरी घटना दक्षिण कन्नड जिले के सुब्रमण्य में हुई जहां दो बहनों के शव एक दूसरे के हाथ पकड़े हुए मिले। दो बहनों की मौत उनके घर पर पहाड़ का एक हिस्सा गिरने से हुई।

पुलिस ने बताया कि 11 वर्षीय श्रृति और छह वर्षीय ज्ञानश्री के शव लंबे बचाव अभियान के बाद निकाले गए। यह हादसा सोमवार को हुआ और मृत बच्चियों के पिता का नाम कुसुमधर है।

उन्होंने बताया कि सोमवार शाम से ही सुब्रमण्य में भारी बारिश हो रही है। करीब शाम सात बजे तेज आवाज आई और श्रृति जो घर के बरामदे में किताब पढ़ रही थी, यह सोचकर घर के भीतर दौड़कर गई कि आवाज अंदर से आ रही है। उन्होंने बताया कि ज्ञानश्री भी दौड़कर घर के भीतर गई और उसी समय उनके मकान पर पहाड़ टूटकर गिरा।

# खालिस्तानियों को हथियार आपूर्ति करने का आरोपी गिरफ्तार

भोपाल, (वीअ)। मध्यप्रदेश में 22 वर्षीय एक व्यक्ति को कथित तौर पर खालिस्तानी आंदोलन को हथियारों की आपूर्ति करने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। अधिकारियों ने मंगलवार को यह जानकारी दी। प्रदेश के गृह मंत्री नरोत्तम मिश्रा ने यहां बताया कि बुरहानपुर पुलिस ने कुछ समय से फरार चल रहे आसन सिंह सिकलीगर को गिरफ्तार किया है। मंत्री ने यहां पत्रकारों से कहा, अन्य राज्यों की पुलिस भी उससे पूछताछ कर सकती है। बुरहानपुर के पुलिस अधीक्षक राहुल कुमार लोढ़ा ने कहा कि जनवरी में संदिग्ध आसन सिंह के बारे में सूचना मिली थी।

# अगर हम गद्दार होते, तो क्या लोग हमारा समर्थन करते : शिंदे ने किया सवाल

पुणे, (भाषा)। महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने शिवसेना नेतृत्व पर पलटवार करते हुए मंगलवार को कहा कि अगर वह और उनके समर्थक गद्दार होते, तो उन्हें राज्य के लोगों का समर्थन नहीं मिलता। पुणे जिले के सासवड में एक रैली को संबोधित करते हुए शिंदे ने कहा कि बालासाहेब ठाकरे की शिवसेना को बचाने के लिए उनके और शिवसेना के अन्य विधायकों द्वारा अपनाया गया रुख लोगों के समर्थन से सही साबित हुआ है।

शिवसेना प्रमुख उद्धव ठाकरे की गठबंधन सरकार शिंदे और उनके समर्थक विधायकों की बगावत के बाद जून में गिर गई थी। उसके बाद से ठाकरे नीत शिवसेना की ओर से शिंदे और अन्य पर गद्दार या विश्वसघाती कहते हुए निशाना साधा जाता है।

शिंदे ने कहा कि सत्ता में होने के बावजूद, शिवसेना को राज्य में स्थानीय निकाय चुनावों में चौथा स्थान मिला था (जब ठाकरे मुख्यमंत्री थे)। उन्होंने कहा कि राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) और कांग्रेस को 2019 का विधानसभा चुनाव हारने के बाद सत्ता से बाहर रहना था लेकिन शिवसेना के साथ गठबंधन के कारण उन्हें संजीवनी बूटी मिल गई। भाजपा के समर्थन से 30 जून को मुख्यमंत्री बने शिंदे ने कहा, यदि शिवसेना-भाजपा सरकार (2019 में) बनती तो राकांपा और कांग्रेस के लिए मुश्किल स्थिति उत्पन्न हो जाती।

# हिमाचल प्रदेश: सेना ने 75 फुट ऊंचे ध्वज स्तंभ पर राष्ट्रीय ध्वज फहराया

शिमला, (वीअ)। भारत की स्वतंत्रता के 75 साल पूरे होने पर मनाए जा रहे आजादी का अमृत महोत्सव जश्न के हिस्से के तौर पर सेना ने मंगलवार को हिमाचल प्रदेश के धर्मशाला में 75 फुट ऊंचे ध्वज स्तंभ पर राष्ट्रीय ध्वज फहराया। राइजिंग स्टार कोर के जनरल ऑफिसर कमांडिंग (जीओसी) लेफ्टिनेंट जनरल पुष्पेंद्र सिंह ने राष्ट्रीय ध्वज फहराया। इस मौके पर डाह डिविजन के जीओसी मेजर जनरल एम.पी. सिंह, फ्लैग फाउंडेशन ऑफ इंडिया के प्रमुख मेजर जनरल (सेवानिवृत्त) आशिम कोहली सहित कई गणमान्य लोग मौजूद थे।

# झारखंड में विधायकों के पास से बरामद धन का स्रोत कोलकाता में था

कोलकाता, (भाषा)। झारखंड के तीन कांग्रेसी विधायकों के पास से बरामद भारी नकदी का संबंध असम से नहीं कोलकाता से था। सीआईडी के एक वरिष्ठ अधिकारी ने यह जानकारी दी।

कांग्रेस इन विधायकों को पहले ही निलंबित कर चुकी है। मामले की जांच कर रहे पश्चिम बंगाल के अपराध जांच विभाग (सीआईडी) के एक वरिष्ठ अधिकारी ने इस बात पर जोर दिया कि तीनों विधायक कुछ लोगों के इशारे पर एक बड़ी साजिश के तहत काम कर रहे थे। मामले में बरामद धन का संबंध पहले असम से होने की बात कही गई थी। सीआईडी के अधिकारी ने उस कथित बड़ी साजिश के बारे में कोई विस्तृत जानकारी नहीं दी। उन्होंने केवल यह जानकारी दी कि बरामद धन किसी बड़ी साजिश के हिस्से का अंश मात्र है। अधिकारी ने कहा, बरामद धन का संबंध कोलकाता से है। विधायक कुछ लोगों के इशारों पर काम कर रहे थे, जिनकी इसको लेकर कोई बड़ी योजना है।

गौरतलब है कि बंगाल पुलिस ने शनिवार को एक वाहन से 49 लाख रुपये नकद बरामद किए थे। इस वाहन में कांग्रेस के तीन विधायक - इरफान अंसारी, राजेश कच्छप और नमन बिक्सल कोंगारी- सफर कर रहे थे।

इसके बाद विधायकों को गिरफ्तार कर एक अदालत के समक्ष पेश किया गया था, जिसने उन्हें सीआईडी की 10 दिन की हिरासत में भेज दिया था।

# गुजरात विधानसभा चुनाव : आप ने 10 उम्मीदवारों की पहली सूची जारी की

अहमदाबाद, (भाषा)। आम आदमी पार्टी (आप) ने आगामी गुजरात विधानसभा चुनावों के मद्देनजर 10 उम्मीदवारों की पहली सूची जारी की है जिसमें उसने आदिवासी, पिछड़ा वर्ग और अनुसूचित जाति के उम्मीदवारों को शामिल करने का दावा किया है।

भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) शासित गुजरात में विधानसभा चुनावों के मद्देनजर उम्मीदवारों की सूची सबसे पहले आप ने जारी की है। गुजरात प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह का गृह राज्य भी है। हालांकि, भारत निर्वाचन आयोग ने अभी तक गुजरात विधानसभा चुनाव के कार्यक्रम की घोषणा नहीं की है। राज्य में पिछला विधानसभा चुनाव 2017 के दिसंबर में हुआ था।

गौरतलब है कि उम्मीदवारों की यह पहली सूची जारी करने से एक दिन पहले ही आप के राष्ट्रीय समन्वयक अरविंद केजरीवाल ने गिर सोमनाथ जिले में एक रैली को संबोधित किया और पार्टी के सत्ता में आने पर मासिक बेरोजगारी भत्ता देने और गुजरात के सभी युवाओं को रोजगार देने का वादा किया। आप की गुजरात इकाई के अध्यक्ष गोपाल इटालिया ने बताया कि उम्मीदवारों की सूची में पार्टी की गुजरात इकाई के उपाध्यक्ष भीमाभाई चौधरी को बनासकांठा जिले के देओदार विधानसभा सीट से उम्मीदवार बनाया गया है।

उन्होंने बताया कि पार्टी की राज्य इकाई के एक अन्य उपाध्यक्ष जगमाल वाला सोमनाथ सीट से चुनाव लड़ेंगे जबकि दो अन्य उपाध्यक्ष अर्जुन राथवा और सागर राबड़ी को क्रमश: छोटाउदेपुर (सु) और बेचराजी सीटों से उम्मीदवार बनाया गया है।

# झारखंड विधानसभा में भाजपा के हंगामे के बीच 3,436 करोड़ रुपए का अनुपूरक बजट पारित

रांची, (भाषा)। झारखंड विधानसभा के मानसून सत्र में मंगलवार को मुख्य विपक्षी दल भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के भारी हंगामे और उसके चार विधायकों के निलंबन के बीच 3,436 करोड़ रुपये की प्रथम अनुपूरक बजट मांगें ध्वनिमत से पारित हो गयी। झारखंड सरकार ने वित्त वर्ष 2022-23 के लिए 3,436 करोड़ रुपये की प्रथम अनुपूरक बजट मांगें विधानसभा में मंजूरी के लिए रखी थीं। आजसू विधायक लंबोदर महतो ने कटौती प्रस्ताव रखा लेकिन विधानसभा ने उसे खारिज करते हुए अनुपूरक बजट ध्वनिमत से पारित कर दिया। इसके पहले भाजपा ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और उनकी सरकार पर भ्रष्टाचार के तमाम आरोप लगाते हुए सदन के भीतर और बाहर जमकर प्रदर्शन और नारेबाजी की। उसके विधायकों ने अनुपूरक बजट पर चर्चा के बीच सदन की कार्यवाही का बहिष्कार कर सदन से बहिर्गमन किया। अनुपूरक बजट पर भोजनावकाश के बाद हुई चर्चा का जवाब देते हुए वित्त मंत्री रामेश्वर उरांव ने कहा कि यह अनुपूरक बजट राज्य के हित में है।

# केंद्रीय मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने कथित भ्रष्टाचार को लेकर टीआरएस सरकार को निशाना बनाया

हैदराबाद, (भाषा)। केंद्रीय जलशक्ति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने दलित मुख्यमंत्री बनाने जैसे अपने वादों को पूरा नहीं करने तथा कालेश्वरम परियोजना में कथित भ्रष्टाचार को लेकर मंगलवार को तेलंगाना के मुख्यमंत्री के चंद्रशेखर राव को निशाना बनाया। उन्होंने कहा, केसीआर ने वादा किया था, उन्होंने कहा था कि तेलंगाना में कोई दलित हमारा मुख्यमंत्री होगा। तेलंगाना में करीब 14-15 फीसद दलित हैं। तेलंगाना में करीब 10 फीसद आदिवासी रहते हैं। केसीआर साहब को उस जनसंख्या से कोई सक्षम व्यक्ति नहीं मिला जो मुख्यमंत्री बन सकता है।

शेखावत ने आरोप लगाया कि तेलंगाना बनने के बाद राव स्वयं ही मुख्यमंत्री बन गये और अब वह अपने बेटे को मुख्यमंत्री बनाना चाहते हैं। उन्होंने कहा कि तेलंगाना के लोगों ने 2023 के विधानसभा चुनाव में किसी भाजपा नेता को राज्य का मुख्यमंत्री बनाने की ठान ली है। केंद्रीय मंत्री यादाद्री में जनसभा को संबोधित कर रहे थे। यह जनसभा भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की तेलंगाना इकाई के अध्यक्ष एवं सांसद बंदी संजय कुमार की पदयात्रा के तीसरे चरण की शुरुआत पर आयोजित की गयी थी।

कालेश्वरम परियोजना को राष्ट्रीय परियोजना का दर्जा देने की तेलंगाना राष्ट्र समिति (टीआरएस) सरकार की मांग का जिक्र करते हुए शेखावत ने दावा किया कि कथित गलत योजना के चलते हाल की भारी बारिश के बाद परियोजना के तीन बांधों के पंप हाऊस अब पानी में डूब गये हैं।

उन्होंने आरोप लगाया कि परियोजना में अभियांत्रिकी संबंधी त्रुटियां हैं तथा न तो उसकी उपयुक्त ढंग से योजना बनायी गयी एवं न ही निवेश को मंजूरी दी गयी। उन्होंने कहा कि पर्यावरण अनापत्ति भी नहीं मिली।

# गौ आश्रय स्थलों के निरीक्षण के लिए सभी मंडलों में नोडल अधिकारी नियुक्त

लखनऊ, (वीअ)। उत्तर प्रदेश की योगी सरकार ने राज्य में आवारा छोड़ दी गयी गायों की गौ आश्रय स्थलों में बेहतर देखरेख सुनिश्चित करने के लिये सभी मंडलों में नोडल अधिकारी नियुक्त कर दिये हैं। राज्य सरकार के आधिकारिक सूत्रों ने मंगलवार को यह जानकारी देते हुए बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर प्रदेश के गौ आश्रय स्थलों और गौ संरक्षण केंद्रों में गायों की बेहतर देखभाल किये जाने का नियमित निरीक्षण करने के लिए सभी 18 मंडलों में अफसर नियुक्त कर दिये गये हैं। सोमवार देर रात जारी किये गये आदेश में नियुक्त किये गये 18 नोडल अफसरों की सूची जारी कर दी गयी है। आदेश में कहा गया है कि इन नोडल अफसरों को बाढ़-सूखा, गौ संरक्षण, पशुपालन और संचारी रोग टीकाकरण समेत विभिन्न योजनाओं की समीक्षा करने की भी जिम्मेदारी सौंपी गयी है। मुख्यमंत्री योगी के निर्देशानुसार ये अधिकारी अगले 3 दिन तक जिलों में भ्रमण कर स्थलीय निरीक्षण करेंगे।

# न्याय की यह लड़ाई अधूरी क्यों है, शिवपाल ने सपा पर उठाया सवाल

लखनऊ, (वीअ)। प्रगतिशील समाजवादी पार्टी (लोहिया) के अध्यक्ष शिवपाल सिंह यादव ने मंगलवार को समाजवादी पार्टी (सपा) के महासचिव राम गोपाल यादव के एक पत्र का हवाला देते हुए सवाल उठाया है कि न्याय की यह लड़ाई अधूरी क्यों है।

सपा प्रमुख अखिलेश यादव के चाचा शिवपाल सिंह यादव ने मंगलवार को राम गोपाल यादव के पैड पर मुख्यमंत्री को संबोधित पत्र ट्विटर पर साझा करते हुए सवाल उठाया, न्याय की यह लड़ाई अधूरी क्यों है। आजम खान साहब, नाहिद हसन, शहजिल इस्लाम और अन्य कार्यकर्ताओं के लिए क्यों नहीं।

रामपुर से दस बार के विधायक आजम खान समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता हैं और विभिन्न आपराधिक मामलों में 27 माह बाद जेल से जमानत पर मई में रिहा हुए। कैराना के सपा विधायक नाहिद हसन आपराधिक मामलों में जेल में बंद हैं जबकि बरेली जिले के विधायक शहजिल इस्लाम के पेट्रोल पंप पर प्रशासन का बुलडोजर चल चुका है।

गौरतलब है कि समाजवादी पार्टी (सपा) के राष्ट्रीय महासचिव राम गोपाल यादव ने सोमवार को एक आश्चर्यजनक राजनीतिक घटनाक्रम के तहत उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से उनके सरकारी आवास पर मुलाकात की थी। बाद में समाजवादी पार्टी ने अपने आधिकारिक ट्विटर हैंडल से ट्वीट किया, आज समाजवादी पार्टी के प्रमुख राष्ट्रीय महासचिव प्रोफेसर रामगोपाल यादव ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी से लखनऊ में मुलाकात की। प्रदेशभर में पिछड़ों और मुसलमानों पर एकतरफा फर्जी मुकदमे दर्ज कर उनके उत्पीड़न के संदर्भ में बात की। फर्जी मुकदमों को वापस ले सरकार।

शिवपाल ने मंगलवार को राम गोपाल यादव का मुख्यमंत्री को संबोधित पत्र ट्विटर पर साझा किया जिसमें एटा के सपा के पूर्व विधायक रामेश्वर सिंह यादव और उनके भाई पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष जोगेंद्र सिंह पर पुलिस द्वारा लगाए गए मुकदमों और उत्पीड़नात्मक कार्वाई की निष्पक्ष जांच की मांग सपा महासचिव की ओर से की गई है।

हालिया विधानसभा चुनाव में सपा के निशान पर जसवंत नगर से विधायक चुने गये शिवपाल सिंह यादव का अपने भतीजे सपा प्रमुख अखिलेश यादव से चुनाव परिणाम आने के बाद संबंध तनावपूर्ण हो गये।

# राजस्थान में कल से फिर शुरू हो सकता है भारी बारिश का दौर

जयपुर, (वीअ)। राजस्थान में मानसूनी बारिश का दौर जारी है जहां बीते चौबीस घंटे में सबसे अधिक नौ सेंटीमीटर बारिश टोंक में दर्ज की गई। वहीं राज्य में बुधवार को भारी बारिश होने की आशंका है। मौसम विभाग के अनुसार मंगलवार सुबह साढ़े आठ बजे तक राज्य के टोंक में नौ सेमी, भरतपुर में चार सेमी, अलवर के मालाखेड़ा, भरतपुर के कामां, दौसा के लालसोट, सीकर के दांतारामगढ़, बूंदी के नैनवां व चुरू में तीन-तीन सेमी बारिश दर्ज की गयी है। राज्य के कई अन्य जिलों में भी इस दौरान हल्की बारिश एवं बूंदाबांदी दर्ज की गई है। राजधानी जयपुर के अनेक इलाकों में मंगलवार तड़के बारिश हुई। विभाग के प्रवक्ता ने बताया कि मंगलवार सुबह से शाम साढ़े पांच बजे तक बाड़मेर में 69 मिलीमीटर, चित्तौड़गढ़ में 57.5 मिमी, करौली में 35.5 मिमी, डबोक (उदयपुर) में 16 मिमी, सिरोही में 7 मिमी, सवाई माधोपुर में 6 मिमी, बांसवाड़ा में 5.5 मिमी, गंगानगर में 5 मिमी, बारां के शाहाबाद- डूंगरपुर और जयपुर में 4.5-4.5 मिमी, बारिश दर्ज की गई। विभाग का कहना है कि राज्य के अनेक इलाकों में भारी बारिश का दूसरा दौर कल से शुरू हो सकता है।

# एक्सप्रेस वे का संगम लिखेगा इटावा में विकास की इबारत

इटावा , (वार्ता)। महाभारत कालीन सभ्यता से जुड़ा उत्तर प्रदेश का इटावा जिला एक्सप्रेस वे हब बनता नजर आने लगा है। आगरा लखनऊ एक्सप्रेसवे और बुंदेलखंड एक्सप्रेसवे के बाद अब चंबल एक्सप्रेस वे भी इटावा से निकलेगा । तीन एक्सप्रेस वे के जुड़ाव वाला यह प्रदेश का पहला जिला माना जा रहा है।

एक जमाने में कुख्यात दस्यु गिरोहों की शरणस्थली के तौर पर कुख्यात इटावा के लोगों को अब एक्सप्रेस वे के जरिये विकास और रोजगार के नये रास्ते खुलने की उम्मीद जगी है। लोगों को कहना है कि तीनों एक्सप्रेस वे के जरिए इटावा में विकास की नई राह तो शुरू होगी ही साथ ही रोजगार के नए नए रास्ते भी खुलेंगे ।

पूर्व केंद्रीय राज्यमंत्री और स्थानीय भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) सांसद प्रो. रामशंकर कठेरिया ने कहा कि इटावा में भरथना के पास नगरिया सरावा गांव में बुंदेलखंड एक्सप्रेस वे से चंबल एक्सप्रेस वे का जुड़ाव होगा। इसके निर्माण पर करीब 8800 करोड़ खर्च आने का अनुमान है। चंबल एक्सप्रेस वे के इस साल आखिरी में शुरू हो जाने की उम्मीद जताई जा रही है।

राजस्थान के कोटा से निकल कर यूपी के इटावा तक करीब 400 किलोमीटर दूरी तय करने वाला चंबल एक्सप्रेस वेफोरलेन का निर्मित होगा । इसी साल नवंबर माह से चंबल एक्सप्रेसवे का निर्माण शुरू हो जायेगा। केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी से कठेरिया ने इस एक्सप्रेस-वे को जल्द से जल्द चालू करवाने के लिए मुलाकात भी की है। चंबल एक्सप्रेस-वे मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश और राजस्थान राज्यों में प्रस्तावित छह लेन का एक्सप्रेस-वे है । एक्सप्रेस-वे राजस्थान में कोटा को उत्तर प्रदेश में श्योपुर और मुरैना जिलों के माध्यम से इटावा से जोड़ेगा ।

417 किमी लंबा प्रस्तावित एक्सप्रेस-वे मध्य प्रदेश के माध्यम से कानपुर से कोटा तक एक वैकल्पिक मार्ग प्रदान करता है और फिर दिल्ली मुंबई कारिडोर में शामिल होता है। प्रस्तावित चंबल एक्सप्रेस-वे की कुल लंबाई 417 किमी है। अधिकृत सूत्रों ने बताया कि चंबल एक्सप्रेस-वे की प्रस्तावित परियोजना क्रास-कनेक्टिविटी प्रदान करेगा। स्वर्णिम चतुर्भुज का दिल्ली-कोलकाता कारिडोर के साथ उत्तर-दक्षिण कारिडोर के साथ पूर्व-पश्चिम गलियारा के साथ और दिल्ली-मुंबई-एक्सप्रेस-वे के साथ यह मध्य प्रदेश के माध्यम से कानपुर से कोटा तक एक वैकल्पिक मार्ग भी प्रदान करेगा ।



विजय कपूर

### जेल में सड़े 121 निर्दोष आदिवासी

# अब कौन होगा इनकी बर्बादी का जिम्मेदार

बस्तर में बुर्कापाल गांव के निकट 24 अप्रैल 2017 को माओवादियों ने सीआरपीएफ की टुकड़ी पर जबरदस्त हमला बोला था। इस मुठभेड़ में 26 जवान शहीद हुए थे। 2010 में माओवादियों ने 76 सुरक्षाकर्मियों की हत्या की थी,उस घटना के बाद बस्तर क्षेत्र में यह सबसे घातक लाल आतंकी हमला था। 2017 की घटना के कुछ दिनों के भीतर ही पुलिस ने बुर्कापाल, गोंडापल्ली, चिंतागुफा, ताल्मेतला, कोराईगुंदुम व तोंगुड़ा गांवों से 121 आदिवासियों को हिरासत में लिया और उन पर माओवादियों की मदद करने का आरोप लगाते हुए उन्हें यूएपीए की सख्त धाराओं के तहत जेल भेज दिया,जिससे उन्हें जमानत हासिल करना भी लगभग असंभव हो गया। यह ग्रामीण पिछले पांच वर्ष से सलाखों के पीछे ही थे।

बीती 17 जुलाई 2022 को छत्तीसगढ़ में दांतेवाडा की एनआईए अदालत ने इन सभी 121 आदिवासियों को सभी आरोपों से बरी करते हुए इनकी रिहाई के आदेश दिए हैं। अदालत ने कहा कि किसी साक्ष्य या रिकॉर्ड किये गये वक्तव्यों से यह साबित नहीं होता है कि सुकमा जिले में जंगलों के 6 सुदूर गांवों से जिन आदिवासियों को गिरफ्तार किया गया था, वे अपराध में लिप्त थे या कि वे माओवादी हैं। बरी करने के आदेश में,एनआईए अदालत के विशेष न्यायाधीश दीपक कुमार देशलाहरे ने कहा कि अभियोग पक्ष यह साबित करने में नाकाम रहा है कि गिरफ्तारी के समय आरोपियों से हथियार व असलाह बरामद किया गया था या वह उस जगह मौजूद थे जहां माओवादियों ने सीआरपीएफ टीम पर घात लगायी थी।

हालांकि छत्तीसगढ़ पुलिस सूत्रों का कहना है कि एनआईए अदालत के आदेश की समीक्षा करने के बाद तय किया जायेगा कि इस केस की हाईकोर्ट में अपील की जाये या नहीं, लेकिन सवाल यह है कि जिन युवाओं को अकारण ही पांच साल तक जेल में रखा गया उनके भविष्य का क्या होगा? उनके खोये साल तो वापस नहीं आ सकते, तो क्या उन्हें इसका मुआवजा नहीं दिया जाना चाहिए? क्या इन गरीब आदिवासियों का जीवन इतना सस्ता है कि उन्हें बेवजह जेल में डाल दिया जाये और इस 'जुल्म' के लिए कोई जवाबदेह न हो, किसी अधिकारी पर कार्यवाही न हो? अगर ऐसे मामलों में पीड़ितों के लिए मुआवजा और 'दोषी' या 'लापरवाह' अधिकारियों के विरुद्ध कार्यवाही की व्यवस्था नहीं की जायेगी तो कानून के शासन का यूंही मजाक बनता रहेगा और बेचारे निर्दोष गरीब यूंही पिसते रहेंगे।



बहरहाल, यह कोई इकलौता मामला नहीं है। ऐसे अनगिनत मामले हैं कि गलत तरीके से व्यक्ति को वर्षों तक के लिए जेल में डाल दिया जाता है, बाद में अदालत उसे निर्दोष पाते हुए सभी आरोपों से बरी कर देती है,लेकिन जिन अधिकारियों ने उसपर आधारहीन आरोप लगाकर जेल भेजा था उनकी कोई जवाबदेही नहीं ठहरायी जाती, वह ऐसे घूमते रहते हैं जैसे कुछ हुआ ही न हो, जबकि पीड़ित व्यक्ति जिंदगी के सिरे तलाशता रहता है। अब तो इससे भी अधिक चिंताजनक यह होने लगा है कि जेल व अदालत को बाईपास करते हुए अधिकारी खुद ही सजा सुना देते हैं बल्कि दे देते हैं। मसलन, मुरादाबाद में एक एसडीएम ने अपनी बेटी के लिए एक स्थानीय व्यापारी से फर्नीचर लिया, लेकिन जब व्यापारी ने 2.6 लाख रूपये के बिल की पेमेंट मांगी तो एसडीएम ने उसके घर पर दो बुल्डोजर भेज दिए कि उसने 84 वर्ग मीटर सरकारी भूमि पर कब्जा किया हुआ है। प्रशासन द्वारा इस मामले की जांच के आदेश दिए गये हैं और एसडीएम को तहसील मुख्यालय में अटैच कर दिया गया है।

इस प्रकार की घटनाओं को रोकने के लिए कांग्रेस सांसद मुहम्मद जावेद इस मानसून सत्र में एक निजी विधेयक पेश करेंगे जिसमें यह प्रावधान हैं कि गलत तरीके से जेल भेजे जाने पर पीड़ित को मुआवजा दिया जाये व गलती करने वाली एजेंसीज के विरुद्ध दंडात्मक कार्यवाही की जाये। सांसद के अनुसार, ठऐसे अनेक मामले हैं जिनमें पुलिस किसी व्यक्ति को उठा लेती है, उसे जेल में डालती है और सरकारी एजेंसीज के हाथों गंभीर उत्पीड़न के बाद आखिरकार व्यक्ति अदालत से बरी हो जाता है। ऐसी स्थिति में पीड़ित व्यक्ति को मुआवजा मिलना चाहिए व निर्दोष के उत्पीड़न के लिए एजेंसीज की जवाबदेही होनी चाहिए।' यह निजी विधेयक तो शायद संसद में पारित न हो, लेकिन ऐसे मामलों की गंभीरता को मद्देनजर रखते हुए सरकार को स्वयं ऐसा विधेयक जनहित में लाना चाहिए।

छत्तीसगढ़ में बरी हुए सभी 121 आदिवासियों को जब गिरफ्तार किया गया था तो वह 20 से 30 वर्ष के आयु वर्ग में थे। उनके जीवन के बेशकीमती 5 वर्ष सलाखों के पीछे बर्बाद हो गये, जबकि वह समय उनके लिए अपने जीवन का ठोस आधार रखने का अवसर था। इसलिए बरी हुए इन ग्रामीणों के चेहरों पर संतोष या खुशी का कोई भाव दिखायी नहीं दिया। उन्होंने कहा कि पांच साल की कैद ने उन्हें पत्थर बना दिया है, और वह अपने भविष्य को लेकर नर्वस हैं। इन गिरफ्तार ग्रामीणों में एक हेमला अयातु भी थे, जिनके वक्तव्य को मानवाधिकार एक्टिविस्ट बेला भाटिया ने ट्वीट किया है,ठमुझे पुलिस ने सुकमा से उठाया था। मैं अपना सब कुछ खो चुका हूं। मैंने कुछ नहीं किया था। जेल में बिताये पांच वर्षों के दौरान मुझे जो दर्द हुआ उसे व्यक्त करने के लिए मेरे पास शब्द नहीं हैं।' बरी होने के बाद अयातु ने प्रेस से कहा कि उसके विवाह के कुछ दिन बाद ही उसे पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया था और तब से उसने अपनी पत्नी को नहीं देखा है।

बेला भाटिया की जानकारी के अनुसार इस केस में काला कानून यूएपीए के तहत सबसे अधिक आरोपी थे। उन्होंने कहा, ठबुर्कापाल केस को हमेशा इस प्रतीक के तौरपर याद किया जायेगा कि माओ-विरोधी ऑपरेशंस के नाम पर बस्तर के आदिवासियों के खिलाफ गंभीर अन्याय किया गया था। क्या पुलिस पर अपराधिक साजिश का मुकदमा नहीं चलाया जाना चाहिए कि माओवादियों के विरुद्ध जंग में उसने सीधे सादे ग्रामीणों को बलि का बकरा बनाया? यह लोग छोटे किसान हैं और हम अंदाजा लगा सकते हैं कि इन पांच वर्षों के दौरान इनके परिवारों पर क्या गुजरी होगी। इनके खोये हुए वर्षों या आय का राज्य क्या मुआवजा देगा?'

बेला भाटिया कहती हैं कि पुलिस की जांच मात्र लीपापोती थी। सीआरपीएफ के जो सात जवान घायल हुए थे उन्हें तो गवाह तक नहीं बनाया गया था। इसके विपरीत, बिना किसी साक्ष्य के इन आदिवासियों को बुर्कापाल व आसपास के गांवों से उठा लिया गया, इनमें से अधिकतर तो अपने घरों पर सो रहे थे जब इन्हें गिरफ्तार किया गया। इन पर यूएपीए, आईपीसी की विभिन्न धाराएं, आर्म्स एक्ट, विस्फोटक पदार्थ एक्ट और छत्तीसगढ़ विशेष जनसुरक्षा कानून, 2005 के तहत मुकदमे कायम किये गये। ट्रायल अगस्त 2021 में आरंभ हुआ और अदालत ने दो दर्जन से अधिक अभियोग पक्ष के गवाहों को जांचने के बाद यह निष्कर्ष निकाला कि सभी 121 ग्रामीण निर्दोष हैं। इसलिए इन्हें इनकी खोयी हुई पांच वर्ष की जिंदगी का मुआवजा तो मिलना ही चाहिए।

इमेज रिफ्लेक्शन सेंटर

---

### ईमानदार सरकारी अफसरों पर टूटता

# गुंडों और माफिया का कहर



लोकमित्र गौतम

राजधानी दिल्ली स्थित अंतर्राष्ट्रीय इंदिरा गांधी हवाई अड्डे से हरियाणा राज्य के 22 जिलों में से एक नूह की दूरी महज 63 किलोमीटर है। जबकि दिल्ली के कई दूसरे इलाकों से तो यह महज 38 या 40 किलोमीटर ही रह जाती है। इसके बावजूद यहां घोर जंगल राज है। चारो तरफ माफिया का आतंक है। यहां माफिया को न तो देश की राजधानी का कोई डर है और न ही प्रदेश की पुलिस का। दिल्ली से इतने नजदीक होने के बावजूद यहां से आये दिन दिल दहला देने वाली गुंडाराज की खबरें आती ही रहती हैं। 19 जुलाई 2022 को यहीं से एक बार फिर देश ही नहीं दुनिया को सिहरा देने वाली माफिया आतंक की एक दुर्दांत कहानी सामने आयी। नूह जिले के तावडू थाना क्षेत्र में तैनात डिप्टी एसपी सुरेंद्र सिंह को सुबह करीब 11 बजे सूचना मिली कि थाना क्षेत्र के पचगांव की सीमा में स्थित अरावली की पथरीली पहाड़ियों पर खनन माफिया के लोग अवैध खनन कर रहे हैं। इस पर डिप्टी एसपी सुरेंद्र सिंह इन लोगों पर काबू करने के लिए घटनास्थल की तरफ दौड़ पड़े। यह जगह पिछले कई दशकों से अवैध खनन के लिए बदनाम है, लेकिन माफिया इतना ताकतवर है कि पुलिस के बार बार कहने पर भी सरकार ने इस इलाके में पुलिस की स्थायी चौकी जैसी कोई व्यवस्था नहीं की।

खैर, जब डिप्टी एसपी सुरेंद्र सिंह मौके पर पहुंचे तो माफिया के लोगों में उन्हें देखकर भगदड़ मच गई। सबके सब अपने ट्रक, डंपर, बुलडोजर आदि लेकर भगाने लगे। लेकिन आज एसपी हर हालात में इस माफिया को सबक सिखाना चाहते थे, इसलिए उन्होंने उनका पीछा जारी रखा। कुछ दूर तक तो यह चूहा-बिल्ली दौड़ चली, लेकिन जब माफिया को लगा कि एसपी आसानी से पीछा नहीं छोड़ने वाला, तब वे रूके, मुडे. और एसपी पर बेरहमी से डंपर चढ़ा दिया, जिससे इस नौजवान पुलिस अधिकारी की मौके पर ही मौत हो गई। डिप्टी एसपी को कुचलकर खनन माफिया के गुंडे पहाड़ियों के बीहड़ से भाग निकले। सूचना पाकर मौके पर नूह के एसपी वरुण सिंगला भी मौके पर पहुंचे और घटनास्थल पर इस खौफनाक दृश्य को देखकर दहशत से भर गये। माफिया के गुंडों ने एसपी को बेरहमी से न सिर्फ कुचला था बल्कि वह किसी भी कीमत पर जिंदा न रहें, इसलिए उनकी कुचलकर चटनी बना दी थी।

मूलरूप से हरियाणा के हिसार से आने वाले नौजवान और दबंग एसपी सुरेंद्र सिंह को जिस बेखौफ तरीके से खनन माफिया ने कुचलकर मारा है, इसे देखते हुए आने वाले कई सालों तक किसी दूसरे दबंग पुलिस वाले का शायद इस इलाके में खनन माफिया से टक्कर लेने की हिम्मत न पड़े। खनन माफिया यही चाहता भी है। इसीलिए उसने इतना बड़ा जोखिम लिया है। हालांकि कोई फिल्मी स्क्रिप्ट होती तो इस घटना के बाद हरियाणा पुलिस न सिर्फ चुन चुनकर माफिया का खात्मा करती बल्कि फिल्म की सुखद अंत के लिए माफिया का हमेशा हमेशा के लिए खात्मा हो जाता। लेकिन फिल्म और हकीकत में फर्क होता है। हकीकत में यहां यह सब आसान नहीं है। अगर ऐसा होता तो न जाने कब का यहां से माफिया का राज खत्म हो चुका होता। क्योंकि डीएसपी सुरेंद्र सिंह जैसी मौत कई बड़े सरकारी अधिकारियों की हो चुकी है। लेकिन इस सबके बाद भी इस जंग में हमेशा पुलिस को ही मुंह की खानी पड़ी है। सालों से यह सिलसिला जारी है और अब तो यह आतंक इस कदर बढ़ गया है कि लगता है भविष्य में इस तरह की हिम्मत करने वाले किसी पुलिस अफसर का नाम तक सुनने को नहीं मिलेगा।

> मूलरूप से हरियाणा के हिसार से आने वाले नौजवान और दबंग एसपी सुरेंद्र सिंह को जिस बेखौफ तरीके से खनन माफिया ने कुचलकर मारा है, इसे देखते हुए आने वाले कई सालों तक किसी दूसरे दबंग पुलिस वाले का शायद इस इलाके में खनन माफिया से टक्कर लेने की हिम्मत न पड़े।

अगर ऐसी दुःकल्पना न की जाए तो क्या किया जाएं? क्योंकि शासन प्रशासन के पास अपार ताकत होने के बावजूद सालों से लगातार ईमानदारी से ड्यूटी निभाने की कोशिश करने वाले पुलिस अधिकारियों को ऐसे ही हार और हताशा का मुंह देखना पड़ता है। देश के एक नहीं अनेक राज्यों में अवैध माफिया का ईमानदार सरकारी अधिकारियों खासकर पुलिस अधिकारियों पर कहर टूट रहा है। लेकिन शासन प्रशासन महज परिस्थितियों का मूक दर्शक गवाह भर बना हुआ है। कुछ साल पहले देश की संसद में अवैध खनन को लेकर कुछ आंकड़े बताये गये थे। उनके मुताबिक साल 2016-17 में अवैध खनन के 31,173 मामले तो अकेले महाराष्ट्र में सामने आये थे, जबकि मध्य प्रदेश में करीब 14000 मामले थे। वहीं उसी साल आंध्र प्रदेश में जो कि इस तरह के अपराध में तीसरे नंबर पर था अवैध खनन की 9,703 मामले सामने आये थे।

इसके पहले भी न सिर्फ अवैध खनन के बढ़ते मामले चिंता का विषय बनते रहे हैं बल्कि हाल के एक दशक में इस अवैध माफिया के चलते देश को अपने कई सबसे महत्वपूर्ण अधिकारियों से हाथ धोना पड़ा। एक अनुमान के मुताबिक हर साल करीब 42000 करोड़ रुपये का देश के अलग अलग क्षेत्रों में कई तरह का अवैध खनन होता है, जिसमें सबसे ज्यादा रेत और अरावली पहाड़ियों से पत्थर का अवैध खनन है। इस बेहद साफ दिखने वाली गुंडागर्दी को खत्म करने के लिए कई राज्यों की पुलिस कोशिश करती है, लेकिन पुलिस तो कामयाब नहीं होती उल्टे माफिया के लोग हर एक दो साला में किसी ऐसे बड़े सरकारी अधिकारी की दिन दहाड़े हत्या कर देते हैं कि कई सालों तक उसे याद करके लोग सिहरते रहें। जिस तरह से डीएसपी सुरेंद्र सिंह को कुचला गया, वह सिर्फ सुरेंद्र सिंह की जान लेने भर के लिए नहीं किया गया बल्कि इसके पीछे पुलिस और प्रशासन को डराना भी एक बड़ा मकसद था।

देश में किस कदर गुंडाराज है कि जिस पुलिस पर देश की कानून और व्यवस्था बनाये रखने की जिम्मेदारी है, माफिया के लोग उस पुलिस और प्रशासन को ही बार बार दहलाने की कोशिश कर रहे हैं। जब भी ऐसी कोई घटना हाती है तो शासन प्रशासन दावा करता है कि वह इस घटना की पुनरावृत्ति नहीं होने देगा। बावजूद इसके लगातार अवैध खनन की घटनाएं बढ़ती जा रही हैं। साल 2020 में जहां कोविड की शिकंजेबंदी के बावजूद हरियाणा में अवैध खनन की 539 घटनाएं हुई थीं, वहीं साल 2021 में यह बढ़कर 910 हो गई। इससे साफ पता चलता है कि अवैध खनन माफिया को कतई डर नहीं है। अगर डर होता तो साल 2012 में ऐन होली के दिन जिस वीभत्स तरीके से आईपीएस नरेंद्र कुमार को कुचल डाला गया था, वैसी ही हरकत दोबारा न होती। लेकिन अकेले आईपीएस नरेंद्र कुमार को ही नहीं, इसी तरीके से कुछ सालों पहले अप्रैल 2015 में सिपाही धर्मेंद्र चौहान को चंबल के नूराबाद इलाके में भी माफिया ने बुरी तरह से कुचलकर मार दिया था।

सितंबर 2018 में चंबल के मुरैना इलाके में रेत माफिया पर कार्यवाही करने गये डिप्टी रेंजर सुबेदार सिंह कुशवाहा को भी रेत माफिया ने किसी मूली गाजर की तरह कुचल दिया था। सिर्फ हरियाणा, मध्य प्रदेश या राजस्थान में ही नहीं पूरे देश में माफिया का यह गुंडाराज अनवरत जारी है। भले राज्य सरकारें और केंद्र सरकार ढोल पीटती रहें कि उन्होंने कानून व्यवस्था को बेहद चौकस कर दिया है, लेकिन रह रहकर घटने वाली घटनाएं, बताती हैं कि किस तरीके से माफिया बिना किसी भय के अपनी मनमानी कर रहा है।

माफिया कितना बेखौफ है कि इसका अंदाजा इस बात से भी लगाया जा सकता है कि नूह की इस घटना के एक दिन बाद ही रांची में एक पिकअप बैंक के ड्राइवर ने महिला दरोगा संध्या टोकनो को कुचलकर मार डाला। दरअसल संध्या टोकनो गौ तस्करी की सूचना पर चैकिंग कर रही थीं, लेकिन जब उन्होंने एक पिकअप वैन को रोका तो ड्राइवर ने बिना किसी की परवाह के उनको कुचलता हुआ आगे बढ़ गया। हालांकि पुलिस ने उसका पीछा करके गिरफ्तार कर लिया। लेकिन इससे क्या होता है? एक और ईमानदार अफसर न सिर्फ खूंखार मौत का शिकार हुआ बल्कि अपनी दहशतभरी मौत से दूसरे अधिकारियों को भी ऐसी हिम्मत न करने की हिदायत दे गया। जिस तरह से लगातार गुंडों और माफियों का ईमानदार सरकारी अधिकारियों पर कहर टूट रहा है, वह महज कानून और व्यवस्था तक ही सीमित रहने वाला मामला नहीं है। इस सिलसिले को अगर तुरंत नहीं रोका गया तो यह देश के अंदर लोकतंत्र की जड़ों में भी मट्ठा डाल देगा।

इमेज रिफ्लेक्शन सेंटर

---

### अभी से सावधान रहें

# ...ताकि मंकीपॉक्स चकमा न दे सके



शाहिद ए चौधरी

पश्चिम दिल्ली का एक 34-वर्षीय व्यक्ति, जिसका विदेश यात्रा का कोई इतिहास नहीं है, मंकीपॉक्स पॉजिटिव पाया गया है। इसके साथ ही भारत में इस रोग से पीड़ित व्यक्तियों की संख्या, सरकार के अनुसार, चार हो गई है। इससे पहले मंकीपॉक्स के तीन केस केरल से रिपोर्ट हुए थे। तेलंगाना से भी मंकीपॉक्स की कुछ खबरें मिली हैं। दिल्ली के व्यक्ति ने हाल ही में मनाली (हिमाचल प्रदेश) में एक स्टैग पार्टी में हिस्सा लिया था। उसके परिवार के सदस्यों सहित उसके नौ कॉन्टेक्ट्स को क्वारंटाइन किया गया है, फॉलोअप के लिए। फिलहाल वह सभी लक्षणरहित हैं। पीड़ित व्यक्ति को दिल्ली के लोकनायक जय प्रकाश (एलएनजेपी) अस्पताल में उपचार हेतु आइसोलेशन सेंटर में रखा गया है।

मंकीपॉक्स के मामले 75 से अधिक देशों में रिपोर्ट किये गये हैं। इसलिए विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्लूएचओ) ने 23 जुलाई को मंकीपॉक्स को अंतर्राष्ट्रीय चिंता की ग्लोबल पब्लिक हेल्थ इमरजेंसी घोषित किया है। ग्लोबली मंकीपॉक्स के अब तक 18,000 से अधिक केस रिपोर्ट हुए हैं और इससे मरने वालों की संख्या पांच है। डब्लूएचओ के दक्षिण-पूर्व एशिया क्षेत्र में भारत के अतिरिक्त थाईलैंड में भी मंकीपॉक्स का एक केस रिपोर्ट हुआ है। चूंकि यह चिंता का विषय है, विशेषकर इसलिए कि भारत में कोविड-19 संक्रमण के केस एक बार फिर से तेजी से बढ़ने लगे हैं, इसलिए केंद्र सरकार ने 24 जुलाई को उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक की।

डायरेक्टरेट जनरल ऑफ हेल्थ सर्विसेज (डीजीएचएस) की अध्यक्षता में हुई इस बैठक में स्वास्थ्य मंत्रालय, नेशनल सेंटर फॉर डिजीज कंट्रोल (एनसीडीसी), आईसीएमआर आदि के अधिकारियों ने हिस्सा लिया। बैठक में मंकीपॉक्स को नियंत्रित करने के लिए जन स्वास्थ्य हस्तक्षेप पर बल दिया गया, जैसे संक्रमण के स्रोत की पहचान करना, कांटेक्ट ट्रेसिंग, टेस्टिंग को बढ़ाना और प्राइवेट डॉक्टरों का संवेदीकरण। डीजीएचएस अतुल गोयल ने एनसीडीसी को आदेश दिया है कि मंकीपॉक्स केसों की विस्तृत एपिडेमिओलॉजिकल जांच करे। उन्होंने एनएसीओ (नेशनल एड्स कंट्रोल आर्गेनाइजेशन) से कहा है कि वह समलैंगिक पुरुषों के संदर्भ में 'टार्गेटेड एप्रोच' अपनाये। बैठक में इस बात पर भी बल दिया गया कि स्वास्थ्य व्यवस्थाएं उन लोगों पर कड़ी निगरानी रखें जो अस्पष्टीकृत रैश की शिकायत करते हैं या जिन्होंने पिछले 21 दिन के दौरान ऐसे देश की यात्रा की हो जहां मंकीपॉक्स के पुष्ट या संदिग्ध मामले हों।

वायरल जूनोसिस होने के कारण मंकीपॉक्स वायरस संक्रमित पशुओं से मानवों में प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष संपर्क से ट्रांसमिट होता है। मानव से मानव ट्रांसमिशन संक्रमित त्वचा या घाव और श्वांस, ड्रापलेट्स से सीधे संपर्क में आने पर होता है। पुष्ट मंकीपॉक्स मामलों का जो अब तक सबसे बड़ा अध्ययन किया गया है, उसमें नये क्लिनिकल लक्षणों की पहचान की गई जोकि सिफलिस व अन्य यौन संक्रमित रोगों के समान हैं, जिस वजह से मंकीपॉक्स की समस्या आसानी से गलत डायग्नोसिस हो जाती है। इन लक्षणों में शामिल हैं- सिंगल जेनाटल लेजिअन और मुंह या गुदा में फुंसियां। यह अध्ययन 'न्यू इंग्लैंड जरनल ऑफ मेडिसिन' में प्रकाशित हुआ है। 27 अप्रैल व 24 जून 2022 के बीच मंकीपॉक्स के 528 केसों पर किये गये इस अध्ययन में पाया गया कि 95 प्रतिशत रोगियों के रैश था, 73 प्रतिशत के एनोजेनाटल लेजिअन और 41 प्रतिशत के मुकोसल लेजिअन। 54 रोगियों के सिंगल जेनाटल लेजिअन था और एक चौंकाने वाला तथ्य यह था कि 15 प्रतिशत रोगियों को एनल या रेक्टल (या दोनों) दर्द था। शायद यही कारण है कि डीजीएचएस ने समलैंगिक पुरुषों पर निगरानी रखने के लिए कहा है।

बहरहाल, मंकीपॉक्स के अन्य लक्षण हैं बुखार, सिरदर्द, मांसपेशियों में दर्द, कमर दर्द, लिम्फ नोड्स में सूजन, ठंड लगना व थकन, जिनसे अनेक मेडिकल जटिलताएं उत्पन्न हो जाती हैं। लक्षण 2 से 4 सप्ताह तक रहते हैं। स्मालपॉक्स के लिए विकसित एंटीवायरल एजेंट का प्रयोग मंकीपॉक्स उपचार के लिए भी किया जाता है। लेकिन मंकीपॉक्स स्मालपॉक्स की तुलना में कम संक्रमित करने वाला है। पिछले सप्ताह भारत के स्वास्थ्य मंत्रालय ने भारत में आने वाले अंतर्राष्ट्रीय यात्रियों की स्क्रीनिंग प्रक्रिया की समीक्षा की। एअरपोर्ट व पोर्ट स्वास्थ्य अधिकारियों और स्वास्थ्य व परिवार कल्याण मंत्रालय के क्षेत्रीय कार्यालयों के निदेशकों को आदेश दिया गया कि देश में मंकीपॉक्स के खतरे को कम करने के लिए वह अंतर्राष्ट्रीय यात्रियों की सख्त स्क्रीनिंग सुनिश्चित करें। डब्लूएचओ द्वारा मंकीपॉक्स को ग्लोबल पब्लिक हेल्थ इमरजेंसी घोषित करना भारत के संकेत है कि वह अपनी प्रतिक्रिया को मजबूत कर ले। रोकथाम अभियान सफल हो जाये तो खतरा अपने आप टल जाता है। कोविड महामारी के दौरान भारत को महत्वपूर्ण और अक्सर दर्दनाक व त्रासदीपूर्ण सबक मिला है। इसलिए भारत मंकीपॉक्स को नियंत्रित करने व उसके उपचार की योजनाओं को लागू करने की बेहतर स्थिति में है।

इमेज रिफ्लेक्शन सेंटर

# भारत-अंडोरा ने सहयोग बढ़ाने के लिए समझौते पर हस्ताक्षर किए

नई दिल्ली, (विप्र)। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने यूरोपीय देश अंडोरा की अपनी समकक्ष मारिया उबाच फॉन्ट के साथ व्यापक बातचीत की और दोनों देशों ने मित्रता एवं सहयोग बढ़ाने के लिए द्विपक्षीय समझौते पर हस्ताक्षर किए। प्रिंसिपैलिटी ऑफ अंडोरा की विदेश मंत्री फॉन्ट भारत की दो दिवसीय यात्रा पर हैं। यह 1994 में राजनयिक संबंध स्थापित होने के बाद से दोनों देशों के बीच पहली मंत्री स्तरीय यात्रा है। जयशंकर ने ट्वीट किया, ''अंडोरा सेभारत की पहली आधिकारिक द्विपक्षीय यात्रा पर विदेश मंत्री मारिया उबाच फॉन्ट का स्वागत करके खुशी हुई। आज हमने मित्रता एवं सामान्य सहयोग के जिस समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं, उससे राजनीतिक, आर्थिक एवं वाणिज्यिक, स्वास्थ्य, पर्यटन तथा अन्य क्षेत्रों में हमारा सहयोग और मजबूत होगा।''



विदेश मंत्री एस जयशंकर यूरोपीय देश अंडोरा की अपनी समकक्ष मारिया उबाच फॉन्ट के साथ द्विपक्षीय समझौते पर हस्ताक्षर करते हुए। (छाया : एएनआई)

## अलकायदा-तालिबान के बीच गठजोड़ भारतीय हितों के खिलाफ: अधिकारी

**विशेष प्रतिनिधि**

नई दिल्ली। भारतीय अधिकारियों ने मंगलवार को कहा कि अयमान अल-जवाहिरी का मारा जाना भारत में अलकायदा समर्थकों और सहयोगियों के लिए एक बड़ा झटका हो सकता है। हालांकि, उन्होंने तालिबान द्वारा जवाहिरी को काबुल में पनाह दिए जाने पर चिंता जताई और कहा कि मुख्य रूप से भारत को निशाना बनाने वाले आतंकवादी संगठनों को भी इसी प्रकार संरक्षण दिया जा सकता है।

साल 2011 में ओसामा बिन लादेन के मारे जाने के बाद अलकायदा प्रमुख बने जवाहिरी को सीआईए ने अफगानिस्तान की राजधानी काबुल में एक घर पर हमला करके मार गिराया है। काबुल पर इस समय तालिबान का नियंत्रण है।

घटनाक्रम की जानकारी रखने वाले अधिकारियों ने पीटीआई-भाषा को बताया कि जवाहिरी के मारे जाने से भारत में अलकायदा समर्थकों और सहयोगियों के मनोबल पर असर पड़ने की संभावना है। हाल ही में, वे भारत में प्रचार अभियान चला रहे थे और अल-कायदा के संगठनात्मक तंत्र को फिर से जिंदा करने की कोशिश कर रहे थे।

उन्होंने कहा कि यह भारतीय उपमहाद्वीप में अल-कायदा ाएक्यूआईएसा जैसे उसके क्षेत्रीय सहयोगियों के मंसूबों पर भी प्रतिकूल प्रभाव डाल सकता है।

अधिकारियों ने कहा कि तालिबान और अल-कायदा के बीच बेहद घनिष्ठ संबंधों की बात इस तथ्य से स्पष्ट होती है कि जवाहिरी काबुल के एक पॉश इलाके में रह रहा था। उन्होंने कहा कि अल कायदा-तालिबान के बीच यह करीबी गठजोड़ भारतीय हितों के खिलाफ है।

अधिकारियों ने कहा कि अल-कायदा को पनाह दे रहा तालिबान, जैश-ए-मोहम्मद और लश्कर-ए-तैयबा जैसे पाकिस्तान स्थित संगठनों को भी इस तरह की सुविधाएं दे सकता है, जो मुख्य रूप से भारत को निशाना बनाते हैं।

# संक्षिप्त

### वाशिंगटन में गोलीबारी , छह लोग घायल

वाशिंगटन (वार्ता)। उत्तरपूर्व वाशिंगटन डीसी में सोमवार रात गोलीबारी में छह लोग लोग घायल हो गए, जिसमें से कुछ की हालत गंभीर बनी हुई है। डीसी परिषद के सदस्य चार्ल्स एलेन ने ट्वीट किया, ''गोलीबारी अजीज बेट्स में 1515एफ स्ट्रीट में हुई। आज रात समुदाय के लिए हिंसा की खौफनाक वारदात हुई। गोलीबारी में छह लोग घायल हो गए और कई की हालत गंभीर है।'' ऐसी उम्मीद जतायी जा रही है कि पुलिस इस संबंध में शीघ्र ही जानकारी देगी।

### जकार्ता से वापस बुलाई गईं बंगलादेशी राजनयिक

ढाका (वार्ता)। बंगलादेश ने जकार्ता में अपने दूतावास की उप प्रमुख काजी अनारकली को इंडोनेशिया सरकार के अनुरोध पर वापस बुला लिया है। सुश्री अनारकली के घर से चरस (मारिजुआना) बरामद होने के बाद इंडोनेशिया सरकार ने यह अनुरोध किया था। विदेश मंत्रालय के सूत्रों के मुताबिक इंडोनेशिया के ड्रग कंट्रोल अथॉरिटीज ने इस साल पांच जून को सुश्री अनारकली के घर पर छापा मारा था। राजनयिक एक नाइजीरियाई नागरिक के साथ एक अपार्टमेंट साझा करती थीं।इंडोनेशियाई सरकार के अनुरोध पर सुश्री अनारकली को वापस ढाका लाया गया। बंगलादेश ने इस मामले में इंडोनेशिया से विस्तृत स्पष्टीकरण मांगा है। वर्ष 2017 में, अनारकली को उसकी नौकरानी के लापता होने के बाद अमेरिका से वापस लाया गया था।

### अल जवाहिरी के मारे जाने के बाद दुनिया अधिक सुरक्षित हुई है : एंटनी ब्लिंकन

वाशिंगटन, (भाषा)। अमेरिका के विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन ने कहा कि अल कायदा के सरगना अयमान अल जवाहिरी के मारे जाने के बाद दुनिया अधिक सुरक्षित हो गयी है। विदेश मंत्री ने साथ ही अफगानिस्तान की तालिबान सरकार पर काबुल में अल कायदा प्रमुख को रखने और सुरक्षा देकर अंतरराष्ट्रीय समुदाय से की गई प्रतिबद्धताओं का उल्लंघन करने का आरोप लगाया है।ब्लिंकन ने कहा कि अमेरिका उनके खिलाफ कार्वाई करना जारी रखेगा जो देश, उसके लोगों और उसके सहयोगियों के लिए खतरा हैं। हमने अफगानिस्तान से पैदा होने वाले आतंकवादी खतरों पर कार्वाई करने की अपनी प्रतिबद्धता पर कदम उठाया है। अल कायदा के सरगना अल जवाहिरी के मारे जाने के बाद दुनिया अधिक सुरक्षित हो गई है। अमेरिका उनके खिलाफ कार्वाई करना जारी रखेगा जो हमारे देश, हमारे लोगों और हमारे सहयोगियों के लिए खतरा हों।

## सिंगापुर सरकार ने राजपक्षे को कोई विशेष लाभ और छूट नहीं दी: मंत्री

सिंगापुर, (भाषा)। सिंगापुर के विदेश मंत्री विवियन बालाकृष्णन ने कहा कि श्रीलंका के पूर्व राष्ट्रपति गोटबाया राजपक्षे को उनकी सरकार ने कोई विशेष लाभ, छूट या आतिथ्य-सत्कार नहीं दिया है। गोटबाया उनकी सरकार के खिलाफ श्रीलंका में हुए व्यापक प्रदर्शनों के बीच पिछले महीने देश छोड़कर सिंगापुर आए थे। वह 13 जुलाई को मालदीव पहुंचे और वहां से अगले दिन सिंगापुर आए। सिंगापुर में निजी यात्रा पर प्रवेश की अनुमति दिए जाने के बाद 73 वर्षीय गोटबाया ने संसद के अध्यक्ष को 14 जुलाई को अपना इस्तीफा ई-मेल कर दिया था। बालाकृष्णन ने विपक्षी वर्कर्स पार्टी के सदस्य एवं सांसद गेराल्ड गियाम के एक सवाल के लिखित जवाब में कहा, सिंगापुर सरकार किसी पूर्व राष्ट्राध्यक्ष या किसी सरकार के पूर्व प्रमुख को कोई विशेष लाभ, छूट और आतिथ्य-सत्कार नहीं देती है। उन्होंने कहा, इसी तरह, पूर्व राष्ट्रपति गोटबाया राजपक्षे को भी कोई विशेष लाभ, छूट या आथित्य-सत्कार नहीं दिया गया। सत्तारूढ़ पीपल्स एक्शन पार्टी के सदस्य एवं सांसद यिप योन वेंग ने चिंता जताई कि सिंगापुर राजनीतिक भगोड़ों के लिए पनाहगाह न बन जाए, इसके जवाब में गृह एवं विधि मंत्री के. षण्मगुगम ने कहा, जिन विदेशी नागरिकों के पास वैध दस्तावेज हैं और जो देश में प्रवेश संबंधी अनिवार्यताओं को पूरा करते हैं, उन्हें ही सिंगापुर में आने की अनुमति दी जाएगी। इसके अलावा, हमारे पास हमारे राष्ट्रहित के मद्देनजर किसी भी विदेशी को प्रवेश न देने का अधिकार है। उन्होंने कहा, यदि सिंगापुर आने वाला कोई विदेशी नागरिक अपने देश की सरकार के लिए वांछित है और उसकी सरकार उसे प्रत्यर्पित करने का आग्रह करती है, तो सिंगापुर सरकार अपने कानून के अनुसार उस सरकार की मदद करेगी।

## श्रीलंका की नई सरकार 22वें संशोधन को संसद में पेश करेगी: मंत्री

कोलंबो, (भाषा)। श्रीलंका की नई सरकार संविधान के 22वें संशोधन को संसद में पेश करेगी, जिसे आधिकारिक तौर पर 21वें संशोधन के तौर पर अंगीकार किया जाएगा। न्याय मंत्री ने मंगलवार को यह जानकारी दी। न्याय मंत्री विजयदास राजपक्षे ने संवाददाताओं से कहा कि 22वें संशोधन में 19वें संशोधन की कमियों को दूर किया जाएगा, जबकि 20 वें संशोधन को रद्द किया जाएगा। उन्होंने बताया कि 22वें संशोधन को सोमवार को कैबिनेट ने मंजूरी दी और इसे संसद में पेश किया जाएगा।

कुछ बदलावों के बाद संशोधन को सोमवार को पुन: मंजूरी दी गई, इन्हीं संशोधनों को गोटबाया राजपक्षे नीत पूर्ववर्ती सरकार के मंत्रिमंडल ने मंजूरी दी थी।

## हताश और भाग रहे आतंकियों का निशाना अब स्वतंत्रता दिवस

**सुरेश एस डुग्गर**

जम्मू। अगर खुफिया अधिकारियों पर विश्वास करें तो सुरक्षाबलों के बढ़ते दबाव और अधिकांश कमांडरों के मारे जाने से हताश आतंकी गुट अपने बचे खुचे कैडर का मनोबल बनाए रखने के लिए स्वतंत्रता दिवस के दौरान राज्य में दोनों राजधानी शहरों श्रीनगर व जम्मू में किसी बड़ी वारदात को अंजाम देने की फिराक में हैं।सुरक्षाबलों ने आतंकियों के मंसूबों को समय रहते नाकाम बनाते हुए कानून व्यवस्था का माहौल बनाए रखने के लिए विभिन्न इलाकों में तलाशी अभियान शुरू कर दिया है। सूत्रों के अनुसार,आतंकियों ने दोनों राजधानी शहरों में अपने माड्यूल सक्रिय कर दिए हैं।कोरोना काल के बीच इस वर्ष का स्वतंत्रता दिवस समारोह का मुख्य आयोजन मौलाना आजाद स्टेडियम में होना हैं,जिसके चलते वहां सुरक्षा को पुख्ता बनाने का काम शुरू हो गया हैं। स्टेडियम के आसपास सुरक्षा बलों की तैनाती शुरू कर दी गई हैं। जम्मू पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि शहर और उसके बाहरी क्षेत्रों को सुरक्षा के लिहाज से विभाजित कर वहां पर्याप्त मात्रा में सुरक्षाबलों की तैनाती आरंभ की गई है। विशेष रूप से मुख्य समारोह स्थल और इसके आसपास के क्षेत्रों की जांच चल रही है। पाकिस्तान के साथ लगती अंतरराष्ट्रीय सीमा (आईबी) से आतंकियों द्वारा घुसपैठ की आशंका के बारे में खुफिया सूचनाएं मिली हैं। जिसके चलते बीएसएफ के साथ मिलकर आतंकियों के नापाक इरादे को विफल बनाने के लिए रणनीति बनाई जा रही हैं।

आतंकियों के मंसूबों को भांपते हुए वादी में अल्पसंख्यकों की बस्तियों की सुरक्षा की समीक्षा कर उसमें व्यापक सुधार लाने के अलावा विभिन्न धर्मस्थलों की सुरक्षा भी बढ़ाई गई है। सूत्रों ने बताया कि श्रीनगर-जम्मू राष्ट्रीय राजमार्ग पर भी सुरक्षा कड़ी कर दी गई है।हाईवे पर आतंकी हमले की संभावना का आकलन करते हुए उसे विभिन्न सेक्टरों में बांटते हुए आवश्यकता अनुसार सुरक्षाबलों की गश्त बढ़ाई गई है। जम्मू रेलवे स्टेशन,बस अड्डों की सुरक्षा कड़ी,नाकों की संख्या बढ़ाई जाने लगी है।

जम्मू में भी विभिन्न इलाकों में पुलिस व अर्धसैनिकबलों की गश्त बढ़ाई गई है। रेलवे स्टेशन और बस अड्डों की सुरक्षा बढ़ाने के साथ शहर में आने जाने के रास्तों पर भी नाकों की संख्या बढ़ाने के आदेश जारी किए गए हैं। आईबी और एलओसी पर भी चौकसी बढ़ाते हुए स्थानीय लोगों को भी किसी संदिग्ध को देखते ही निकटवर्ती सुरक्षा चौकी में सूचित करने के लिए कहा गया है।

## पीटीआई विदेशी फंडिंग मामले में दोषी : पाक चुनाव आयोग

इस्लामाबाद, (वार्ता) पाकिस्तान चुनाव आयोग (ईसीपी) ने निषिद्ध फंडिंग मामले में मंगलवार को अपने सर्वसम्मत फैसले में पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) को विदेश से प्रतिबंधित धन प्राप्त करने का दोषी ठहराया।

मुख्य चुनाव आयुक्त (सीईसी) सिकंदर सुल्तान राजा के नेतृत्व वाली तीन सदस्यीय पीठ ने आज अपने फैसले में यह घोषणा की।

ईसीपी के फैसला सुनाये जाने की घोषणा से पहले फ़ाइनेंशियल टाइम्स ने अपनी रिपोर्ट में खुलासा किया है कि पीटीआई को अबराज के संस्थापक आरिफ नकवी से संबंधित वूटन क्रिकेट क्लब से धन प्राप्त हुआ था और यह धन एक चैरिटी मैच के माध्यम से अर्जित किया गया था।

एफटी रिपोर्ट ने पाकिस्तान डेमोक्रेटिक मूवमेंट (पीडीएम) को राजनीतिक सज्जा प्रदान किया और उन्होंने पीटीआई के संस्थापक सदस्य अकबर एस बाबर द्वारा 2014 में दायर किए गए मामले में फैसले की जल्द घोषणा की मांग की।रिपोर्ट के मुताबिक श्री बाबर ने श्री खान को बार-बार समझाया कि पीटीआई के कुछ शीर्ष नेता वित्तीय गड़बड़ी में शामिल थे। इसके बावजूद पीटीआई अध्यक्ष ने उनकी तरफ से आंखें मूंद लीं और अंतत: पूर्व-पीटीआई नेता ने पाकिस्तान चुनाव आयोग के समक्ष यह मामला उठाया।

## ब्राजील में एंटीवायरल दवा टेकोविरिमेट से मंकीपॉक्स संक्रमितों का इलाज

रियो डि जेनेरो (वार्ता)। ब्राजील सरकार ने मंकीपॉक्स से गंभीर रूप से संक्रमित मरीजों का उपचार एंटीवायरल दवा टेकोविरिमेट से करने की योजना बनायी है। स्वास्थ्य मंत्री मार्सेलो क्विरोगा ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि सबसे पहले गंभीर रूप से पीड़ितों का उपचार किया जाएगा। पैन अमेरिकन हेल्थ ऑर्गनाइजेशन द्वारा मध्यस्थता से ब्राजील को दवा मिलेगी, लेकिन यह अभी पक्का पता नहीं कि की उसे कितनी खुराक की आपूर्ति की जाएगी। अमेरिका में टेकोविरिमेट का उपयोग मरीज को अत्यधिक परेशानी होने पर विकल्प के रूप में दिया जाता है।

# नैंसी पेलोसी ताइवान पहुंचीं, चीन के साथ तनाव बढ़ा

ताइपे, (एपी)। अमेरिकी प्रतिनिधि सभा की स्पीकर नैंसी पेलोसी मंगलवार की रात ताइवान पहुंचीं। इसके साथ ही वह 25 साल में स्वशासित द्वीप का दौरा करने वाली अमेरिका की सर्वोच्च अधिकारी बन गई हैं। पेलोसी की यात्रा से चीन और अमेरिका के बीच तनाव बढ़ गया है।

चीन दावा करता रहा है कि ताइवान उसका हिस्सा है। वह विदेशी अधिकारियों के ताइवान दौरे का विरोध करता है क्योंकि उसे लगता है कि यह द्वीपीय क्षेत्र को संप्रभु के रूप में मान्यता देने के समान है। चीन ने धमकी दी थी कि यदि पेलोसी ताइवान की यात्रा करती हैं तो इसके गंभीर परिणाम भुगतने होंगे।अमेरिकी वायुसेना के विमान से पहुंचीं पेलोसी और उनके प्रतिनिधिमंडल का ताइवान के विदेश मंत्री जोसेफ वू ने ताइपे हवाई अड्डे पर स्वागत किया। पेलोसी के बुधवार को ताइवानी राष्ट्रपति त्सी-इंग-वेन से मिलने की उम्मीद है। उनके ताइवान पहुंचने के थोड़ी देर बाद चीन की सरकारी समाचार एजेंसी शिन्हुआ ने कहा कि चीनी सेना ताइवान के आपसपास के जलक्षेत्र में बृहस्पतिवार से रविवार तक सैन्य अभ्यास करेगी।

चीनी विदेश मंत्री वांग यी ने कहा कि ताइवान मुद्दे पर वाशिंगटन का विश्वसघात उसकी राष्ट्रीय विश्वसनीयता को नष्ट



नैन्सी पेलोसी

कर रहा है। उन्होंने एक बयान में कहा, कुछ अमेरिकी आग से खेल रहे हैं। निश्चित रूप से इसका अच्छा नतीजा नहीं होगा...अमेरिका के डराने-धमकाने वाले चेहरे ने इसे फिर से दुनिया की शांति के लिए सबसे बड़े खतरे के रूप में दिखाया है। वहीं, पेलोसी ने ताइवान पहुंचने के ठीक बाद एक बयान में कहा कि अमेरिकी प्रतिनिधिमंडल की यात्रा ताइवान के जीवंत लोकतंत्र का समर्थन करने के लिए अमेरिका की अटूट प्रतिबद्धता को दर्शाती है। उन्होंने कहा, हमारी यात्रा ताइवान पहुंचे कई कांग्रेस प्रतिनिधिमंडलों में से एक है-और यह किसी भी तरह से अमेरिका की लंबे समय से जारी नीति के विपरीत नहीं है। पेलोसी और उनके प्रतिनिधिमंडल को ले जाने वाला विमान मंगलवार को एक संक्षिप्त पड़ाव के बाद मलेशिया से रवाना हुआ। मलेशिया में उन्होंने प्रधानमंत्री इस्माइल साबरी याकूब के साथ दोपहर का भोजन किया। ताइवान के विदेश मंत्रालय ने इस बारे में टिप्पणी करने से इनकार किया था कि क्या पेलोसी यात्रा करेंगी। यात्रा की आधिकारिक तौर पर समय से पहले घोषणा नहीं की गई थी। ताइपे में ग्रैंड हयात होटल के बाहर अवरोधक लगाए गए हैं, जहां कड़ी सुरक्षा के बीच पेलोसी के रुकने की उम्मीद है। राजधानी में दो इमारतों पर एलईडी डिस्प्ले पर स्वागत शब्द लिखे गए हैं जिनमें प्रतिष्ठित ताइपे 101 इमारत भी शामिल है। स्वागत शब्दों में लिखा है,ताइवान में आपका स्वागत है, स्पीकर पेलोसी। चीन के विदेश मंत्रालय की प्रवक्ता हुआ चुनयिंग ने मंगलवार को बीजिंग में संवाददाताओं से कहा, अमेरिका और ताइवान ने उकसावे के लिए मिलीभगत की है, और चीन को आत्मरक्षा में कार्रवाई करने के लिए मजबूर किया जा रहा है।

## अल कायदा सरगना के काबुल में मारे जाने के बाद सबकी निगाहें तालिबान की ओर

इस्लामाबाद, (एपी)। अफगानिस्तान के काबुल में एक मकान पर अमेरिकी ड्रोन हमले में अल कायदा के सरगना अयमान अल जवाहिरी के मारे जाने के बाद अफगानिस्तान के तालिबानी शासकों पर अंतरराष्ट्रीय निगरानी तेज हो गई है। साथ ही इस घटना से अंतरराष्ट्रीय मान्यता मिलने के तालिबानी सरकार के प्रयासों पर भी असर पड़ेगा।

तालिबान ने अफगानिस्तान से अमेरिकी सैनिकों की पूर्ण वापसी के संबंध में 2020 में हुए दोहा समझौते में यह वादा किया था कि वह अलकायदा के आतंकवादियों को पनाह नहीं देगा। अमेरिकी सैनिकों के अफगानिस्तान से जाने के करीब एक वर्ष बाद अल जवाहिरी के मारे जाने ने 9।11 के एक मास्टरमाइंड और अमेरिका के वांछित आतंकवादी को सुरक्षित पनाहगाह मुहैया कराने में तालिबानी नेताओं की संलिप्तता के संबंध में सवाल पैदा किए हैं। जिस मकान में अल जवाहिरी मारा गया है वहां करीब ही तालिबान के कई नेता रहते हैं। तालिबान ने शुरूआत में इस हमले को अमेरिका की ओर से दोहा समझौते का उल्लंघन करने वाला दिखाने की कोशिश की। समझौते में यह भी कहा गया है कि अमेरिका पर हमले की मंशा रखने वाले को तालिबान शरण नहीं देगा। तालिबान ने अभी इस बारे में कुछ नहीं कहा है कि कौन मारा गया है।पाकिस्तान के एक खुफिया अधिकारी ने कहा, अयमान अल जवाहिरी के मारे जाने ने कई प्रश्न पैदा किए हैं। तालिबान को उसके काबुल में होने के बारे में पता था और अगर उन्हें इसकी जानकारी नहीं थी तो उन्हें अपनी स्थिति स्पष्ट करनी चाहिए। हक्कानी नेटवर्क का गठन जलालुद्दीन हक्कानी ने किया था, यह एक आतंकवादी संगठन है। सोवियत सेना के खिलाफ युद्ध के दौरान जलालुद्दीन हक्कानी अफगानिस्तान के एक विद्रोही कमांडर के रूप में उभरा था।अमेरिका के विदेश मंत्री ने अफगानिस्तान की तालिबान सरकार पर काबुल में अल कायदा प्रमुख को रखने और सुरक्षा देकर अंतरराष्ट्रीय समुदाय से की गई प्रतिबद्धताओं का उल्लंघन करने का आरोप लगाया है।वहीं तालिबान के प्रवक्ता जबीउल्लाह मुजाहिद ने अमेरिका पर दोहा समझौते का उल्लंघन करने का आरोप लगाया है। अफगानिस्तान के सरकारी टेलीविजन चैनल में एक खबर में कहा गया कि अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन ने कहा कि अल जवाहिरी मारा गया है।

## विक्रमसिंघे का निजी आवास जलाने के मामले में और तीन लोग गिरफ्तार

कोलंबो, (भाषा)। श्रीलंका में जुलाई में हुए सरकार विरोधी प्रदर्शनों के दौरान देश के राष्ट्रपति रानिल विक्रमसिंघे के निजी आवास को कथित रूप से जलाने के आरोप में और तीन लोगों को गिरफ्तार किया गया है। मीडिया में मंगलवार को आयी खबरों के अनुसार, इस मामले में अभी तक कुल सात लोगों को गिरफ्तार किया गया है। डेली मिरर अखबार की खबर के अनुसार, आपराधिक जांच विभाग ने सोमवार को पिलियांडला और मरहेनपिटा इलाकों से 18 से 22 साल आयुवर्ग के तीन संदिग्धों को गिरफ्तार किया है।




अंडर-17 विश्व कुश्ती चैम्पियनशिप में 7 स्वर्ण समेत 14 मेडल जीतने वाले खिलाड़ियों की प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भूरि-भूरि प्रशंसा की । मेडल जीतने के बाद ग्रुप फोटो खिंचवाते हुए खिलाड़ी। (छाया : एएनआई)

## दूसरों की संप्रभुता की कीमत पर आतंकवाद रोधी अभियान का करते हैं विरोध : चीन

बीजिंग, (भाषा)। चीन ने अलकायदा नेता अयमान अल जवाहिरी के अफगानिस्तान में काबुल के नजदीक अमेरिकी ड्रोन हमले में मारे जाने पर मंगलवार को सधी हुई प्रतिक्रिया दी। चीन ने कहा कि वह आतंकवाद के सभी स्वरूपों के खिलाफ है, लेकिन साथ ही आतंकवाद रोधी अभियान के दोहरे मानक और दूसरे देशों की संप्रभुता की कीमत पर इसे अंजाम देने के खिलाफ है। सेंट्रल इंटेलीजेंस एजेंसी (सीआईए) द्वारा काबुल में किए गए हमले में अल जवाहिरी के मारे जाने के बारे में पूछे जाने पर चीन की सहायक विदेश मंत्री हुआ चुनयिंग ने मीडिया को जानकारी देते हुए कहा, हमने प्रासंगिक खबरें देखी हैं। चीनी विदेश मंत्रालय की प्रवक्ता की भी जिम्मेदारी निभा रही हुआ ने कहा, चीन हमेशा से आतंकवाद के खिलाफ रहा है।

## जवाहिरी का मारा जाना इस बात का सबूत कि युद्ध के बिना भी आतंकवाद को समाप्त किया जा सकता है: ओबामा

वाशिंगटन,(भाषा)। अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति बराक ओबामा ने मंगलवार को कहा कि अल कायदा सरगना अयमान अल जवाहिरी का अमेरिकी ड्रोन हमले में मारा जाना इस बात का सुबूत है कि युद्ध के बिना भी आतंकवाद को समाप्त किया जा सकता है। पूर्व राष्ट्रपति ने इसके साथ ही अमेरिका में हुए आतंकवादी हमलों के एक मास्टरमाइंड को सजा देने और इस अभियान में किसी नागरिक के हताहत नहीं होने के लिए अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन की सराहना की। अमेरिका पर 11 सितंबर 2001 को हुए हमलों की साजिश अल-जव़ाहिरी और ओसामा बिन-लादेन ने मिलकर रची थी। ओसामा बिन-लादेन को अमेरिका ने 2011 में पाकिस्तान के ऐबटाबाद में एक अभियान में मार गिराया था। जव़ाहिरी अमेरिकी कार्वाई में ओसामा बिन-लादेन के मारे जाने के बाद अल-कायदा का सरगना बना था। अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन ने सोमवार को घोषणा की कि केंद्रीय खुफिया एजेंसी (सीआईए) द्वारा काबुल में शनिवार शाम किए गए ड्रोन हमले में जव़ाहिरी मारा गया। जव़ाहिरी काबुल स्थित एक मकान में अपने परिवार के साथ छिपा था। अधिकारियों ने बताया कि जिस वक्त मकान पर ड्रोन हमला हुआ, जवाहिरी बालकनी में खड़ा था।

## दुनिया परमाणु विनाश से महज एक कदम दूर : संरा प्रमुख

संयुक्त राष्ट्र, (एपी)। संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंतोनिया गुतारेस ने यूक्रेन युद्ध, एशिया और पश्चिम एशिया में परमाणु खतरे और तनाव के मद्देनजर चेतावनी दी है कि मानवता परमाणु विनाश से महज एक कदम की दूरी पर है।

गुतारेस की यह चेतावनी सोमवार को महामारी की वजह से, 50 साल पुरानी परमाणु अप्रसार संधि (एनपीटी) की समीक्षा के लिए देरी से हुई शुरू हुई बैठक के दौरान आई है। इस संधि में परमाणु हथियारों के प्रसार को रोकने और परमाणु मुक्त विश्व बनाने का लक्ष्य रखा गया है। गुतारेस और अन्य वक्ताओं के साथ-साथ अमेरिका, जापान, जर्मनी ने भी परमाणु हथियारों से होने वाले विनाश के खतरे से आगाह किया। कई वक्ताओं की ओर से आलोचना के शिकार हुए रूस ने सोमवार को निर्धारित समय में अपना संबोधन नहीं दिया और उसके मंगलवार को अपना रुख रखने की उम्मीद है। इस बैठक को चीन मंगलवार को संबोधित करेगा। अमेरिकी विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन ने कहा कि उत्तर कोरिया सातवें परमाणु परीक्षण की तैयारी कर रहा है, ईरान वर्ष 2015 में हुए परमाणु समझौते को या तो स्वीकार करने के लिए अनिच्छुक है या उसे लागू करने में असफल है, जिसमें उसे परमाणु हथियार प्राप्त करने से रोकने का प्रावधान है, वहीं रूस अधांधुध, खतरनाक और परमाणु युद्ध भड़काने में संलग्न है। उन्होंने रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन की 24 फरवरी को यूक्रेन के खिलाफ सैन्य कार्वाई के बाद दी गई चेतावनी का हवाला दिया,जिसमें कहा गया कि किसी भी तरह के हस्तक्षेप की कोशिश के घातक नतीजे होंगे।

जापान के प्रधानमंत्री फुमियो किशिदा ने कहा कि वर्ष 2015 की समीक्षा बैठक के बाद से ही दुनिया में विभाजन की स्थिति कहीं अधिक गंभीर हो गई है जिसकी वजह से सहमति से कोई दस्तावेज तैयार नहीं हो सकता है। उन्होंने कहा कि रूस द्वारा यूक्रेन युद्ध में परमाणु हथियार के इस्तेमाल के खतरे से पूरी दुनिया में चिंता है और परमाणु हथियार के इस्तेमाल से एक और आपदा वास्तविक खतरा है। जर्मनी की विदेश मंत्री एनालेना बेरबॉक ने कहा कि मॉस्को द्वारा अपने छोटे पड़ोसी पर हमले के बाद से अंधाधुंध परमाणु हमले को लेकर की जा रही बयानबाजी ने गत पांच दशक से एनपीटी के जरिये हासिल उपलब्धि को खतरे में डाल दिया है। उन्होंने कहा, हमारा मानना है कि परमाणु युद्ध कभी जीता नहीं जा सकता और कभी नहीं लड़ा जाना चाहिए। हम विश्व समुदाय के प्रत्येक सदस्य के लिए समान और व्यक्तिगत सुरक्षा के साथ खड़े हैं।